CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 06-01-2026 23:39 Color:

नई दिल्ली > मंगलवार, 2 जून 2026 > ज्येष्ठ 12 शक संवत 1948 ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 129 > पेज 14 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स




RCB के जश्न में विराट और अनुष्का के साथ बाकी प्लेयर्स भी परिवार के साथ शामिल हुए।



# IPL में बेंगलुरु का रॉयल राज

**अहमदाबाद से लाइव**
Abhishek.Upadhyay1 @timesofindia.com

**फॉलोअर्स के** मामले में सबसे आगे रहने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के शुरुआती 17 साल खिताबी रेस में 'जीरो' के बोर्ड के साथ दौड़ लगाती रही। पिछले दो सीजन में समीकरण बदल गए हैं। RCB के प्रदर्शन का ग्राफ ऊपर उठा है। उसने जिस दबदबे वाले प्रदर्शन के साथ लगातार दूसरी बार IPL खिताब पर कब्जा जमाया, वह यही दर्शाता है कि IPL में 'रॉयल राज' का दौर आ चुका है। IPL 2026 में RCB की खिताबी **जीत की ये हैं कुछ अहम वजह:**

**विराट का नया रूप**
विराट कोहली ने लगातार चौथे सीजन 600 से अधिक रन बनाना। उनका नया अंदाज भी दिखा। उन्होंने तेजी से रन बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने लगभग हर दूसरी गेंद पर बाउंड्री लगाने का प्रयास किया और पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी की। कोहली ने शुरुआती छह ओवरों में 175 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस चरण में 200 से अधिक रन बनाने वाले 16 अन्य बल्लेबाजों में केवल पांच ही उनसे बेहतर स्ट्राइक रेट रख सके। इस सीजन का समापन भी उन्होंने अपने IPL करियर के सबसे तेज अर्धशतक (25 बॉल) से किया।

**कप्तान के साथ दमदार बल्लेबाज:** RCB के कप्तान रजत पाटीदार ने ना सिर्फ एमएस धोनी और रोहित शर्मा के साथ लगातार दो बार IPL खिताब जीतने वाले चुनिंदा कप्तानों की सूची में जगह बनाई, बल्कि बल्लेबाज के रूप में भी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शुमार करने का मजबूत दावा पेश किया। उनके 42 से अधिक छक्के केवल वैभव सूर्यवंशी (72) और अभिषेक शर्मा (43) ने लगाए। उन्होंने 192.69 स्ट्राइक रेट से 500 प्लस रन बनाए।



**रंग में लौटे भुवी:** एक दशक पहले भुवनेश्वर कुमार ने लगातार दो सीजन पर्पल कैप जीतने का सिलसिला शुरू किया था। अब कई वर्षों बाद भुवनेश्वर ने RCB को लगातार दो IPL खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई और कुल 28 विकेट के साथ रेकॉर्ड तीसरी पर्पल कैप जीतने के बेहद करीब पहुंचे। उन्होंने पावरप्ले में 17 विकेट चटकाए और इस दौरान उनकी इकॉनमी रेट सात रन प्रति ओवर से भी कम रही। वहीं डेथ ओवरों में उन्होंने नौ विकेट हासिल किए।

**कॉम्बिनेशन पर विश्वास:** टीम की सफलता के पीछे मैनेजमेंट और कप्तान द्वारा प्लेयर्स की भूमिका पर विश्वास जताया जाना भी रहा। RCB ने इस सीजन सिर्फ 16 प्लेयर्स को ही अपने प्लेइंग इलेवन में आजमाया। यानी उसने अपने कॉम्बिनेशन के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की। कुछ जरूरी बदलाव इंजरी की वजह से हुए। ▸▸ पेज 12

## फटाफट खबरें

### मध्यप्रदेश में जल्द लागू होगा UCC

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता (UCC) लागू की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय समिति राज्य में यूसीसी लागू करने के लिए धर्मगुरुओं की राय लेगी।


मोहन यादव

### लू के बीच मुफ्त मिलेगा पानी

भीषण गर्मी और लू को देखते हुए एनडीएमसी ने बड़ा फैसला लिया है। वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह चहल ने घोषणा की कि 2 जून से परिषद क्षेत्र में स्थापित सभी 38 वाटर एटीएमों से लोगों को निःशुल्क पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। अभी तक 23 वाटर एटीएमों पर 300 मिलीलीटर पानी के लिए एक रुपये का शुल्क लिया जाता था।

### चाकूबाजी में युवक की जान गई

मॉडल टाउन की एमसीडी कॉलोनी में रविवार रात दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले साहिल (25) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मामूली कहासुनी के बाद लालबाग निवासी युवक ने हमला किया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ▸▸ पेज 5

# साकेत पर HC ने चेताया था, अब ऐक्शन में MCD

**21 जनवरी:** अदालत ने जांच का दिया था आदेश | **30 मई:** सैदुलाजाब में धराशायी हुई इमारत | **6 बिल्डिंग:** MCD ने दिया सील करने का नोटिस

■ प्राची यादव, राजेश सरोहा, अश्विनी शर्मा, नई दिल्ली

**साकेत के** सैदुलाजाब में 30 मई को बहुमंजिला इमारत गिरी, लेकिन कई महीने पहले ऐसे खतरे को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने आगाह किया था। साथ ही जांच और सर्वे का आदेश दिया था।

21 जनवरी को हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका (PIL) पर सुनवाई की थी। इसमें सैदुलाजाब, पर्यावरण कॉम्प्लेक्स और फ्रीडम फाइटर कॉलोनी में बेरोकटोक हो रहे अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ तत्काल दखल की मांग की गई थी। कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा था कि MCD को पहले कई बार शिकायतें मिलने के बावजूद बढ़ते कंक्रीट के विशाल ढांचों को रोकने के लिए शायद ही कुछ किया गया है। कोर्ट ने जांच करने के लिए एडवोकेट कमिश्नरों की नियुक्ति की थी।

उधर, MCD ने सैदुलाजाब में अवैध निर्माण के खिलाफ ऐक्शन शुरू कर दिया है। 6 बिल्डिंग को सीलिंग नोटिस जारी किया है। बिल्डिंगों को खाली करने के लिए 72 घंटे का समय दिया गया है। बिल्डिंग खाली होते ही इन्हें सील कर दिया जाएगा। ▸▸ पेज 2


**राहत बचाव** अभियान सोमवार को भी जारी रहा। दो घायल ICU में हैं।

### 24 घंटे में हादसे की मांगी गई रिपोर्ट

**MCD कमिश्नर** ने सैदुलाजाब हादसे में साउथ जोन के डिप्टी कमिश्नर से मंगलवार शाम तक डिटेल रिपोर्ट तलब की है। रिपोर्ट में बिल्डिंग कितनी पुरानी है, बिल्डिंग पर नया कंस्ट्रक्शन कब से चल रहा था और इसे रोकने के लिए जोनल स्तर पर क्या कदम उठाए गए यह बताने के लिए कहा है। निकट भविष्य में ऐसा हादसा न हो इस पर फोकस करने का आदेश दिया गया है। सैदुलाजाब वॉर्ड में नए निर्माण का पता करने के लिए सर्वे भी किया जा रहा है।

### हादसे के 48 घंटे बाद मालिक अरेस्ट

**सैदुलाजाब में** 5 मंजिला इमारत ढहने के दर्दनाक हादसे के 48 घंटे बाद पुलिस ने इसके मालिक करमवीर जेलदार को गिरफ्तार कर लिया है। 71 साल के आरोपी को पुलिस ने वसंत कुंज इलाके से दबोचा। हालांकि मामले के दो अन्य आरोपी बिल्डर मनीष खत्री और ठेकेदार शिराज अभी भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पुलिस की कई टीमें अलग-अलग राज्यों में लगातार छापेमारी कर रही हैं। पूछताछ में यह सामने आया है कि हादसे के तुरंत बाद करमवीर घटनास्थल पर पहुंचा था, लेकिन बाद में वह भी भूमिगत हो गया। पुलिस ने इस साल मार्च में दो बार अवैध निर्माण को लेकर MCD को लिखा था।

**71 साल का आरोपी इमारत गिरने के बाद मौके पर पहुंचा था**

### इंपोर्ट का सहारा, GST में बढ़ोतरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: : इंपोर्ट से टैक्स कलेक्शन में उछाल के दम पर मई में कुल GST कलेक्शन सालभर पहले से 3.2% बढ़कर 1,94,184 करोड़ रुपये रहा। हालांकि अप्रैल में यह 2.43 लाख करोड़ रुपये के साथ अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। घरेलू राजस्व 2.6% घटकर 1,34,530 करोड़ रुपये रहा। ▸▸ पेज 11

### कमर्शल LPG की कीमत ₹42 बढ़ी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: 19 किलोग्राम वाले कमर्शल एलपीजी सिलिंडर की कीमत में सोमवार को 42 रुपये की बढ़ोतरी की गई। दिल्ली में इसकी नई कीमत 3,113.50 रुपये प्रति सिलिंडर हो गई है, जो पहले 3,071.50 रुपये थी। पांच किलोग्राम वाले छोटे गैस सिलिंडर की कीमत भी 11 रुपये बढ़कर 821.50 रुपये हो गई है।



### विदेशी उड़ानों के लिए फ्यूल सस्ता

■ पीटीआई, नई दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालित करने वाली विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में सोमवार को 27 प्रतिशत की भारी कटौती की गई। इसके कारण इन्हें बड़ी राहत मिलेगी। हालांकि, घरेलू कंपनियों के लिए एटीएफ दरों में लगातार दूसरे महीने कोई बदलाव नहीं किया गया।

**शिक्षा मंत्रालय ने मांगा जवाब**

# CBSE के डिजिटल सिस्टम पर उठे सवाल, अब ऐक्शन की तैयारी

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** CBSE का ऑन स्क्रीन मार्किंग (OSM) प्रयोग 12वीं के छात्रों के लिए एक बुरा सपना साबित हो रहा है। आंसर- शीट से लेकर री-वैल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) की प्रक्रिया को भी संभालने में सीबीएसई नाकाम साबित होती दिख रही है। वहीं अब शिक्षा मंत्रालय भी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि CBSE में बड़े अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। महत्वपूर्ण है कि शिक्षा मंत्रालय ने एक विवादित टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और बोर्ड के डिजिटल मूल्यांकन सिस्टम में गंभीर कमियों को लेकर आंतरिक जांच शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि सीबीएसई ने डिजिटल मूल्यांकन से जुड़े टेंडर मुद्दे पर अब तक जो सफाई दी थी, उससे सरकार पूरी तरह संतुष्ट नहीं है, इसलिए बोर्ड के ऑन स्क्रीन मार्किंग यानी ओएसएम सिस्टम से जुड़ी खरीद प्रक्रिया पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। ▸▸ पेज 4

**OSM टेंडर विवाद पर भी सवालों के घेरे में है सीबीएसई**



**शिक्षा मंत्रालय** ने बोर्ड के डिजिटल मूल्यांकन सिस्टम में कमियों को लेकर जांच शुरू की।

### पोर्टल गड़बड़ी मामले में कार्रवाई के संकेत

**रीवैल्यूएशन पोर्टल** में जिन सुरक्षा खामियों की बात उठी थी, उनकी भी जांच का आदेश हुआ है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने साफ कहा कि कार्रवाई होगी और जिम्मेदारी तय की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है जो इसके लिए जवाबदेह हैं। जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### पोर्टल को लेकर दिन भर परेशान रहे छात्र

**CBSE** की ओर से यह दावा किया गया कि 1 जून से रीवैल्यूएशन पोर्टल शुरू हो जाएगा। जिन 4 लाख छात्रों ने अपनी आंसर शीट की स्कैन कापी हासिल की है, वे अब वेरिफिकेशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। क्वेश्चन के हिसाब से रीवैल्यूएशन हो सकेगा। लेकिन पोर्टल को लेकर छात्र परेशान रहे, तकनीकी दिक्कतें बरकरार रही हैं। छात्रों के पास आंसर शीट आ चुकी है और अब उन्हें तय करना है कि वे कौन से क्वेश्चन को मूल्यांकन करना चाहता है। सीबीएसई ने उस पोर्टल को लेकर बड़ी तैयारी करने का दावा किया था। कहा जा रहा था कि पोर्टल को लॉन्च करने से पहले सिक्योरिटी ऑडिट होगा, परफॉर्मेंस ऑडिट हो। लेकिन अभी छात्रों की समस्याएं बरकरार हैं।

**आंसर शीट मिली, लेकिन पोर्टल ने बढ़ाई चिंता**

**खबरों के अंदर की बात**

NBT Lens

देखें पेज 5 और 8

**हैपी मॉर्निंग**

**पत्नी पति से:** सुनते हो, पड़ोस की पिंकी को मैथ्स में 100 में से 99 नंबर मिले हैं।
**पति:** अच्छा, तो 1 नंबर कहां गया?
**पत्नी:** वो अपना बेटा लेकर आया है।

**अर्थसार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,267.34 (-508.40) |
| निफ्टी | 23,382.60 (-165.15) |
| रु/यूएस डॉलर | 94.89 (-0.49) |
| रु/यूरो | 110.58 (-0.52) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| **सोना स्टैंडर्ड** (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,60,400 (-2,500) |
| **चांदी .999 टंच प्रति किलो** | |
| दिल्ली | ₹2,69,700 (-5,000) |

स्रोत: ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन

**मौसम**

न्यूनतम तापमान 24.9°
36.3° अधिकतम तापमान
सूर्यास्त 7:14 मंगलवार | सूर्योदय 5:24 बुधवार
आज और कल मौसम शुष्क रहेगा। उमस वाली गर्मी रहेगी।

# US ने ईरान के रेडार-ड्रोन ठिकानों पर हमला किया

■ एपी, दुबई

**अमेरिका ने** सोमवार को कहा है कि उसने ईरान के रेडार और ड्रोन ठिकानों पर हवाई हमले किए। अमेरिकी सेना के अनुसार, यह कार्रवाई उस घटना के जवाब में की गई, जिसमें ईरान ने एक अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराया था। इसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई का दावा किया।

ईरान का कहना है कि उन पर हो रहे हमलों के जवाब में उन्होंने अमेरिका के क्षेत्रीय ठिकानों को निशाना बनाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने तर्क दिया कि आत्मरक्षा के कानूनी अधिकार के तहत कार्रवाई की गई। इस बीच कुवैत ने कहा कि उस पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए गए। उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने कार्रवाई शुरू कर दी। ▸▸ पेज 14



इस्राइल ने लेबनान पर हमले किए।

### ईरान ने बातचीत रोकी

**ईरान ने** लेबनान में हिज्बुल्ला पर इस्राइली हमलों के विरोध में मध्यस्थों के जरिए अमेरिका के साथ चल रही अप्रत्यक्ष बातचीत रोक दी है। तेहरान ने लेबनान और गाजा में इस्राइली सैन्य कार्रवाई समाप्त होने तक वार्ता बहाल न करने की बात कही है।

# JEE अडवांस्ड में शुभम बने टॉपर, लड़कियों में आरोही सबसे आगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**IIT और** दूसरे प्रमुख इंजिनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए JEE अडवांस्ड 2026 में क्वॉलिफाई करने वालों की संख्या बढ़ी है। कटऑफ में भी भारी इजाफा हुआ है। दिल्ली जोन से परीक्षा देने वाले शुभम कुमार ने 360 में से 330 नंबर लाकर टॉप किया है। लड़कियों में अरोही देशपांडे ने 280 स्कोर के साथ टॉप किया है। आरोही भी दिल्ली जोन से हैं। टॉप 10 में दिल्ली जोन से 5 टॉपर हैं। कबीर छिल्लर दूसरे और जतिन चाहर तीसरे नंबर पर हैं। 10 हजार से ज्यादा लड़कियों ने इस बार एग्जाम पास किया है।

JEE अडवांस्ड के लिए 179694 ने एग्जाम दिया और रेकॉर्ड 56880 पास हुए। मंगलवार से जॉइंट सीट एलोकेशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।




**179694** ने एग्जाम दिया था
**56880** स्टूडेंट्स पास हुए
■ आज से जॉइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी
■ अब तक सबसे ज्यादा स्टूडेंट्स ने किया क्वॉलिफाई, कटऑफ मार्क्स में भी हुई भारी बढ़ोतरी

### टॉपर बोले, फोन से बनाई थी दूरी


शुभम कुमार

**बिहार के** गया जी के रहनेवाले टॉपर शुभम कुमार ने कहा, 'मैं पिछले दो साल से JEE अडवांस्ड की तैयारी कर रहा था। मुझे उम्मीद थी कि मेरी मेहनत अच्छी रैंक दिलाएगी।' उन्होंने बताया कि वह रोज करीब 6-8 घंटे खुद पढ़ाई करते थे। पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया और फोन से दूरी बनाए रखी। फोन को जरूरत के लिए ही इस्तेमाल करता था। कमजोर विषयों पर अधिक ध्यान दिया। ▸▸ पेज 8

# CUET-UG के छूटे छात्रों को 6-7 जून को दूसरा मौका

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**CUET-UG** 2026 की परीक्षा 31 मई तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की गई, जिसमें 75 से 80% तक उपस्थिति दर्ज की गई। हालांकि करीब 62 हजार अभ्यर्थी विभिन्न कारणों से परीक्षा नहीं दे सके। ऐसे छात्रों के लिए 6 और 7 जून को परीक्षा आयोजित की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, दोनों दिन एक-एक शिफ्ट में परीक्षा होगी। इनमें 28 मई को बकरीद (ईद-उल-जुहा) के कारण स्थगित हुई परीक्षा के करीब 58 हजार अभ्यर्थी शामिल हैं। लगभग 3,700 छात्र 30 मई को तकनीकी खामी के कारण परीक्षा नहीं दे पाए थे। उस दिन परीक्षा शुरू होने में दो घंटे की देरी हुई थी।

**दोनों दिन एक-एक शिफ्ट में परीक्षा होगी**

**जांच ने लिया नया मोड़** चोटों के निशान, अस्पताल ले जाने में देरी और घटनाक्रम को लेकर पति और सास से पूछे गए कई सवाल

# त्विषा जैसी कद-काठी वाली डमी से CBI ने मौत की रात का मंज़र दोहराया, पूछताछ जारी

Vishal.Sharma3
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** त्विषा शर्मा मौत मामले की जांच में सोमवार को अहम मोड़ आया, जब सीबीआई की टीम फरेंसिक विशेषज्ञों के साथ भोपाल स्थित घर पहुंची। जांच एजेंसी ने पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह की मौजूदगी में 12 मई की रात के घटनाक्रम का सीन रीक्रिएशन कराया।

सूत्रों के अनुसार, त्विषा जैसी कद-काठी और वजन वाली डमी का इस्तेमाल कर घटनास्थल की परिस्थितियों को दोबारा परखा गया। जांचकर्ताओं ने दोनों आरोपियों से घटनाक्रम को क्रमवार दोहराने को कहा और उनके बयानों का फरेंसिक तथ्यों से मिलान किया। इस दौरान मौत से पहले और बाद की गतिविधियों, सूचना देने में हुई देरी, अस्पताल ले जाने के निर्णय और अन्य परिस्थितियों को लेकर भी सवाल पूछे गए। जांच एजेंसी शरीर पर मिले चोटों के निशानों की भी पड़ताल कर रही है।

■ छत पर तीन घंटे तक रिक्रिएशन और आरोपियों से लगातार पूछताछ
■ CBI की टीम फरेंसिक एक्सपर्ट के साथ घर में दाखिल हुई
■ जांच एजेंसी शरीर पर मिले चोटों के निशानों की भी पड़ताल कर रही है
■ घटना की रात वास्तव में क्या हुआ था, इस पर सीबीआई का फोकस



### जांच के केंद्र में कई सारे सवाल

**सीबीआई अब** कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की पड़ताल कर रही है। इनमें त्विषा को सबसे पहले किसने देखा, उसे नीचे उतारने की प्रक्रिया क्या थी, पुलिस को सूचना कब दी गई और चिकित्सा सहायता लेने में क्या कदम उठाए गए, जैसे सवाल शामिल हैं। जांच एजेंसी इन तथ्यों की तुलना तकनीकी, फरेंसिक और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों से कर रही है। ▸▸ पेज 8

# केस खत्म तो नाम से नहीं खोजे जा सकेंगे फैसले

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली





**दिल्ली हाई** कोर्ट ने कहा है कि 'भूल जाने का अधिकार' (Right to be Forgotten) लोगों के निजता के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। यानी अगर कोई व्यक्ति किसी मामले में बरी हो चुका है या उसका कानूनी विवाद खत्म हो गया है, तो वह अपने नाम से जुड़ी पुरानी जानकारी को इंटरनेट पर हमेशा दिखाए जाने का विरोध कर सकता है।

जस्टिस सचिन दत्ता ने कहा कि डिजिटल दौर में इंटरनेट पर आई जानकारी वर्षों तक बनी रहती है। इससे लोगों के निजी और पेशेवर जीवन पर बुरा असर पड़ सकता है। लोगों को यह अधिकार होना चाहिए कि उनका अतीत उनका पीछा न करे। निजता और पारदर्शिता के बीच संतुलन बनाने के लिए कोर्ट ने ऑनलाइन जुडिशल रेकॉर्ड में व्यक्तिगत पहचान छिपाने की रूपरेखा तैयार की। निर्देश के तहत नाम और खास पर्सनल डिटेल्स ही छिपाई जाएंगी। सर्च इंजन को नाम आधारित खोजों से फैसलों को हटाना होगा।

# दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य ढांचे में बड़ा फेरबदल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली सरकार ने केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) को मजबूत बनाने के लिए 40 से अधिक मेडिकल, पैरामेडिकल और प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों का ट्रांसफर किया है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए उठाया गया। तबादलों में 10 डॉक्टर, 19 पैरामेडिकल और 10 प्रशासनिक कर्मचारी शामिल हैं। कई अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों से 12 चिकित्सा अधिकारियों को सीपीए में तैनात किया गया है।


रेखा गुप्ता

दिल्ली महानगर

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 2 जून 2026



फुटपाथों पर कब्जे से परेशान दिल्ली, हाई कोर्ट ने संभाली कमान। चीफ सेक्रेटरी ने आज बुलाई आपात बैठक -p5

भारत-US ट्रेड डील 99% फाइनल। पीयूष गोयल ने कहा, अधिकतर बातों पर दोनों देशों में बन चुकी है सहमति -p 11



105 रहा सोमवार को दिल्ली का AQI। दो दिन बाद फिर बढ़ा प्रदूषण

36.3 डिग्री रहा अधिकतम तापमान सोमवार को दिल्ली का। सामान्य से 3.7 डिग्री कम।



# गिरफ्तारी हुई, पर जवाबदेही पर सवाल



सैदुलाजाब हादसा

**80-90 ट्रक मलबा** अब तक राहत कार्य में हटाया गया, 400 वर्गगज में बनी बिल्डिंग का मलबा साफ करने के लिए कई जेसीबी मशीनें लगाई हुई हैं

## बिल्डिंग मालिक गिरफ्तार, बिल्डर-ठेकेदार अभी फरार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सैदुलाजाब में** पांच मंजिला इमारत ढहने के दर्दनाक हादसे के 48 घंटे बाद पुलिस ने इमारत के मालिक 71 वर्षीय करमवीर जेलदार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उन्हें वसंत कुंज इलाके से दबोचा। हालांकि मामले के दो अन्य आरोपी बिल्डर मनीष खत्री और ठेकेदार शिराज अभी भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें अलग-अलग राज्यों में लगातार छापेमारी कर रही हैं।

**गिरफ्तारी के लिए पुलिस अलग-अलग राज्यों में कर रही छापेमारी**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक टीम पश्चिम बंगाल में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है, जबकि दो अन्य टीमें उत्तराखंड और हरियाणा में आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। हादसे के बाद से ही बिल्डर, मालिक और ठेकेदार फरार हो गए थे। पूछताछ में यह सामने आया है कि हादसे के तुरंत बाद करमवीर घटनास्थल पर पहुंचा था, लेकिन बाद में वह भी अंडरग्राउंड हो गया।

जांच के दौरान एक और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इसी साल 3 मार्च और 10 मार्च को स्थानीय पुलिस ने संबंधित इमारत के मालिक और इलाके में चल रहे अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम (एमसीडी) को पत्र भेजा था। इतना ही नहीं, पिछले तीन महीनों में पुलिस ने कई बार एमसीडी को लिखित रूप से अवैध निर्माण पर रोक लगाने और आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। सूत्रों का दावा है कि हादसे वाली इमारत का जिक्र भी इन पत्रों में किया गया था। वहीं मामले में एक शिकायतकर्ता भी सामने आया है, जिसने पहले दिल्ली पुलिस और एमसीडी को इलाके में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध निर्माण के संबंध में लिखित शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने नियमों को ताक पर रखकर खड़ी की जा रही इमारतों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने नगर निगम को पत्र लिखकर आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा था।



मलबा हटाने के दौरान उड़ती धूल को कम करने के लिए पानी का छिड़काव हो रहा

## 'HC ने जनवरी में अवैध निर्माण पर चेताया था, पर MCD ने नहीं दिया ध्यान'

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** 30 मई को सैदुलाजाब में इमारत का ढहना महज एक हादसा नहीं था, एक भयानक भविष्यवाणी का सच होना जैसा था। 21 जनवरी को दिल्ली हाई कोर्ट ने इसे लेकर पहले ही खतरे की घंटी बजा दी थी। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने पवित सिंह की ओर से दायर एक जनहित याचिका (PIL) पर सुनवाई की थी, जिन्होंने सैदुल्लाजाब, पर्यावरण कॉम्प्लेक्स और फ्रीडम फाइटर कॉलोनी में बेरोकटोक हो रहे अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ तत्काल दखल की मांग की थी। कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा था कि MCD को पहले कई बार शिकायतें मिलीं, इसके बावजूद बढ़ते कंक्रीट के इन विशाल ढांचों को रोकने के लिए उसने शायद ही कुछ किया।



**6 लोगों की मौत को लेकर उठ रहे हैं कई सवाल**

अनाधिकृत निर्माण की यह बुराई सैदुलाजाब से कहीं आगे तक फैली हुई थी। जामिया नगर के जोगाबाई गांव में, शबनम खान की एक और याचिका में 250 वर्ग गज की एक जगह का जिक्र किया गया था, जहां बिना किसी सैंक्शन बिल्डिंग प्लान के निर्माण का काम चल रहा था। MCD की इस याचिका को खारिज करवाने की कोशिशों के बावजूद कोर्ट ने इस मामले से मुंह नहीं मोड़ा और मौके पर जाकर जांच करने के लिए एडवोकेट कमिश्नरों की नियुक्ति की। जनवरी में जारी किया गया न्यायिक आदेश बिल्कुल साफ था। MCD को मैदानगढ़ी, राजपुर, छतरपुर और लाडो सराय समेत कई कॉलोनियों का पूरी तरह से सर्वे करने का आदेश दिया गया था। स्पेशल टास्क फोर्स (STF) को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि इन अवैध निर्माणों की पहचान होने के बाद वे कानून के तहत जरूरी कार्रवाई करें।

अब जब बचाव दल सैदुलाजाब में मलबे में लोगों की तलाश कर रहे हैं, तो कोर्ट की पुरानी चेतावनियां पूरे शहर को कचोट रही हैं। यह हादसा पवित सिंह जैसे नागरिकों की ओर से उठाई गई चिंताओं की एक जानलेवा पुष्टि है।

## सैदुलाजाब की 6 बिल्डिंगों को सीलिंग का नोटिस

### 72 घंटे में खाली करनी होगी बिल्डिंग: MCD

Rajesh.Saroha @timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** एमसीडी ने सैदुलाजाब में अवैध निर्माण के खिलाफ एक्शन शुरू कर दिया है। एमसीडी ने यहां की छह बिल्डिंग को सीलिंग नोटिस जारी किया है। एमसीडी के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि बिल्डिंगों को खाली करने के लिए 72 घंटे का समय दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ हादसे की गंभीरता को देखते हुए एमसीडी कमिश्नर संजीव खिरवार ने साउथ जोन के डिप्टी कमिश्नर राकेश कुमार से मंगलवार शाम तक डिटेल रिपोर्ट तलब की है। रिपोर्ट में बिल्डिंग कितनी पुरानी है, बिल्डिंग पर नया कंस्ट्रक्शन कब से चल रहा था और कंस्ट्रक्शन रोकने के लिए जोनल स्तर पर क्या कदम उठाए गए, यह सब बताने के लिए कहा है।

**साउथ जोन के डिप्टी कमिश्नर से आज शाम तक मांगी रिपोर्ट**

सैदुलाजाब हादसे के बाद साउथ जोन के बिल्डिंग विभाग के अधिकारियों ने सैदुलाजाब वॉर्ड में नए कंस्ट्रक्शन का पता लगाने के लिए सर्वे शुरू कर दिया है। जो बिल्डिंग गिरी है सबसे पहले उसके पासपास की बिल्डिंगों का ही सर्वे किया। इस दौरान छह बिल्डिंग ऐसी मिली, जहां पिछले कुछ समय के दौरान नया कंस्ट्रक्शन किया गया था।

**साउथ जोन के सभी 23 वॉर्डों का सर्वे**

■ **अधिकारियों का** कहना है कि सैदुलाजाब वॉर्ड का सर्वे पूरा होने के बाद 22 अन्य वॉर्डों का भी सर्वे होगा। सर्वे में ग्राउंड प्लस थ्री मंजिल के अलावा जहां कहीं पर भी इससे अधिक ऊंची बिल्डिंग मिलेगी या नया कंस्ट्रक्शन चलता हुआ मिलेगा उसे सीलिंग का नोटिस दिया जाएगा।

### मिला है स्पेशल प्रोटेक्शन

■ **एमसीडी** अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में 69 अनधिकृत कॉलोनियां ऐसी है जहां पैसे वाले लोग रहते हैं। एमसीडी ने इन कॉलोनियों को Affluent Section of Society (समाज का संपन्न वर्ग) में रखा हुआ है। इन कॉलोनियों में सैदुलाजाब का नाम भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इन कॉलोनियों में जून 2014 से स्पेशल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है। इसका मतलब यह है कि साल 2014 तक जो मकान या बिल्डिंग जिस कंडीशन में थी उसी कंडीशन में रहेगी। जिस दिन किसी मकान में अतिरिक्त निर्माण किया जाएगा उसी दिन से उस मकान को मिला स्पेशल प्रोटेक्शन खत्म हो जाएगा।

### मलबा हटाने का काम जारी


■ एमसीडी का दावा है कि 400 वर्गगज में बनी बिल्डिंग का मलबा साफ करने के लिए कई मशीनें लगाई है। अब तक एमसीडी मौके से 80-90 ट्रक मलबा हटाकर सीएंडडी प्लांट पर भेज चुकी है। मलबा हटाने का काम जारी है।

## एक मरीज़ वेंटिलेटर पर, 5 का इलाज जारी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** हादसे के शिकार दो घायल आईसीयू में हैं, जिसमें से एक को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। एम्स ट्रॉमा सेंटर में 5 घायलों का अभी भी इलाज चल रहा है, जिसमें से तीन की स्थिति में सुधार है। एम्स के अनुसार इस घटना के 13 घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर लाया गया था, जिसमें 5 मृत अवस्था थे, जबकि तीन को इलाज के बाद छुट्टी दी जा चुकी है। जानकारी के अनुसार, हादसे के शिकार एक घायल को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित किया गया था। यानी अब तक इस घटना में कुल 14 लोग शिकार हुए हैं, जिसमें 6 की मौत हो चुकी है, जबकि 3 को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। घटना में मारे गए सभी 6 मृतकों के पोस्टमॉर्टम हो चुके हैं।

**मारे गए सभी 6 का पोस्टमॉर्टम हो चुका है**

## बच्चों को बचाने बिल्डिंग में लौटी थीं 'मेस वाली आंटी'



**कैंटीन चलाने वाली पार्वती की बेटी नीलम** मां की मौत पर सदमे में दिखी। पार्वती ने डेढ़ साल पहले कैंटीन शुरू की थी।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**साकेत मेट्रो** स्टेशन के पास एक छोटी-सी मैस... टिन की छत, कुछ टेबल-कुर्सियां, दाल-चावल, सब्जी, पराठे और चाय। देखने में यह दिल्ली की हजारों दूसरी खाने-पीने की जगहों जैसी ही थी। लेकिन यहां आने वाले स्टूडेंट्स के लिए यह जगह अलग थी और इसकी वजह थीं पार्वती ओझा। ज्यादातर स्टूडेंट्स को उनका पूरा नाम भी नहीं पता था। सब उन्हें सिर्फ 'मैस वाली आंटी' कहते थे।



कैंटीन चलाने वाली पार्वती

दिल्ली में मेडिकल, इंजीनियरिंग और दूसरी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले कई स्टूडेंट्स रोज यहां खाना खाते थे। घर से दूर रहने वाले इन बच्चों के लिए पार्वती सिर्फ खाना परोसने वाली महिला नहीं थीं। वह उनका हाल पूछती थीं, देर से आने पर भी खाना खिलाती थीं और कई बार पैसे न होने पर भी किसी को भूखा नहीं लौटाती थीं। उनकी दुनिया बहुत बड़ी नहीं थी। इसी छोटी-सी मैस से परिवार चलता था। लेकिन दिल इतना बड़ा था कि महंगाई बढ़ने पर भी उन्होंने खाने की कीमत बढ़ाने से इनकार कर दिया था।

पार्वती के देवर हरि बताते हैं कि जब गैस सिलेंडर, तेल और राशन के दाम बढ़े तो आसपास के कई ढाबों ने अपने रेट बढ़ा दिए। लेकिन वह हमेशा एक ही बात कहती थीं, 'ये बच्चे अपने मां-बाप से दूर रहकर पढ़ रहे हैं। पता नहीं कितनी मुश्किल से घर वाले पैसे भेजते होंगे। हम थोड़ा कम कमा लेंगे तो क्या फर्क पड़ जाएगा।'

शायद यही वजह थी कि उनकी मैस सिर्फ खाने की जगह नहीं रही। वह छात्रों के लिए घर का एक छोटा-सा हिस्सा बन गई थी। यहां जन्मदिन मनते थे, चाय पर लंबी बातें होती थीं और परीक्षा के तनाव के बीच कुछ पल सुकून के मिल जाते थे। मेडिकल स्टूडेंट लोकेश बताते हैं कि कई बार पीजी का किराया और दूसरे खर्च देने के बाद उनके पास पैसे नहीं बचते थे। ऐसे समय में पार्वती कहती थीं, 'बेटा, पैसे बाद में दे देना। पढ़ाई पर ध्यान दो।' यह कहते हुए आज भी उनकी आंखें भर आती हैं।

### फिर वो शाम आई, जब सब कुछ बदल गया...

■ **सैदुलाजाब में** जिस इमारत के पास मैस थी, वहां अचानक तेज कंपन महसूस होने लगा। हर कोई अपनी जान बचाने के लिए बाहर भाग रहा था। उनकी बेटी नीलम बताती हैं कि उस वक्त ऐसा लग रहा था जैसे भूकंप आ गया हो। लोग चीख रहे थे और इधर-उधर भाग रहे थे। पार्वती भी सुरक्षित बाहर आ चुकी थीं। लेकिन तभी उनकी नजर मैस और उसके आसपास मौजूद उन छात्रों पर पड़ी, जो रोज उनके यहां खाना खाते थे। नीलम कहती हैं, 'मां बाहर आ गई थीं। लेकिन फिर बोलीं कि बच्चे अंदर हैं, उन्हें निकालना है।' वह वापस लौट गईं। शायद इसलिए कि उनके लिए वो बच्चे ग्राहक नहीं थे, वे उनके 'बच्चे' थे।

**मां बाहर आ गई थीं। फिर बोलीं कि बच्चे अंदर हैं, उन्हें निकालना है। वह वापस लौट गईं। - *नीलम***

घटना के वक्त मौजूद लोगों के मुताबिक, वह लोगों को बाहर निकलने के लिए आवाज दे रही थीं। लेकिन कुछ ही सेकंड बाद पूरी इमारत भरभराकर गिर गई। उस मलबे के नीचे पार्वती भी दब गईं। आज उनकी बेटी नीलम का दर्द सिर्फ मां को खोने का नहीं है। वह मानती हैं कि समय रहते कार्रवाई होती तो शायद कई जानें बच सकती थीं। उधर, परिवार के लिए यह सिर्फ एक सदस्य की मौत नहीं है। हरि कहते हैं कि नौ लोगों का परिवार इसी मैस की कमाई पर निर्भर था।

मैस में खाना खाने आने वाले स्टूडेंट्स के लिए यह उस इंसान को खोने जैसा है, जिसने दिल्ली जैसे बड़े और बेगाने शहर में उन्हें घर का एहसास दिया था। बहुत से छात्र आगे चलकर डॉक्टर बनेंगे, इंजीनियर बनेंगे, बड़े पदों पर पहुंचेंगे। लेकिन उनकी सफलता की कहानी में एक किरदार हमेशा रहेगा, एक ऐसी महिला, जो खुद सुरक्षित बाहर निकल आई थी, लेकिन अपने 'बच्चों' को बचाने के लिए वापस लौट गई और फिर कभी लौटकर नहीं आई।

## कपिल को थी भाभा रिसर्च सेंटर में जॉब की उम्मीद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**शनिवार दोपहर** तक सब कुछ सामान्य था। 28 साल के कपिल शर्मा ने हमेशा की तरह सैदुलाजाब की अपनी पसंदीदा कैंटीन में खाना खाया। कैंटीन के मालिक शैलेंद्र सिंह से हंसते हुए कहा, 'अंकल, इस बार पैसे एक जून को ही दे दूंगा। यह कोई असामान्य बात नहीं थी। कपिल अक्सर महीने के अंत में हिसाब चुकाते थे। आंसू पोंछते हुए भरी हुई आवाज में वह कहते हैं, किसी ने नहीं सोचा था कि यह बातचीत उसकी आखिरी बातचीतों होगी।

**अच्छा इंटरव्यू जाने पर दोस्तों संग सेलिब्रेट कर रहे थे ढाबे पर**

सैदुलाजाब में 'चाय शाय बिरयानी' नाम से कैंटीन चलाने वाले शैलेंद्र सिंह की आंखें कपिल का जिक्र करते हुए भर आती हैं। वह बताते हैं कि कपिल उनके यहां रोजाना खाना खाते थे। हर महीने कपिल 28 तारीख को पैसे दे देते थे। इस बार बोला था कि अंकल, एक जून को पैसे दे दूंगा। हादसे वाले दिन भी उसने यहीं खाना खाया था। फिर शाम को दोस्तों के साथ रोल खाने चले गए।

### कुछ दिन पहले ही मुंबई से लौटे थे

**वहीं, कपिल** के दोस्तों के मुताबिक वह कुछ दिन पहले ही मुंबई से लौटे थे। वहां उन्होंने भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर (BARC) में इंटरव्यू दिया था। इंटरव्यू अच्छा गया था और उन्हें उम्मीद थी कि जल्द कोई अच्छी खबर मिलेगी। शनिवार शाम वह अपने 5 दोस्तों के साथ इसी खुशी में पास के ढाबे पर गए थे। लेकिन 5 मंजिला इमारत भरभराकर नीचे गिर गई।

वहीं, हादसे में जान गंवाने वालों में आलोक भी शामिल थे। वह पिछले दिसंबर से न्यू माही लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे थे। लाइब्रेरी के मैनेजर अभिषेक बताते हैं कि आलोक उन स्टूडेंट्स में थे, जिन्हें देखकर लगता था कि सफलता सिर्फ समय की बात है। वह रोज 10 से 12 घंटे पढ़ाई करते थे। सुबह आते थे और देर रात तक किताबों में डूबे रहते थे।

## सैदुलाजाब में थम गई सपनों की रफ्तार, चारों ओर पसरा सन्नाटा

### इमारत गिरने के बाद से स्टूडेंट्स में फैला डर का माहौल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सैदुलाजाब की** गलियां आम दिनों में कभी शांत नहीं रहती थीं। सुबह लाइब्रेरी की ओर जल्दी-जल्दी जाते स्टूडेंट्स, चाय की दुकानों पर कटऑफ और परीक्षा की चर्चा, पीजी के बाहर खड़े युवाओं के समूह और देर रात तक पढ़ाई में डूबे चेहरे यहां की पहचान रहे हैं लेकिन शनिवार शाम हुए हादसे ने पूरे इलाके की तस्वीर बदल दी है। अब यहां किताबों और करियर से ज्यादा हादसे और सुरक्षा की चर्चा हो रही है।

**करियर से ज्यादा हादसे और सुरक्षा पर हो रही चर्चा**

सोमवार को घटनास्थल के आसपास का माहौल सन्नाटों से भरा हुआ था। आमतौर पर स्टूडेंट्स और लोकल लोगों से भरी रहने वाली गलियां लगभग खाली थीं। सड़कों पर पुलिस, एनडीआरएफ, दमकल विभाग और अन्य एजेंसियों की गाड़ियां नजर आ रही थीं। मलबे के बीच राहतकर्मी जुटे थे और दूर खड़े लोग हर गतिविधि पर नजर रखे हुए थे। दिल्ली पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। हादसा की जगह की ओर जाने वाले रास्ते अब भी बंद हैं।



सोमवार को घटनास्थल के आसपास का माहौल सन्नाटों से भरा हुआ था। स्टूडेंट्स और लोकल लोगों से भरी रहने वाली गलियां लगभग खाली थीं।

### परीक्षा के साथ ही अब इमारतों की भी चिंता

बिहार से UPSC की तैयारी करने आए नरेश ने बताया कि यहां आने के बाद पहली बार इतना डर महसूस हुआ है। पहले सिर्फ परीक्षा की चिंता होती थी, अब इमारतों की सुरक्षा भी चिंता का विषय बन गई है। उन्होंने कहा कि कई स्टूडेंट्स के पैरंट्स लगातार फोन कर उनका हालचाल ले रहे हैं।

### सुरक्षित रहना भी उतना ही ज़रूरी है

मलबे के सामने खड़े आकाश ने कहा, हम यहां करियर बनाने आए थे। अब पहली बार महसूस हो रहा है कि सुरक्षित रहना भी उतना ही जरूरी है। यहां की गलियां अभी भी वही हैं, लाइब्रेरियां भी खुली हैं और कमरों में किताबें भी रखी हैं लेकिन हादसे के बाद इन गलियों की रफ्तार जैसे थम सी गई है।

## आम आदमी पार्टी ने डीसी कार्यालय का किया घेराव




साकेत बिल्डिंग हादसे के मद्देनजर **AAP** ने डीसी कार्यालय का घेराव कर उन्हें निलंबित करने की मांग की। 'आप' प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि इस गैरकानूनी बिल्डिंग के संबंध में डीसी को बार-बार शिकायतें भेजी गईं, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। डीसी की लापरवाही के कारण अवैध निर्माण जारी रहा और इसी के चलते इमारत ढह गई।

## 'किताबें, नोट्स और लैपटॉप फंसे, कैसे देंगे अब 28 जून को एग्ज़ाम?'

Uday.Jagtap @timesofindia.com

■ **सैदुलाजाब :** इमारत ढहने के बाद स्टूडेंट्स को एक तरफ दोस्तों को खोने का दर्द है, दूसरी ओर उनकी पढ़ाई बंद हो गई है। स्टूडेंट्स का सारा स्टडी मटीरियल मलबे के पास खड़ी लाइब्रेरी में है, जहां उन्हें जाने नहीं दिया जा रहा है। अब स्टूडेंट्स कमरों में बैठकर मोबाइल से पढ़ने को मजबूर हैं। जहां इमारत गिरी, उसके साइड में एक लाइब्रेरी थी। इसमें हर वक्त 200 से 300 स्टूडेंट्स पढ़ रहे होते थे। ऐसे में उनके लैपटॉप और सारा स्टडी मटीरियल लाइब्रेरी में फंस गया है। इस पूरे हिस्से को बंद कर दिया गया है।

एक छात्र ने कहा, 28 जून को फॉरेन मेडिकल ग्रैजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) है। इसको पास करने के बाद ही हम भारत में प्रैक्टिस करने के लिए एलिजिबल हो पाएंगे। सभी परीक्षा की तैयारी में लगे थे। अब तैयारी कैसे होगी और परीक्षा में पास हो भी पाएंगे या नहीं? मैंने भी किर्गिस्तान से एमबीबीएस किया है। यहां तैयारी कर रहे सभी छात्र देश के बाहर से पढ़कर आए हैं। हमारे दोस्त हमसे छिन गए और अब हमारा करियर दांव पर लगा है। पता नहीं कब मलबा हटेगा और लाइब्रेरी से हमारा सामान वापस मिल सकेगा और हमारी पढ़ाई शुरू हो सकेगी।

### दुखों का टूट पड़ा पहाड़

- लाइब्रेरी में फंसा स्टडी मटीरियल, परेशान हैं स्टूडेंट्स
- हादसे ने छीने दोस्त, लाइब्रेरी में बंद हुआ करियर
- कमरों में बैठकर मोबाइल से पढ़ने को मजबूर
- तैयारी कर रहे सभी छात्र देश के बाहर से पढ़कर यहां तैयारी करने आए हैं



मलबे से निकले लैपटॉप

### 'टेस्ट में पास हो गई थी एकता, बहुत खुश थी'

**हादसे में** जान गंवाने वाली राजस्थान की एकता के एक दोस्त ने कहा, हादसे ने उसका सबकुछ छीन लिया। उस दिन एकता मुझे मिली थी। उसने सैंपल टेस्ट दिया था, जिसमें उसके 174 नंबर आए थे। वह बहुत खुश थी और 28 जून को होने वाली परीक्षा में उसे पास होने की पूरी उम्मीद थी। लेकिन, एक पल में सारी खुशी चकनाचूर हो गई। इसी तरह आलोक हमारा दोस्त था और उसकी भी जान चली गई। हम सब सदमे में हैं और सरकार को ऐसा कदम उठाना चाहिए कि आगे ऐसे हादसे न हों।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 06-01-2026 23:02 Color:



# फसल हुई थी खराब, 50% बढ़ा मुआवज़ा

## प्रति एकड़ सहायता रकम 20 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपये की गई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली सरकार** ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए फसल नुकसान पर मिलने वाली सहायता रकम में प्रति एकड़ 50 फीसदी बढ़ोतरी की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अगस्त-सितंबर 2025 में अधिक बारिश और खेतों में जलभराव से प्रभावित किसानों को 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा देने की मंजूरी दी है। इस फैसले पर कैबिनेट ने भी मुहर लगा दी है।


**10 हजार किसानों को फायदा, 33.23 करोड़ रुपये होंगे खर्च**

मुख्यमंत्री के मुताबिक, साल 2015 में पिछली सरकार फसल नुकसान पर 20 हजार रुपये प्रति एकड़ यानी 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से सहायता रकम देती थी। अब इस रकम को बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रति एकड़ कर दिया गया है, जो 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर के बराबर है। पिछले साल अगस्त और सितंबर में हुई भारी बारिश के कारण जिन किसानों की फसल खराब हुई थी, उन्हें अब नई दरों के हिसाब से मुआवजा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार के इस फैसले से करीब 10 हजार किसानों को सीधा फायदा होगा। पिछले साल बारिश और नालों में उफान के कारण खेतों में जलभराव हुआ था, जिससे दिल्ली में कुल 10,977.44 एकड़ (करीब 4,442.41 हेक्टेयर) खेती वाले इलाके की फसल प्रभावित हुई थी। नई दरें लागू होने के बाद सरकार पर कुल 33.23 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

सरकार का कहना है कि पिछले 10 साल से अधिक समय में खेती की लागत बढ़ी है। इसे ध्यान में रखते हुए सहायता रकम बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इससे किसानों को पहले की तुलना में अधिक आर्थिक मदद मिल सकेगी। यह सहायता उन किसानों को दी जाएगी जिनकी फसलें भारी बारिश और जलभराव के कारण खराब हुई हैं। हालांकि, कंपनियों के स्वामित्व वाली जमीन, ग्राम सभा की जमीन और पक्की चारदीवारी वाले फार्म हाउस इस योजना के दायरे में शामिल नहीं होंगे।

AI Image



**दर्द पर मरहम**

- किसानों को 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा मिलेगा
- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुआवजा देने को लेकर मंजूरी दी

# DU स्टूडेंट की हत्या मामले में आरोपी शख्स दोषी करार

## 50 लाख की फिरौती मांगने की रची थी साज़िश

Shanker.Singh
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** डीयू स्टूडेंट आयुष नौटियाल के बहुचर्चित अपहरण, हत्या और फिरौती मांगने के केस में आरोपी इश्तियाक अली को कोर्ट ने दोषी ठहरा दिया है। द्वारका कोर्ट ने माना कि यह संदेह से परे साबित हो गया कि आरोपी ने ही हत्या की और उसकी फैमिली से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने की साजिश रची थी। आरोपी को भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 364 ए (फिरौती के लिए अगवा), 302 (हत्या) और 201 (सबूत मिटाने) का दोषी करार दिया। सजा पर फैसला अगली सुनवाई में होगा।

**सजा पर फैसला अगली सुनवाई में होगा**

पुलिस के मुताबिक, रामलाल आनंद कॉलेज के बीकॉम थर्ड ईयर के छात्र आयुष नौटियाल (21) कॉलेज फेस्ट में जाने की बात कह कर 22 मार्च 2018 को घर से निकले थे, जो रहस्यमय हालात में लापता हो गए। पिता को आयुष के फोन से वट्सऐप मेसेज मिले, जिनमें आंखों पर पट्टी और हाथ-पैर बंधे होने की फोटो भेजी थी। 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। फिरौती के ये कॉल्स और मेसेज 24, 26 और 27 मार्च 2018 को भी मिले। परिवार ने पालम थाने में सूचना दी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

आयुष का शव 28 मार्च 2018 को द्वारका सेक्टर-13 स्थित नाले से मिला। पालम पुलिस ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। द्वारका सेक्टर-14 स्थित मैकडॉनल्ड की फुटेज में आयुष एक दाढ़ी वाले युवक के साथ दिखा। दोनों बाद में एक कार में जाते नजर आए। युवक की पहचान इश्तियाक के रूप में हुई, जो फैशन डिजाइनिंग से जुड़ा था। पुलिस ने इसे मोहन गार्डन स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से आयुष का फोन, हथौड़ा, कार और अन्य सामान बरामद किया।



**मोटिव से ज्यादा साक्ष्य अहम**

अडिशनल सेशन जज स्वाति गुप्ता ने फैसले में कहा कि प्रॉसिक्यूशन के पेश साइंटिफिक और डिजिटल साक्ष्य, डीएनए रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और बरामदगी से साबित होता है कि आरोपी ने ही अपहरण, हत्या और सबूत नष्ट किए हैं। ऐसे मामलों में अगर परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की सीरीज पर्याप्त और विश्वसनीय हो तो सिर्फ मकसद (मोटिव) का पूरी तरह से साबित नहीं होना भी केस को कमजोर नहीं करता है।

**ऐप पर हुई थी दोनों की मुलाकात**

पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी की मुलाकात आयुष से एक ऐप पर हुई थी। 22 मार्च को उत्तम नगर के एक किराए के कमरे में मिले। इस दौरान विवाद होने पर आरोपी ने हथौड़े से हमला किया और फिर चाकू से गला काट दिया। शव की तस्वीर खींची, जिनके जरिए फिरौती मांगनी शुरू कर दी। शव को रस्सियों से बांधा, पॉलीथिन और टेप में लपेट कर कार से द्वारका के नाले में फेंक दिया। मृतक का लैपटॉप, किताबें और पहचान पत्र जला दिए।

**NBT दिल्ली उत्सव**

**क्या आप हैं दिल्ली के प्रेरणादीप?**

**नवभारत टाइम्स** एक बार फिर अपनी सालगिरह मनाने जा रहा है। एनबीटी उत्सव में इस बार भी हम दिल्ली-एनसीआर के प्रेरणादीपों का सम्मान करेंगे। अगर आपने समाज के लिए कुछ ऐसा किया है जो दूसरों को प्रेरणा दे सकता है तो अपनी कहानी और कॉन्टैक्ट डिटेल शेयर करें। अगर अपने आस-पास के ऐसे किसी शख्स को जानते हैं तो उनकी कहानी भी हमें बता सकते हैं।
**nbtreader @timesofindia.com** पर ईमेल या वट्सऐप नंबर **9220747220** पर जानकारी भेज कर सकते हैं नॉमिनेशन। आखिरी दो दिन बचे हैं आपके पास। सब्जेक्ट में लिखें **Prernadeep**

**दिल्ली की खबरों के लिए टेलिग्राम पर फॉलो करें**
**t.me/nbtdilli**

# प्रशांत विहार में गिरा क्राइम का ग्राफ

## इलाके के आदतन अपराधियों पर पुलिस रख रही है कड़ी नज़र

■ शमसे आलम, नई दिल्ली

**प्रशांत विहार** थाना एरिया में रोहिणी की सबसे ज्यादा पॉश सोसायटीज हैं। खुली सड़कें होने से चोर आसानी से गाड़ियों की चोरी कर फरार हो जाते हैं। इसके बावजूद पुलिस की सक्रियता और रणनीति की वजह से पिछले साल की तुलना में यहां का क्राइम ग्राफ नीचे आया है। डीसीपी शशांक जायसवाल की देखरेख और एसएचओ विवेकानंद की लीडरशिप में पिछले साल के मुकाबले इस बार मर्डर, रेप, किडनैपिंग, बच्चों से छेड़खानी, जबरन वसूली, चीटिंग और सड़क हादसों में भारी कमी आई है।

**NBT सुरक्षा कवच**
मिलकर बनाएं दिल्ली को ज्यादा सेफ

आंकड़े बताते हैं कि 2025 में 31 मई तक अलग-अलग मामलों में 684 केस दर्ज हुए थे। इस साल 31 मई तक 519 केस दर्ज हुए हैं। जबरन वसूली में 100 पर्सेंट कमी, पिछले साल के मुकाबले इस साल मर्डर और रॉबरी में 50 पर्सेंट की कमी आई है। वहीं, रेप में 80, स्नैचिंग में 60, जबरन वसूली में 100, चोरी में 50, सड़क हादसों में 100, किडनैपिंग में 25, बच्चों से छेड़खानी में 100 और चिटिंग में 30 पर्सेंट की कमी आई है। वहीं, प्रशांत विहार थाने में 2025 में 31 मई तक गाड़ियों की चोरी के 157 केस दर्ज हुए थे। इनमें 19 को सुलझाते हुए 11 आरोपी अरेस्ट किए गए। इस साल 31 मई तक 178 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें 37 सॉल्व कर 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**5 महीने में 165 आरोपियों को किया अरेस्ट:** पुलिस इस साल 31 मई तक मर्डर, हत्या की कोशिश, रॉबरी, रेप, स्नैचिंग, गाड़ी चोरी, चीटिंग, एनडीपीएस समेत अन्य मामलों में 165 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अलग-अलग मामलों में 519 एफआईआर दर्ज की गई हैं। जिनमें 145 केस सॉल्व किए जा चुके हैं। बाकी पर काम जारी है। पुलिस की रणनीति स्ट्रीट क्राइम की रोकथाम के लिए फुट पट्रोलिंग पर जोर है। जापानी पार्क, मेट्रो वॉक, सिटी मॉल, क्राउन प्लाजा, विभिन्न सोसायटीज के मार्गों पर बाइक पट्रोलिंग बढ़ाई गई है। पिकेटिंग को मजबूत किया गया है। क्रिमिनल्स की टैगिंग कर निगरानी की जा रही है। जमानत पर आए बदमाशों को लगातार चेक किया जा रहा है और उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। एक्टिव क्रिमिनल्स के खिलाफ इलाका बदर की कार्रवाई की जा रही है।

**CCTV से बदमाशों पर निगरानी**

■ **मुख्य सड़कों** और भीड़-भाड़ वाले इलाके में पुलिस ने 10 ANPR कैमरे लगाए हैं। 165 वाई-फाई कैमरे लगाए गए हैं। 3000 से अधिक प्राइवेट कैमरे लगे हैं, थाने में बने कंट्रोल रूम से भी CCTV कैमरे जुड़े हैं। इनके जरिए पुलिस क्राइम कंट्रोल कर रही है।



## नहाने का पानी भी नहीं दे पा रही BJP: AAP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी ने पानी की किल्लत को लेकर सोशल मीडिया पर शेयर विडियो का हवाला देते हुए दावा किया कि दिल्ली में लोग पानी की कमी से परेशान हैं। बीजेपी सरकार लोगों को नहाने तक का पानी नहीं दे पा रही है। आप की ओर से एक्स पर साझा विडियो में दिल्ली के लोगों का कहना है कि बीजेपी सरकार सिर्फ गरीबों को मारने का काम कर रही है।

लोगों का हवाला देते हुए आम आदमी पार्टी ने अपने बयान में कहा है कि लोगों ने बताया कि जब पानी का टैंकर आता है, तब हम पानी भरते हैं। सुबह उठकर बच्चों को स्कूल भेजना होता है, ड्यूटी जाना होता है और फिर ड्यूटी से आकर चौथी मंजिल तक पानी ले जाना पड़ता है।

# दिनभर बैठे रहे स्टूडेंट्स, नहीं चला पोर्टल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सीबीएसई की** नई तकनीकी व्यवस्था दावों में हाईटेक और हकीकत में पूरी तरह फ्लॉप साबित हो रही है। मार्क्स वेरिफिकेशन और रीइवैल्यूएशन के लिए सोमवार से शुरू होने वाला पोर्टल देर शाम तक लाइव नहीं हो सका। सुबह से शाम तक छात्र और पैरेंट्स सिर्फ कंप्यूटर स्क्रीन ताकते रह गए। लिंक एक्टिव न होने से स्टूडेंट्स में गुस्सा है।

पहले इस पूरी प्रक्रिया को 29 मई से ही शुरू होना था, लेकिन तब बोर्ड ने वेबसाइट को मजबूत बनाने और तकनीकी सुधारों का हवाला देकर एक जून की नई डेडलाइन तय की थी। सीबीएसई ने सोशल मीडिया पर बकायदा पोस्ट डालकर दावा किया था कि इस देरी का मकसद पारदर्शिता बढ़ाना है ताकि एक साथ भारी ट्रैफिक आने पर भी वेबसाइट क्रैश न हो। मगर जब तय तारीख आई, तो बोर्ड के ये सारे दावे और तैयारियां पूरी तरह हवा-हवाई साबित हुईं। तकनीकी गड़बड़ियों का यह सिलसिला रिजल्ट आने के बाद से ही लगातार जारी है। इससे पहले जब छात्रों ने अपनी आंसरशीट की स्कैन कॉपी मांगी, तब भी उन्हें भारी तनाव और परेशानी हुई। कई छात्रों को तो फीस कटने के बाद भी शुल्क संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आलम यह है कि पैरेंट्स आज भी लिखावट के मेल न खाने और गलत नंबर देने की शिकायतें कर रहे हैं। बोर्ड की इस अधूरी तैयारियों ने अब छात्रों के भविष्य पर तलवार लटका दी है। इस समय एडमिशन की प्रक्रिया चल रही है। जिन छात्रों को पूरा भरोसा है कि रीइवैल्युएशन के बाद उनके नंबर बढ़ेंगे, वे अब कशमकश में हैं। उनका कहना है कि अगर रिजल्ट में और देरी हुई तो उनके हाथ से अच्छे कॉलेजों में एडमिशन के विकल्प निकल जाएंगे। स्टूडेंट्स ने सीबीएसई से मांग की है कि पोर्टल खोलने की तय डेट घोषित करे।

AI Image




मार्क्स वेरिफिकेशन और रीइवैल्यूएशन के लिए शुरू होना था पोर्टल

# दूसरे दिन भी शालीमार बाग में तोड़फोड़

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**शालीमार बाग** में दूसरे दिन भी तोड़फोड़ की कार्रवाई जारी रही। चौड़ीकरण के लिए चलाए जा रहे अभियान में सोमवार तक 70 प्रतिशत से अधिक ढांचे ध्वस्त किए जा चुके हैं। पूरे इलाके में भारी पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती के बीच बुलडोजर लगातार काम करते रहे। सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत करीब 143 अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि सड़क के निर्धारित राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) को खाली कराकर यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने और आउटर रिंग रोड से कनेक्टिविटी मजबूत करने का लक्ष्य है।

**NBT 2 मिनट में पढ़ें**

सोमवार को भी कई परिवार अपना सामान समेटते नजर आए। जिन मकानों और दुकानों पर कार्रवाई हुई है, वहां रहने वाले लोगों का कहना है कि एक झटके में उनकी वर्षों की जमा-पूंजी मलबे में बदल गई। कई परिवारों ने कहा कि उनके सामने रहने की समस्या खड़ी हो गई है। महिलाओं और बुजुर्गों में सबसे ज्यादा चिंता बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा की जरूरतों को लेकर दिखी। प्रभावित लोगों का कहना है कि कुछ परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्था और आर्थिक सहायता को लेकर जानकारी दी गई है, लेकिन अधिकांश लोग अब भी अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। प्रशासन का कहना है कि पात्र परिवारों को राहत पैकेज के तहत एकमुश्त आर्थिक सहायता और जरूरत पड़ने पर अस्थायी आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रविवार सुबह शुरू हुई यह कार्रवाई सोमवार को भी जारी रही। पूरे इलाके को सुरक्षा घेरा बनाकर रखा गया है और वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित क्षेत्र से सभी अतिक्रमण हटाए जाने तक अभियान जारी रहेगा।



70% से ज्यादा निर्माण जमींदोज, घर के बदले घर मांग रहे हैं बेघर हुए परिवार



“ पूरी जिंदगी की कमाई लगाकर घर बनाया था। सरकार से मकान के बदले मकान चाहिए। - सुरेंद्र



“ किराये के घर में कब तक रहेंगे? बच्चों की पढ़ाई और खर्च भी चिंता बढ़ा रहा है। - सुजीत



“ हमने यह घर खरीदा था, कोई कब्जा नहीं किया था। अब छत का संकट खड़ा हो गया। - कोमल

# कन्फ्यूज़न में एग्ज़ाम छूटा, अब दोबारा मिलेगा मौका!

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली हाई** कोर्ट ने नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) को एक स्टूडेंट के एग्जाम दोबारा करवाने पर सहानुभूति से विचार करने को कहा। एग्जाम की तारीखों को लेकर हुई गलतफहमी की वजह से उसका CUET 2026 का पेपर छूट गया था। 29 मई को सुनवाई करते हुए जस्टिस जसमीत सिंह ने कहा कि अर्शप्रीत सिंह साहनी मेधावी छात्र हैं, जिसने अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि एक युवा छात्र का भविष्य उसके शैक्षणिक करियर के इस अहम मोड़ पर तकनीकी चीजों के आधार पर खतरे में नहीं डाला जाना चाहिए। NTA को 3 जून तक अपना फैसला बताना होगा।

**HC ने NTA से कहा, स्टूडेंट को CUET देने का दें मौका**

कोर्ट ने गौर किया कि अर्शप्रीत को पक्का यकीन था कि उनके एग्जाम जो असल में 11 मई 2026 को होने थे। NTA की दोबारा सेंटर अलॉट करने की प्रक्रिया के दौरान जयपुर से गाजियाबाद सेंटर बदलने की वजह से 19 मई तक टाल दिए गए थे। याचिकाकर्ता गुरप्रीत सिंह ने अपने बेटे के तीन डोमेन सब्जेक्ट(अंग्रेजी, बिजनेस स्टडीज और इकनॉमिक्स) के एग्जाम छूट जाने के बाद न्यायिक आदेश की मांग की थी। NTA ने याचिका का विरोध किया। दलील दी कि सार्वजनिक सूचनाओं में साफ तौर पर कहा गया है कि जहां तक लॉजिस्टिक से जुड़ी वजहों से शहर बदलने की इजाजत है। वहीं एग्जाम की तारीखों या शिफ्ट में बदलाव की अनुमति नहीं है।



# चुनाव संपन्न होते ही DMC के पुनर्गठन का रास्ता साफ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली मेडिकल** काउंसिल (DMC) के पुनर्गठन का रास्ता साफ हो गया है। 8 सदस्यों के लिए रविवार को चुनाव हुए। सोमवार को रिजल्ट की घोषणा हुई, जिसमें सेवा पैनल ने 8 में से 6 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं, परिवर्तन और कर्मा पैनल के एक-एक उम्मीदवार की जीत हुई है। सेवा ग्रुप को बीजेपी समर्थक माना जाता है, जीत के बाद सोमवार को पैनल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की।

सेवा ग्रुप के संयोजक हरीश गुप्ता ने डीएमसी में अनियिमिता का आरोप लगाया था। इसके बाद एलजी ने जून 2025 में इसे भंग कर दिया था। डीएमसी के संचालन के लिए डॉक्टर सुषमा जैन को रजिस्ट्रार की अडिशनल जिम्मेदारी दी गई। चुनाव का संचालन भी वही कर रही थीं। चुनाव में 8178 रजिस्टर्ड डॉक्टरों ने वोटिंग में हिस्सा लिया। वहीं, दूसरी ओर चुनाव में भाग लेने वाले एक इंडिपेंडेंट उम्मीदवार ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए उपराज्यपाल ऑफिस में शिकायत भी की है।

सेवा ग्रुप के डॉ. प्रकाश लालचंदानी, डॉ अजय बेदी, डॉ. पियूष जैन, डॉ. राकेश कुमार गुप्ता, डॉ. अशोक कुमार ग्रोवर और डॉ. विपेंद्र सभरवाल ने जीत हासिल की, जबकि परिवर्तन ग्रुप से डॉ. मंजुशा गोयल और कर्मा पैनल से डॉ. अश्विनी डालमिया जीते।

**सेवा पैनल ने कुल 8 में से 6 सीटों पर जीत हासिल की**



जीत के बाद सेवा पैनल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की

## 90 दिनों में 10 लाख 'पिंक कार्ड' जारी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** DTC की महत्वाकांक्षी 'पिंक सहेली नैशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड' योजना ने लॉन्च के महज 90 दिनों के भीतर नया रिकॉर्ड बना दिया है। डीटीसी ने 10 लाख से अधिक कार्ड जारी कर दिए हैं, जिससे यह देश में सबसे तेजी से लागू किए गए डिजिटल मोबिलिटी व्यवस्था में शामिल हो गई है। डीटीसी बसों में महिलाओं के मुफ्त सफर के लिए इस कार्ड को बनाने का काम 2 मार्च 2026 से शुरू हुआ था।

**पिंक कार्ड से डिजिटल मोबिलिटी को मिलेगा बढ़ावा: पंकज सिंह**


परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार यात्रियों को आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक आधारित परिवहन सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 90 दिनों में 10 लाख कार्ड जारी होना इस योजना की सफलता और लोगों के भरोसे का प्रमाण है। यह सिर्फ एक ट्रैवल कार्ड नहीं, बल्कि सुविधा, सशक्तीकरण और एकीकृत मोबिलिटी की दिशा में बड़ा कदम है।

**NBT के सभी पाठकों के लिए फ्री**

# वर्कशॉप में सीखें ऐक्टिंग के बेसिक गुर




**अ**गर ऐक्टिंग का शौक है और पता नहीं है कि शुरू कहां से करना है, तो नवभारत टाइम्स रंगमंच क्लब की बेसिक ऐक्टिंग वर्कशॉप आपके लिए ही है। इस वर्कशॉप में मशहूर ऐक्टिंग कोच और ASKS फिल्म्स एंड थिएटर के निर्माता-निर्देशक देवेंदर मान बताएंगे कि छोटे कार्यक्रमों, त्योहारों या स्कूल-कॉलेज के मंच पर कैसे अच्छा प्रदर्शन किया जाए। वह न सिर्फ आपको ऐक्टिंग करके दिखाएंगे, बल्कि हिस्सा लेने वाले कुछ लोगों को भी ऐक्टिंग करने का मौका दिया जाएगा। कविता को भाव के साथ पढ़ना, कहानी को अभिनय के जरिए सुनाना और नौ रसों को चेहरे व हाव-भाव से दिखाना भी सिखाया जाएगा।



देवेंदर मान (ऐक्टिंग कोच)

**तारीख:** 3 जून (बुधवार), **समय:** शाम 4 बजे से, **फीस:** फ्री, **स्थान:** टाइम्स हाउस 7, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, **ITO**, नई दिल्ली

रंगमंच क्लब की फ्री मेंबरशिप लेने और वर्कशॉप में फ्री रजिस्ट्रेशन के लिए **Rangmanch<Name>Age** लिखकर 7003890071 पर वॉट्सऐप करें।

**वर्कशॉप के फायदे**

- रील-विडियोज़ में ऐक्टिंग के जरिए वायरल हो सकते हैं।
- मंच पर ऐक्टिंग का हुनर दिखा सकते हैं।
- अपने लिए नए रास्ते तलाश सकते हैं।

**सेशन में सीखेंगे**

- ऐक्टिंग के बेसिक गुर
- अपने हाव-भाव के जरिए स्टेज पर ऐक्टिंग करना
- स्टेज पर परफॉर्म करने के टिप्स

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
सादर सेवा
कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, युएसबीआरएल परियोजना कार्यालय, रियासी, ज्योतिपुरम रोड, तिरनथा, पोस्ट ग्रान मोड़, रियासी (जिला रियासी), जम्मू एवं कश्मीर – 182311, जम्मू एवं कश्मीर

**खुली ई-निविदा**
**(दो-पैकेट प्रणाली)**

**निविदा सूचना संख्या केआर-पीडी-जेके-ईएल-सीएमसी-जीई-केबी-5-2026 दिनांक 02/07/2026.** कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड "उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना, जम्मू एवं कश्मीर के अंतर्गत कटरा (अपवर्जित) से बनिहाल (अपवर्जित) खंड में 05 वर्षों की अवधि हेतु रियासी एवं संगलदान के एकीकृत उपकेंद्रों का संचालन एवं व्यापक अनुरक्षण (ब्रेकडाउन / प्रिवेंटिव), सुरंग टी-31 से टी-55 तक की ईएन्डएम परिसंपत्तियां, रियासी-टीसीसी, बक्कल-टीसीसी, दुग्गा-टीसीसी, सावलकोट-टीसीसी, संगलदान-टीसीसी, सुम्बर-टीसीसी, खारी-टीसीसी एवं बनिहाल-टीसीसी की ईएन्डएम परिसंपत्तियां तथा रियासी, बक्कल, दुग्गा, सावलकोट, संगलदान, सुम्बर एवं खारी स्टेशन भवनों की आंतरिक एवं बाह्य विद्युत परिसंपत्तियों के संचालन एवं व्यापक अनुरक्षण (ब्रेकडाउन / प्रिवेंटिव) कार्य" हेतु निविदाएं आमंत्रित करता है। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 168.43 करोड़। **अनुबंध पूर्ण करने की अवधि:** 60 माह। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** 27/06/2026 को 15:00 बजे तक। **निविदा खोलने की तिथि:** 27/06/2026 को 15:30 बजे। **निविदा प्रपत्र शुल्क:** शून्य। **बयाना राशि / बोली सुरक्षा:** ₹ 3,36,86,554/- अथवा आयआरईपीएस के अनुसार, जिसे केवल आयआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान माध्यमों द्वारा जमा करना होगा। अधिक जानकारी एवं अद्यतन विवरण हेतु कृपया https://www.ireps.gov.in पर जाएं। यदि कोई संशोधन / शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो वह केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ADEN/NDLS के अंतर्गत SSE/W/NDLS खंड में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पार्सल कार्यालय का सुधार कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | ₹ 1,82,75,494.84/- (रूपये एक करोड़ बयासी लाख पचहत्तर हजार चार सौ चौरानबे और चौरासी पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | ₹ 3,65,500.00/- (रूपये तीन लाख पैंसठ हज़ार पांच सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 19.06.2026 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 20536203 |

• ठेकेदारों को ई–टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं:128–W/280/इ–निविदा सूचना/11/2026–27/W–3 दिनांक: 29.05.2026 1849/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

**ईओआई आमंत्रित करने की सूचना**




**गेल कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास विभाग के लिए आईपीआर सलाहकारों की सूची के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ई. ओ. आई.) आमंत्रित है !**

गेल (इंडिया) लिमिटेड का कॉर्पोरेट आर एंड डी विभाग, जिसका कार्यालय जुबली टावर, सेक्टर–1, नोएडा, यूपी में स्थित है, आईपीआर परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए सलाहकारों को सूचीबद्ध हेतु इच्छा रखता है। आईपीआर कंसल्टेंसी सेवाओं में अनुभव रखने वाली इच्छुक कंसल्टेंसी फर्मों / कंपनियों को प्रीक्वालिफिकेशन के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन जमा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। आवेदन जमा करने के लिए अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट पर लॉग ऑन करें: https://www.gailonline.com/Expression%20of%20interest.html

पंजीकृत कार्यालय: गेल भवन, 16, आर.के. पुरम, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066
सीआईएन: L40200DL1984GOI018976

www.gailonline.com #EnergizingPossibilities हमें फॉलो करें

**Govt. of Bihar**

**Department of Environment, Forest & Climate Change**
**Withdrawal of Advertisement**
**Previous PR No.-002940 (Envir. & Forest) 2026-27 & 004165 (Envir. & Forest) 2026-27**

Advertisement No.-03 Dt.-08.05.2026 and corresponding PR No.-002940 (Envir. & Forest) 2026-27 & 004165 (Envir. & Forest) 2026-27 issued by Environment, Forest & Climate Change Department, Government of Bihar for the post of Chairman, Bihar State Pollution Control Board, Patna, is hereby withdrawn.

(Alok Kumar)
CCF-Cum-Special Secretary

PR. No. 004775 (Forest) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# यमुना सूखी, रिज़र्वायर खाली, दिल्ली के 9 वॉटर प्लांट संकट में

reservoir

## पावर कट के कारण प्लांट में नहीं हो रहा पानी उत्पादन

Sudama.Yadav
@timesofindia.com

**नई दिल्ली :** दिल्ली के 9 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट्स इन दिनों पानी की कमी और पावर कट से प्रभावित हैं। सोनिया विहार प्लांट में रविवार रात पावर कट के चलते कई घंटों तक पानी उत्पादन बंद रहा। राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास और दूसरे वीवीआईपी इलाके में जिस चंद्रावल प्लांट से पानी सप्लाई होता है। इस प्लांट की कुल क्षमता 94 एमजीडी है।

जल बोर्ड के अफसरों के अनुसार, वजीराबाद प्लांट पानी की कमी से सबसे अधिक प्रभावित है। प्लांट में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से यमुना से होती है, लेकिन यमुना में पानी काफी कम है। वजीराबाद रिजर्वायर पूरी तरह से सूख चुका है। रिजर्वायर के आसपास यमुना में जो पानी है, उसे रिजर्वायर और वहां से प्लांट तक ले जाने के लिए सिंचाई और बाढ़ विभाग से जल बोर्ड ने मास्टर वॉटर ड्रेजिंग मशीन मंगाई है। सोमवार को वजीराबाद बैराज के दोनों तरफ जितना पानी जमा था, उसे रिजर्वायर तक लाने के लिए मशीन से खुदाई शुरू की गई। करीब 7 से 10 फीट गहरा चैनल बनाया जा रहा है। अगर इतनी गहराई पर भी पानी नहीं आएगा, तो चैनल की गहराई थोड़ी और बढ़ाई जाएगी। सीएलसी कैनाल से वजीराबाद प्लांट में करीब 80-90 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसमें से आधे से अधिक पानी चंद्रावल प्लांट में भी भेजा जा रहा है।

NBT 3 मिनट में पढ़ें

> रविवार रात सोनिया विहार प्लांट में करीब 5-6 घंटे तक पानी उत्पादन प्रभावित रहा

अफसरों के अनुसार, सोनिया विहार प्लांट में अपर गंगा कैनाल से पानी की आपूर्ति सामान्य है। लेकिन, बार-बार पावर कट के चलते उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इस प्लांट से रोजाना करीब 140 एमजीडी पानी सप्लाई होता है, जो सोनिया विहार, यमुना विहार, करावल नगर, गोकुलपुरी, दिलशाद गार्डन, भजनपुरा और खजूरी, पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी, मयूर विहार, त्रिलोकपुरी, कोंडली, विनोद नगर, मंडावली, लक्ष्मी नगर, पटपड़गंज, साउथ दिल्ली के ग्रेटर कैलाश, साकेत, मालवीय नगर, पंचशील, देवली, वसंत कुंज, महरौली इन सभी इलाकों में सप्लाई होता है। पावर कट के चलते पानी उत्पादन कम होने से इन सभी इलाकों में भी पानी की किल्लत बनी हुई है। रविवार रात प्लांट में पावर कट के चलते करीब 5-6 घंटे तक पानी उत्पादन प्रभावित रहा।



वजीराबाद बैराज के दोनों तरफ जितना पानी जमा था, उसे रिज़र्वायर तक लाने के लिए सोमवार को मास्टर वॉटर ड्रेजिंग मशीन से खुदाई की गई

## झुग्गियों के बदले फ्लैट तो मिल गए, लेकिन नहीं मिल रहा पानी

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**झुग्गियों के** बदले कालकाजी में बने आशा किरण अपार्टमेंट में जिन परिवारों को फ्लैट मिले हैं, वह करीब 20 दिनों से पानी की किल्लत से परेशान हैं। अपार्टमेंट में करीब 3 हजार से अधिक फैमिली रह रही है। सिर्फ दो टैंकर हैं। यहां रहने वालों की शिकायत है कि पानी के लिए रोजाना हजारों रुपये खर्च कर रहे हैं।

अपार्टमेंट में रहने वाली शिल्पी का कहना है कि करीब 20 दिन हो गए, नलों में एक बूंद पानी नहीं आया। लोग बार-बार जल बोर्ड में शिकायत कर रहे हैं लेकिन, कोई सुनने वाला नहीं है। लोग पानी खरीदकर पी रहे हैं। अरविंद का कहना है कि किसी भी फ्लैट में कई दिनों से एक बूंद भी पानी नहीं आ रहा है। **गोविंदपुरी, देवली, खानपुर, दक्षिणपुरी और आसपास के सभी इलाकों में पानी की भारी किल्लत है।** देवली में रहने वाली शोभा ने कहा कि पानी




की ऐसी समस्या कभी भी नहीं हुई थी। लोग बार-बार कॉल कर रहे हैं। लेकिन, टैंकर ही नहीं आता। फीलिंग स्टेशन पर ही लोग टैंकर की मांग को लेकर जा रहा हैं, लेकिन कोई टैंकर भेजने के लिए तैयार नही है। जल बोर्ड अफसरों का कहना है कि आशा किरण अपार्टमेंट में पाइपलाइनों से पानी सप्लाई के लिए लाइन तो बिछा दी गई है, कनेक्शन भी यूजीआर और लाइनों से हो चुका है। सप्लाई के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। अपार्टमेंट में लोगों की संख्या इतनी अधिक है कि टैंकरों से पानी सप्लाई कम पड़ रहा है। वहीं, नरेला विधानसभा क्षेत्र के **हिरणकी गांव** के लोगों का आरोप है कि पानी बेहद गंदा और बदबूदार आ रहा है, सोमवार को पानी की आपूर्ति भी बंद हो गई।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### बुनियादी सुविधाओं का अभाव

जहां झुग्गी, वहीं मकान स्कीम सरकार ने शुरू तो कर दिया है लेकिन, बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लोग फ्लैटों में शिफ्ट करने से कतरा रहे हैं। आशा किरण अपार्टमेंट का भी यही हाल है। यहां पानी कनेक्शन के लिए जल बोर्ड ने नई पाइप लाइन बिछा दी है। लेकिन, जल बोर्ड के पास इतना पानी ही नही है कि फ्लैटों में सप्लाई वॉटर दिया जाए। इसलिए अस्थायी व्यवस्था के तहत टैंकरों से पानी सप्लाई किया जा रहा है।

## पारा रहा कम, मगर उमस से निकला दम

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राजधानी में** अब उमस भरी गर्मी परेशान करने लगी है। सोमवार को तापमान सामान्य से कम रहा लेकिन नमी ज्यादा होने के कारण लोगों को गर्मी और बेचैनी महसूस हुई। हीट इंडेक्स 40 डिग्री के करीब पहुंच गया, जिससे उमस का असर और बढ़ गया। मौसम साफ रहा लेकिन बीच-बीच में हल्के बादल दिखाई दिए।

दिल्ली (सफदरजंग) का अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.7 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम था। शहर के अन्य इलाकों में भी अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुंच सका, जबकि ज्यादातर जगहों पर न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। हवा में नमी का लेवल 45 से 67 फीसदी के बीच रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, तापमान कम होने के बावजूद शाम 5:30 बजे हीट इंडेक्स 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी वजह से लोगों को उमस और बेचैनी का सामना करना पड़ा।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। बुधवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। विभाग ने 4 जून के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दिन दोपहर के समय हल्की बारिश और आंधी आने की संभावना है।

AMITY UNIVERSITY GURUGRAM

Life Sciences
Discover. Design. Develop.

- Top recruiters in last years include Cipla, Abbott, GE Healthcare, Alembic, LifeCell, Boston Scientific, CSIR-CCMB, Gennova...
- 19 Centres of Excellence in Stem Cell, Bio-energy & Bio-fuels, Nanotech, Genomics & Proteomics, Medicinal Plants & Traditional Knowledge, Drug Design & Discovery...
- 200+ Hi-tech labs including Lipidomics Research Facility & Herbal Garden
- 8 University faculty in world's top 2% scientist list by Stanford Research
- Faculty credited with 284 patents, 258 books, 907 chapters and 3,563 Scopus indexed research publications
- University Scopus H-index of 80 reflecting cutting-edge research outcomes
- 117 Research projects worth ₹ 50 cr undertaken including those funded by CSIR, ICMR, DBT, SERB, AYUSH, BRNS...
- 50+ Student start-ups incubated at on-campus innovation incubator
- University ranked #1 in Haryana (Pvt & Govt) - THE Interdisciplinary Science '26
- Ranked amongst top 2 Pvt University (Pharmacy) in Haryana - NIRF '25

To apply visit:
amity.edu/gurugram
by: 5th June 2026
7303-399-399

Amity Education Valley, Gurugram, Manesar
E: admissions@ggn.amity.edu

Biotechnology
- B.Tech- Biotech# • B.Sc- Biotech#
- M.Tech- Biotech • M.Sc- Biotech

Pharmacy
- B.Pharm
- M.Pharm- Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry

All Pharmacy progs approved by PCI

Health Sciences
- B.Sc- Clinical Research#/ Food Sc & Tech#/ Molecular Medicine & Stem Cell Tech#
- Bachelor in Audiology & Speech Language Path / Nut. & Dietetics (H)
- B.Optometry
- Bachelor of Medical Lab Sc
- M.Sc- CR / SLP / MM & SCT
- MHA / MPH
- Masters in Nutrition & Dietetics
- M.Optometry
- Master of Medical Lab Sc

#(Hons/Hons with Research)
Lateral Entry & Ph.D progs also offered

| Scholarships* | 100% | 50% | 25% |
|---|---|---|---|
| UG Programmes | | | |
| 12th (agg.) | 93% | 88% | 80% |
| PG Programmes (Non-MBA) | | | |
| 12th (agg.) | 93% | 88% | - |
| Graduation (agg.) | 80% | 75% | - |
| MBA | | | |
| CAT/MAT (%ile) | 90 | 85 | 80 |
| GMAT/GRE (Score) | 650/161 | 600/157 | 500/152 |

*Offered in 136+ progs across various disciplines

## बेवक्त नींद? ओज़ोन प्रदूषण हो सकता है ज़िम्मेदार

### सीआरईए ने बताया, दिल्ली में 24 जगहों पर ओज़ोन का स्तर तय मानकों से अधिक

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**अगर आपको** भी सिरदर्द, थकान, बेवक्त नींद और आंखों में जलन की शिकायत हो रही है, तो इसकी एक वजह ओजोन प्रदूषण भी हो सकता है। मई में राजधानी की 24 जगहों पर ओजोन का स्तर तय मानकों से अधिक दर्ज किया गया। वहीं, देश में सबसे अधिक ओजोन प्रदूषण चेन्नई में रहा।

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के एक विश्लेषण में बताया गया है कि दिल्ली के 45 मॉनिटरिंग स्टेशनों में से 24 पर कम से कम एक दिन ओजोन का स्तर तय मानक (100

AI Image



एमजीसीएम) से अधिक रहा। सबसे अधिक ओजोन का स्तर पूसा में दर्ज किया गया, जहां यह 292 एमजीसीएम तक पहुंच गया। यह तय मानकों से लगभग तीन गुना अधिक है। चार मॉनिटरिंग स्टेशन ऐसे रहे, जहां पूरे महीने ओजोन का स्तर तय मानकों से ऊपर बना रहा। इनमें पूसा में 25 दिन, आईएमडी लोदी रोड में 21 दिन, नॉर्थ कैंपस में 20 दिन और बुराड़ी क्रॉसिंग में 20 दिन ओजोन का स्तर अधिक रहा। पूसा के अलावा, एनएसयूटी जाफरपुर में ओजोन का स्तर 229 एमजीसीएम, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 208 एमजीसीएम और नॉर्थ कैंपस में 207 एमजीसीएम दर्ज किया गया।

ओजोन का बढ़ा हुआ स्तर केवल अधिक ट्रैफिक वाले इलाकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शहरी, संस्थागत और आवासीय क्षेत्रों में भी बना हुआ है।

### देश भर में भी समस्या

सीआरईए के अनुसार, देश भर के 510 मॉनिटरिंग स्टेशनों में से 154 पर कम से कम एक दिन ओजोन का स्तर तय मानकों से अधिक दर्ज किया गया। चेन्नई के मणाली विलेज में मई के दौरान ओजोन का स्तर 500 एमजीसीएम तक पहुंच गया, जो तय मानकों से पांच गुना अधिक है। यह देश में दर्ज सबसे अधिक ओजोन स्तर रहा। सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश शामिल रहे।

## HC जज ने ताहिर की सुनवाई से खुद को अलग किया

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस अमित शर्मा ने 2020 के दिल्ली दंगों की 'बड़ी साजिश' के मामले में आरोपी ताहिर हुसैन की नियमित जमानत याचिका की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। सोमवार को वेकेशन बेंच के सामने इस मामले को अब 10 जून को एक दूसरी बेंच द्वारा सुना जाएगा। हुसैन 29 जनवरी के ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दे रहे हैं, जिसमें उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।



## मायापुरी प्रदूषण मामले में अब SHO पक्षकार

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली** : एनजीटी ने पश्चिमी दिल्ली के मायापुरी क्षेत्र में अवैध स्क्रैप इकाइयों, अतिक्रमण और संभावित प्रदूषण संबंधी मुद्दों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए दायर आवेदन में महत्वपूर्ण आदेश दिए हैं। एनजीटी ने इस मामले में मायापुरी थाने के एसएचओ को पक्षकार बनाने के आदेश दिए हैं। इस मामले में मायापुरी क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, सड़क अतिक्रमण और पर्यावरणीय जोखिमों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया था।

## वसंत कुंज में प्रोजेक्ट साइट की होगी जांच

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) ने** वसंत कुंज में एक प्रोजक्ट साइट से पत्थर निकालने के आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। स्टेट एक्सपर्ट अप्रेजल कमिटी (एसईएसी) और दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमिटी (डीपीसीसी) को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। NGT ने दिल्ली के एक प्रोजक्ट से जुड़ी लंबित अपीलों की सुनवाई के दौरान यह आदेश जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी।



## फुटपाथों पर कब्ज़े से परेशान दिल्ली, HC ने संभाली कमान

### आज आपात बैठक बुलाएंगे चीफ सेक्रेटरी

Prachi.Yadav
@timesofindia.com

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के व्यस्त बाजारों और फुटपाथों पर बढ़ती अव्यवस्था को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने सख्त दखल दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि स्ट्रीट वेंडिंग व्यवस्था को लेकर राजधानी में हालात बेहद चिंताजनक हैं और सरकारी एजेंसियों की निर्णयहीनता ने समस्या को और गंभीर बना दिया है।

जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस मधु जैन की बेंच ने पाया कि स्ट्रीट वेंडरों, तहबाजारी धारकों और दुकानदारों से जुड़े कई अहम मुद्दे सालों से लंबित पड़े हैं। 29 मई को पारित कोर्ट आदेश के अनुसार विभिन्न एजेंसियां नियमों को लागू करने और वेंडिंग योजनाओं को अंतिम रूप देने में नाकाम रही हैं, जिससे कई बाजारों में अराजक स्थिति पैदा हो गई है।

कोर्ट ने दिल्ली सरकार के चीफ सेक्रेटरी को 2 जून को एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। इस बैठक में सिर्फ अधिकारी ही नहीं बल्कि दुकानदारों, फेरीवालों और वेंडर संगठनों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा ताकि सभी पक्ष अपनी बात रख सकें। कोर्ट ने इसे समाधान की दिशा में जरूरी कदम बताया। सुनवाई के दौरान सामने आया कि NDMC एरिए में वेंडिंग योजनाएं अब तक अधूरी हैं। सैकड़ों वेंडिंग साइटों को अंतिम मंजूरी नहीं मिली है, जबकि हजारों वेंडर अस्थायी प्रमाणपत्रों के आधार पर काम कर रहे हैं। दूसरी ओर, MCD इलाके में हालात और भी जटिल बताए गए। यहां सर्वे की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है और 13,000 से ज्यादा कथित अवैध कब्जाधारियों ने नियामक प्रक्रिया में हिस्सा ही नहीं लिया। कोर्ट ने खासतौर पर कनॉट प्लेस, पालिका बाजार, सरोजिनी नगर, करोल बाग और लाजपत नगर जैसे प्रमुख कारोबारी इलाकों (बाजारों) का जिक्र किया, जहां फुटपाथों और सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ते दबाव को लेकर लगातार शिकायतें मिलती रही हैं। अब सबकी नजर 2 जून की बैठक पर है। हाई कोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी को निर्देश दिया है कि वे सभी पक्षों से चर्चा के बाद आगे की रणनीति तय करें और विस्तृत रिपोर्ट अदालत में पेश करें। अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

> कोर्ट के निर्देश पर दुकानदारों और फेरीवालों को भी इस बैठक में बुलाया जाएगा

File Photo




कोर्ट ने कहा, स्ट्रीट वेंडिंग व्यवस्था को लेकर हालात बेहद चिंताजनक है

**मॉडल टाउन की एमसीडी कॉलोनी में वारदात**

## कहासुनी पर युवक की चाकू मारकर हत्या

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**मॉडल टाउन** की एमसीडी कॉलोनी में रविवार रात दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान बुराड़ी के तोमर कॉलोनी निवासी साहिल (25) के रूप में हुई है।

साहिल अपने माता-पिता और छोटे भाई के साथ बुराड़ी में रहते थे। कुछ दिन पहले ही उनका परिवार वहां शिफ्ट हुआ था। इससे पहले वे मॉडल टाउन की एमसीडी कॉलोनी में रहते थे। उसके पिता सुरेंद्र एमसीडी के सेनिटरी विभाग में इंस्पेक्टर हैं। डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया कि रविवार रात मॉडल टाउन थाना पुलिस को विनायक अस्पताल से सूचना मिली कि चाकू लगने से घायल एक युवक को भर्ती कराया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची तो डॉक्टरों ने साहिल को मृत घोषित कर दिया।

> पुलिस को मौके से करीब 100 मीटर दूर वारदात में इस्तेमाल चाकू मिला


जांच के दौरान पता चला कि साहिल को उसके दोस्त शिव और शुभम घायल हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पूछताछ में सामने आया कि वारदात एमसीडी कॉलोनी में हुई थी। प्रत्यक्षदर्शी शिव ने पुलिस को बताया कि लालबाग निवासी आशु उर्फ लाला ने साहिल पर चाकू से हमला किया था। पुलिस को मौके से करीब 100 मीटर दूर वारदात में इस्तेमाल चाकू मिला, जिसे कब्जे में ले लिया गया है।



साहिल (25)

### फोन आने पर बेटा गया था बाहर


साहिल के पिता के मुताबिक, घटना से पहले वह घर पर था। किसी का फोन आने पर वह बाहर गया था। बाद में उन्हें उसके घायल होने और चाकू मारे जाने की सूचना मिली। शुरुआती जांच में पता चला कि साहिल अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसकी आरोपी से कहासुनी हो गई। बताया जा रहा है कि साहिल ने आरोपी को थप्पड़ मार दिया था, जिसके बाद आरोपी ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया।



अलाई दरवाजे का गुंबद अंदर से बाहर तक बेरंग हो गया है।

## देखरेख के अभाव में खूबसूरती खोता जा रहा अलाई दरवाज़ा

**राम त्रिपाठी, नई दिल्ली :** दिल्ली सल्तनत के खिलजी वंश के दूसरे ताकतवर शासक अलाउद्दीन खिलजी (1296-1316) ने कुतुब मीनार के साथ स्थित कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद के चारों तरफ बड़े दरवाजे बनाने का सपना देखा था। अपनी हुकूमत की ताकत दिखाना इसका उद्देश्य बताया जाता है। खिलजी ने मस्जिद के दक्षिण में एक दरवाजा बनवाया, जो 1311 में बनकर तैयार हो गया था। मगर खिलजी की मौत के बाद मस्जिद के बाकी हिस्से में यह काम नहीं हो सका। अब करीब 700 साल बाद अलाई दरवाजा (अलाउद्दीन का दरवाजा) मेंटिनेंस के अभाव में बदहाल हो गया है।



अलाउद्दीन खिलजी ने कराया था इस दरवाजे का निर्माण

लाल बलुआ पत्थर और सफेद संगमरमर से बनी इस्लामिक वास्तुकला की इस चकोर खूबसूरत इमारत के ऊपर बना उथला गुंबद अपनी बेहतरीन इंजिनियरिंग की पहचान लिए हुए है। इस इमारत के चारों तरफ सुंदर नक्काशीदार मेहराब हैं। मेहराब 'घोड़े की नाल' के आकार के हैं। नक्काशी और शिलालेखों से की गई इसकी सजावट का संरक्षण कई साल नहीं होने के कारण वे टूट गई हैं। इसके संरक्षण की जिम्मेदारी आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ASI) की है।

ASI ने बदहाल हो गए अलाई दरवाजे के संरक्षण के लिए G20 सम्मेलन से पहले इसके प्रिजर्वेशन आदि काम पूरा करने की घोषणा कि थी, लेकिन यह आज तक पूरा नहीं हो पाया है।

### खिड़की की जाली गायब

अलाई दरवाजे में करीब 10 फुट ऊंची 2 खिड़कियां भी थी, जिनमें से एक गायब है। नक्काशीदार इस खिड़की को बनाने का काम नही हुआ है। मगर 2 साल पहले ASI के दिल्ली सर्कल ने अलाई दरवाजे के कन्जर्वेशन का काम पूरा होने का दावा किया था। इस दरवाजे की हालत पहले से भी ज्यादा खराब हो गई है, लेकिन इस बारे में कोई अधिकारी जवाब नहीं दे रहा है।



## अमर कॉलोनी गोलीकांड: 12वीं के स्टूडेंट ने एम्स में दम तोड़ा

### #JusticeForSai की मांग हुई तेज़

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**अमर कॉलोनी** में घूरने और कुर्सी से पैर लगने के विवाद के बाद सिर में सटाकर गोली मारे जाने से घायल 17 वर्षीय छात्र साई कुमार की इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। वह चार दिनों से एम्स ट्रॉमा सेंटर में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा था। सोमवार को उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। उधर, क्राइम ब्रांच ने मुख्य नाबालिग आरोपी के अलावा दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, साई कुमार 12वीं कक्षा का छात्र था। विवाद के बाद गंभीर रूप से घायल साई को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया था। इलाज के दौरान सोमवार को उसने दम तोड़ दिया।

File Photo




### 'दोषियों को सज़ा मिले'

**साई की** मौत के बाद परिवार का गुस्सा और दर्द दोनों सामने आ रहे हैं। पिता सुनील कुमार ने कहा, मेरा इकलौता बेटा था। बिना किसी वजह के उसे गोली मार दी गई। दोषियों को ऐसी सजा मिले कि समाज में एक कड़ा संदेश जाए। उधर, सोशल मीडिया पर #JusticeForSai अभियान के जरिए लोग आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं।

## गाली देने पर कैंची से गोदकर मार डाला, अरेस्ट

### मुखर्जी नगर में गद्दे की दुकान पर विवाद, जान बचाने के लिए भागता रहा युवक

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**मुखर्जी नगर** में रविवार को गद्दे की दुकान पर काम करने वाले युवक की कैंची से गोदकर हत्या कर दी गई। मामूली कहासुनी के बाद गाली देने पर सहकर्मी ने ही वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान जान बचाने के लिए पीड़ित भागता रहा, लेकिन आरोपी उसका पीछा कर हमला करता रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान दीन मोहम्मद उर्फ दिलबहार (37) के रूप में हुई है। मृतक बाराबंकी का रहने वाला था और हडसन लेन स्थित एक गद्दे की दुकान पर काम करता था। आरोपी की पहचान अशफाक उर्फ शहजाद (32) के रूप में हुई है, जो उसी दुकान में काम करता था।

नॉर्थ-वेस्ट जिले की डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया कि एक जून को मुखर्जी नगर थाने में चाकूबाजी की घटना संबंधी पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम एच-16, हडसन लेन पहुंची। वहां पता चला कि घायल को पीसीआर वैन से पहले ही बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया जा चुका है। पुलिस जांच में सामने आया कि किसी मामूली बात को लेकर दीन मोहम्मद और अशफाक के बीच विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने कैंची उठाकर दिन मोहम्मद पर कई वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

> भाग रहे आरोपी को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

दुकान मालिक शाहबेज आलम ने बताया कि दोनों कर्मचारी लंबे समय से उनके यहां काम कर रहे थे। दीन मोहम्मद करीब 12 साल से दुकान में कार्यरत था, जबकि आरोपी भी काफी समय से वहीं काम कर रहा था। किसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला खूनी संघर्ष में बदल गया।

AI Image



### 'कई बार वार किए'

**मृतक के** रिश्तेदार इस्लाम ने बताया कि दीन मोहम्मद के परिवार में पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा है। परिवार की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट उमा शंकर गौतम का आरोप है कि आरोपी लगातार हमला करता रहा और किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। दावा किया कि मृतक पर कई बार वार किए गए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# वसंत कुंज में दीवार गिरने से मज़दूर की मौत

**NBT रिपोर्ट, द्वारका:** साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के वसंत कुंज के भवानी कुंज इलाके में एक मकान के तोड़-फोड़ के दौरान दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान विशाल (35) के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में एटा यूपी निवासी हबीब ने बताया कि वह पिछले करीब 20 वर्षों से दिल्ली में मजदूरी कर रहे हैं और मुख्य रूप से तोड़फोड़ का काम करते हैं। रविवार को ठेकेदार मनोज कुमार ने उन्हें वसंत कुंज स्थित मकान में काम के लिए बुलाया था।

## बरसाती पानी से ग्राउंड वॉटर रिचार्ज

# 500 रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का प्लान

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

AI Image



**बरसाती पानी** से ग्राउंड वॉटर रिचार्ज करने के लिए दिल्ली में 500 नए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग लगाने की योजना बनाई गई है। जिन बिल्डिंगों में पहले से रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगे हैं, उनमें से 1,000 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बंद है, जो अगले कुछ दिनों में ठीक किए जाएंगे। दिल्ली में जितने भी रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगे हैं, उससे मॉनसून के दौरान 73 करोड़ लीटर बरसाती पानी एकत्रित कर ग्राउंड वॉटर रिचार्ज किया जा सकता है। यह कहना है जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह का। इसके अलावा हार्वेस्टिंग सिस्टम को मॉनिटर करने के लिए एक ऑनलाइन सिस्टम भी बनाया जाएगा।

**7,596 इमारतों में लगा है हार्वेस्टिंग सिस्टम**

जल मंत्री के अनुसार दिल्ली में 9148 सरकारी बिल्डिंग्स हैं, जिनमें से 7596 बिल्डिंगों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगे हैं। यानी जितने बिल्डिंग हैं, उनमें से 83 प्रतिशत में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग लगे हैं। 50 नए हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की योजना है। इसके अलावा जिन बिल्डिंगों में पहले से हैं, उनमें से 1,000 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लंबे समय से खराब है। उन्हें ठीक करने के लिए संबंधित विभागों को आदेश दिया गया है। साल 2001 से 100 वर्ग मीटर या इससे अधिक एरिया में बने सभी बिल्डिंगों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य किया गया है। अनिवार्यता लागू करने के बाद लोगों ने हार्वेस्टिंग सिस्टम तो लगाया, लेकिन उचित रख रखाव के अभाव में उनमें से कई बंद हो गए हैं, जिसे ठीक करने के लिए कहा गया है।

कैबिनेट मंत्री के अनुसार दिल्ली में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की जो योजना सरकार ने बनाई है, उससे मॉनसून के दौरान कम से कम 73 करोड़ लीटर बरसाती पानी एकत्रित किया जा सकता है। इतने पानी से दिल्ली के एक बड़े हिस्से में ग्राउंड वॉटर रिचार्ज किया जा सकता है।

# राजधानी में धूल, धुआं और पराली पर सख्ती की तैयारी

## सर्दियों में पल्यूशन रोकने को अभी से काम के निर्देश

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**LG ने की प्रदूषण कम करने के उपायों की समीक्षा**



**हर साल** सर्दियों में खराब हवा की समस्या से जूझने वाली दिल्ली में इस बार पहले से तैयारी शुरू करने पर जोर दिया जा रहा है। दिल्ली के उपराज्यपाल टीएस संधू ने CAQM के चेयरमैन राजेश वर्मा के साथ बैठक कर पल्यूशन कंट्रोल करने के उपायों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आगामी सर्दियों से पहले तय समय सीमा में ठोस काम किया जाए। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली की हवा को बेहतर बनाने के लिए अब देरी की कोई गुंजाइश नहीं है और प्रदूषण से निपटना सभी एजेंसियों की जरूरी जिम्मेदारी है।

**LG ने CAQM के चेयरमैन के साथ की बैठक**

सोमवार को हुई बैठक में माना गया कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के प्रमुख कारण सड़क की धूल, गाड़ियों से निकलने वाला धुआं, बायोमास जलाना और औद्योगिक प्रदूषण हैं। इनमें सड़क की धूल को खत्म करने के लिए लोकल एजेंसियां सीधे और प्रभावी तरीके से काम कर सकती हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि सड़क की धूल को कंट्रोल करना दिल्ली की रणनीति का अहम हिस्सा होना चाहिए।

उन्होंने प्रमुख सड़कों पर मिकैनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की पर्याप्त तैनाती, सड़कों की मरम्मत, पूरी लंबाई तक नियमित सफाई और धूल नियंत्रण के उपायों को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में नालों की सफाई के बाद निकाली गई गाद को तुरंत हटाने की जरूरत पर भी जोर दिया गया। कहा गया कि खुले में छोड़ी गई गाद सूखकर धूल बन जाती है और प्रदूषण बढ़ाती है।

2 मिनट में पढ़ें NBT

दिल्लीवालों को राहत देने के लिए सड़क डिवाइडरों पर पौधे लगाने, धूल रोकने के लिए उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करने और सफाई व्यवस्था की निगरानी मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक बसों और इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने को कहा गया। साथ ही एनसीआर में औद्योगिक उत्सर्जन की निगरानी और आसपास के इलाके में पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को कम करने के प्रयास जारी रखने की बात कही गई।


## TIMES TRIBUTE

PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

शोक सन्देश

स्मृति सन्देश

**श्रद्धांजलि**



**नीलम**

20.05.1990 - 02.06.2025

आपकी मधुर स्मृति मे हम सभी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है। आपका स्नेह और आशीवाद आज भी हमारे साथ है। अंतर्मन में सदैव अमर और अटूट बनी रहेगी।

शोकाकुल: पति दीपक कुमार, बेटी शिवन्य, भाई रवि, राकेश, राजु, सुमन रानी, कान्ती

TIMES TRIBUTES

RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call

Vinod: 9958992088

Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY & REMEMBRANCE AD PLEASE CONTACT

VINOD : 99589 92088

PANKAJ : 81306 04727

TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

SCAN TO BOOK

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.

Share them. With friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES

For any information call

Vinod : 9958992088

Pankaj : 8130604727



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग**

**सिविल लाईन गणेश चौक कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) 483501**

दूरभाष नंबर:- 07622-401753 E-mail:-dpepiukatni@gmail.com

एन.आई.टी. नंबर- 16/2026/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/मु.अ. (भ) दिनांक- 27.05.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:

निविदा आमंत्रण सूचना

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड आनलाईन प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2026_PWPIU_511121 | वाणिज्यिक कर कार्यालय भवन कटनी, जिला कटनी में फर्नीचर सप्लाई एवं इन्स्टालेशन का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | कटनी | 24.97 | 50000.00 | 5000.00 | टेण्डर डाक्यूमेंट के अनुसार | 02 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) |
| 2 | 2026_PWPIU_511213 | जिला नरसिंहपुर (करेली, डोभी, साईंखेड़ा, गोटेगॉव, नरसिंहपुर), जिला कटनी (बहोरीबंद, कटनी, करेला, कारीतलाई) और जिला बालाघाट (कटंगी, बोलेगॉव,) खैरलांजी, रजेगॉव) के सांदीपनी विद्यालयों में फर्नीचर सप्लाई एवं इन्स्टालेशन का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | कटनी | 728.34 | 728340.00 | 20000.00 | टेण्डर डाक्यूमेंट के अनुसार | 03 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) |
| 3 | 2026_PWPIU_511215 | जिला मंडला (निवास और बिछिया) एवं जिला दमोह (दमोह, हटा, पथरिया, तेन्दुखेड़ा पटेरा एवं जबेरा) के सांदीपनी विद्यालयों में फर्नीचर सप्लाई एवं इन्स्टालेशन का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | कटनी | 616.28 | 616280.00 | 20000.00 | टेण्डर डाक्यूमेंट के अनुसार | 03 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) |


1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 01.06.2026 (समय सुबह 9:00) से दिनांक 16.06.2026 तक (समय शाम 6:00) खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड केवल ऑनलाईन दिनांक 16.06.2026 को सायंकाल 06:00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे।
5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

Sd/-
कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग कटनी (म.प्र.)

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" G-13731/26


# घर के बाहर फायरिंग में बच्चे को लगी गोली

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** न्यू उस्मानपुर इलाके में सोमवार शाम बदमाशों की फायरिंग से दहशत फैल गई। चौथे पुस्ता इलाके में एक कैटरर के घर के बाहर 3 युवकों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। फायरिंग के दौरान वहां से गुजर रहे 12 साल के एक बच्चे के पैर में गोली लग गई। घायल बच्चे को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के समय वह ट्यूशन पढ़ने जा रहा था।



**पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपी अरेस्ट किए**

पुलिस के मुताबिक, घटना न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र के चौथे पुस्ता इलाके की है। यहां रहने वाले धर्मेंद्र (43) के घर के बाहर शाम को तीन युवक पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। अचानक गोलियों की आवाज सुनकर इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान बच्चा फायरिंग की चपेट में आ गया।

डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद जिले में तुरंत अलर्ट जारी किया गया इसके बाद पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए प्रांकुर (29) और हर्ष (22) को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से एक देशी रायफल भी बरामद की गई है। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

# दिल्ली में विस्थापित कश्मीरियों को राहत

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने जम्मू-कश्मीर से विस्थापित होकर राजधानी में रह रहे प्रवासी परिवारों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने एड-हॉक मंथली रिलीफ (एएमआर) योजना में महत्वपूर्ण बदलावों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस फैसले से दिल्ली सरकार के साथ रजिस्टर्ड करीब 1,832 जम्मू-कश्मीर प्रवासी परिवारों को फायदा मिलेगा। यह योजना सिर्फ उन रजिस्टर्ड विस्थापित परिवारों पर लागू होगी, जिन्हें 31 मार्च 2024 तक राहत मिल चुकी है।

**संपत्ति पर शर्तें खत्म, रिलीफ योजना का दायरा बढ़ा**

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने राहत पाने के लिए इनकम से जुड़ी पात्रता की शर्त खत्म करने का फैसला किया है। अब परिवार की इनकम या उसके पास मौजूद अचल संपत्ति राहत पाने में रुकावट नहीं बनेगी। हालांकि, एक परिवार के अधिकतम 4 मेंबर्स को ही इस योजना का फायदा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि लाभार्थियों के रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने के लिए वन टाइम एमनेस्टी योजना लागू की जा रही है। इसके तहत प्रवासी परिवारों को अपने परिवार के मौजूदा सदस्यों और उनके आधार विवरण को अपडेट करने का एक और मौका मिलेगा। इस प्रक्रिया के दौरान यदि किसी लाभार्थी को पहले अनजाने में या किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण अधिक राहत रकम मिल गई हो तो वह रकम वापस नहीं ली जाएगी। सीएम ने बताया कि वन टाइम एमनेस्टी योजना की कट-ऑफ तिथि को बढ़ाकर 1 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। कैबिनेट ने एड-हॉक मंथली रिलीफ की बकाया रकम के पेमेंट को भी मंजूरी दे दी है।

# बाल विकास शिविर में मिल रही योग की शिक्षा

**NBT न्यूज, नई दिल्ली:** राम मंदिर सी-3, जनकपुरी में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित बाल विकास शिविर में 80 बच्चें भाग ले रहे हैं। इन्हें पं. धर्मानंद जोशी, बीएल पाराशर, जेपी शर्मा, एमके वधवा आदि के संयोजन में 10 जून तक योग, ध्यान व नैतिक शिक्षा दी जाएगी।

स्पीकिंग ट्री धर्म कर्म

**प्रतिष्ठा:** श्री दिगंबर जैन लाल मंदिर चांदनी चौक में आचार्य श्री अतिवीरजी के सान्निध्य में 8वें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु जी की प्रतिमा चांदी के सिंहासन पर विधि पूर्वक विराजमान की गई। मंदिर मैनेजर पुनीत जैन और जिनेंद्र जैन आदि ने विनयांजलि अर्पित की।

**ज्ञान संस्कार शिविर:** दि. जैन मंदिर बी-40 शकरपुर में अनेकांत ज्ञान संस्कार शिविर में 150 बच्चों को डॉ. सोनल जैन, पं. आलोक, संगीता, प्रेरणा, बीना, दीप्ति, पारूल व रितु जैन ने नैतिक शिक्षा प्रदान की। समापन पर मंदिर के मंत्री महावीर प्रसाद, निगम पार्षद रामकिशोर ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

**चातुर्मास:** दि. जैन मंदिर अशोक विहार फेज-दो में अध्यक्ष नानक चंद जैन के अनुसार आचार्य श्री सौभाग्य सागरजी चातुर्मास स्थापित करेंगे।

**सत्संग:** चिंता हरण मंदिर पटेल धाम, चाणक्यपुरी में पंडित प्रेम वल्लभ पाठक ने कहा कि मनुष्य का न तो जन्म उसकी इच्छा से हुआ है और न मृत्यु उसकी इच्छा से होगी, इसलिए संकट के समय धैर्य से काम लें।


TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

**बिजनेस**

**बिजनेस प्रस्ताव**

FOR SALE - INCENSE FMCG BRAND Well - established dhoop agarbatti brand with complete business setup, packaging, website & digital assets available for acquisition. Cont: 9811844022

**भर्ती**

**भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति**

**अन्य रिक्तियां**

**सामान्य**

**चाहिए** पढ़े लिखे सप्लाई हेतू, नवयुवको की अपने कन्वेंस के साथ मिले. Standard Auto, K Bagh pillar no. 92. Near Haldiram # M. 9212327770

**सेवाएं**

**जासूस सेवा**

**शक,** तलाक, चरित्र, विवाह (कोर्ट सबूत) प्रॉपर्टी,व्यापार,पीछा संबंधी जांच, तहकीकात हेतु Intelligence Investigation Bureau: 9810-426431, 9810796560, 9821577365

**व्यक्तिगत**

**नाम परिवर्तन**

I, Saleha Begum W/O Shakil Ahmad Khan R/o G-56/9, Fourth Floor, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave Part-2, Jamia Nagar, Okhla, Delhi-110025 Have changed my name from Saleha Begam to Saleha Begum for all purpose.

I, Shane Ali Siddiquee S/O Abulghais Siddiquee R/o G-56/9, Fourth Floor, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave Part-2, Jamia Nagar, Okhla, Delhi-110025 Have changed my name from Shane Ali to Shane Ali Siddiquee for all purpose.

I, Tabassum Azimuddin Siddiqui W/O Mohd Azim Uddin R/o K-88, Abul Fazal Enclave Part-1, Okhla, Delhi-110025 Have changed my name from Tabassum Aara to Tabassum Azimuddin Siddiqui for all purpose.

I, Abulghais Siddiquee S/O Abdul Waheed R/o G-56/9, Fourth Floor, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave-2, Okhla, Delhi-110025 Have changed my name from Mohammad Abulghais to Abulghais Siddiquee for all purpose.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the general public that I, the undersigned advocate, am issuing this notice under the instructions and on behalf of my client, the Power of Attorney holder for Shri Vishal Verma, son of Shri Nirmal Singh Verma, currently residing at Flat No. 43, Block A-3, Sunshine Apartments, Paschim Vihar, New Delhi-110063.

My client's principal, Shri Vishal Verma, is the lawful lessee and is in peaceful, physical, and legal possession of the residential property described below:

- **Property Address:** Flat No. 32-B, First Floor, GREEN APARTMENTS, Block A-3, Paschim Vihar, New Delhi-110063 (hereinafter "the said property").
- **Lessor/Owner:** Shri Girish Kumar Ahuja, son of Shri B.N. Ahuja.
- **Lease Agreement:** The tenancy is governed by a registered Lease Deed executed on 14th February 2022, between Shri Girish Kumar Ahuja (Lessor) and Shri Vishal Verma (Lessee)

It has come to our knowledge that certain unknown, anti-social, and suspicious persons with vested interests are unlawfully threatening and coercively intimidating my client's principal, Shri Vishal Verma, to forcibly vacate the said property and hand over its possession to them. These individuals have no right, title, or interest whatsoever in the said property and their actions are entirely unlawful.

Therefore, through this notice, the general public is hereby cautioned:

1. Not to engage, entertain, or enter into any form of agreement, transaction, or dealing with any person(s) claiming rights over the tenancy or possession of the said property. Shri Vishal Verma is the sole and lawful lessee with the right to peaceful enjoyment.
2. Any person who deals with such unscrupulous individuals concerning the said property shall do so at their own risk, cost, and peril. Any such transaction will be considered illegal, void ab-initio, & will not be binding on my client or his principal.
3. My client is in the process of initiating appropriate civil and criminal proceedings against these miscreants for offences including but not limited to criminal intimidation, trespass, and extortion under the relevant provisions of law, such as:

- Section 503 of the Indian Penal Code, 1860 (IPC), which corresponds to Section 351 of the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 (BNS).
- Section 441 of the Indian Penal Code, 1860 (IPC), which corresponds to Section 329 of the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 (BNS).

This notice is issued to forewarn all concerned parties and to protect the legal rights of my client's principal.

MS. Shilpa Sharma (Advocate)
EOS CHAMBERS OF LAW
C-58, Nizamuddin East, New Delhi - 110013 | Ph: 011-41639226, 01141639427

**मैं,** अजीत सिंह चौहान R/O A-416, सेक्टर-19, नोएडा, यह सूचित करता हूँ कि मेरा नाम गलती से अजीत सिंह लिखा गया है। भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए मेरा सही नाम अजीत सिंह चौहान होना चाहिए।

**लापता**

**गुमशुदा की तलाश**



लापता लापता

गोपाल दत्त जोशी (आयु 59 वर्ष)

दिनांक 06-05-2026 को शाम 6 बजे से लापता है। कद 5.6 इंच, चेहरा लंबा शरीर पतला कद: 5 फीट 6 इंच, अंतिम बार जिंदल पब्लिक स्कूल के पास, सुदामापुरी देखा गया।

पता बताने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा। संपर्क करें :- 8506889770, 9540183180

TIMES interact

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS

FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

Bennett & Coleman — THE TIMES OF INDIA

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

**टेंडर और नोटिस**

**निविदाएं (टेंडर्स)**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया — भारत सरकार का उपक्रम

प्रापण विभाग

यूनियन बैंक भवन, प्रथम तल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400 021. फोन-022-45653726

**ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के नवीनीकरण हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने GeM पोर्टल www.gem.gov.in के माध्यम से 2026-27 की अवधि के लिए बैंक के CASA खाताधारकों के लिए ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के नवीनीकरण के लिए अनुरोध (RFP)/निविदाएं आमंत्रित की हैं. जीईएम बोली दस्तावेज संख्या जीईएम/2026/बी/7576311 दिनांक 22.05.2026. निविदाओं की सूचना 22-05-2026 से 16-06-2026 की अवधि के दौरान बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in और सरकारी पोर्टल www.eprocure.gov.in पर उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए कृपया उपरोक्त वेबसाइट देखें. बैंक बिना कोई कारण बताए आरएफपी/निविदा को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

सहायक महाप्रबंधक

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया — भारत सरकार का उपक्रम

प्रापण विभाग

यूनियन बैंक भवन 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400 021.

**निविदा सूचना**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, प्रतिष्ठित विक्रेताओं से निम्नलिखित कार्यविवरण के लिए ई-निविदा प्रस्ताव आमंत्रित करता है.

जीईएम बोली संख्या जीईएम/2026/बी/7589267 दिनांक: 26.05.2026.

कार्य विवरण-दर संविदा के माध्यम से यूपीएस की आपूर्ति, स्थापना एवं अनुरक्षण हेतु निविदा आमंत्रण

निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय 26.05.2026 सुबह 11:00 बजे.

बोली पूर्व बैठक -04.06.2026 सुबह 11:00 बजे.

बोली समाप्ति तिथि/समय - 22.06.2026 अपराह्न 16:00 बजे.

अन्य जानकारी एवं बोली दस्तावेज़ डाउनलोड करने के लिए तथा निविदा में प्रतिभागिता के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) पोर्टल https://gem.gov.in को देखें.

HEALTH & WELLNESS — TIMES interact

गुप्त रोगी मिलें — घर बैठे दवा मगायें — सेक्स रोगी — शुगर मोटापा — बचपन की गलतिया — बवासीर, सफेद दाग/सोरायसिस — आकाश दवाखाना — समय 10-7 तक — एक्सप्रेस टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजाद पुर दिल्ली — 9953396533, 8860003863

36 वर्षों के अनुभवी — सैक्स रिलेटेड इशू — मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें — आजाद क्लीनिक — मैन रोहतक रोड़, भुतोवाली गली, नांग्लोई, दिल्ली-41 — 9873144909, 9821124909

सैक्स संबंधी रोग — मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें: — Dr. S. Kumar (BAMS) — नवीन क्लीनिक — मेन चौक नांगलाई, PNB BANK वाली गली में नई दिल्ली-110041 — 9811564909, 9210990444

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS — For booking please contact Aman : 9312633518 — TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

ASTRO ZONE — TIMES interact

समस्या बताए आसान हल पाए — भविष्यवक्ता वास्तुशास्त्री रत्न विशेषज्ञ — दयाल जी — SINCE 1985 — व्यापारिक ⋆ जायदाद संबंधी — पारिवारिक ⋆ नौकरी ⋆ तलाक — गृहकलेश ⋆ लव मैरिज — विवाह में अड़चन — विश्व के प्रथम डायमंड मैडल विजेता — भू.पू. राष्ट्रपति से सम्मानित — 93-1140-1150 — द्वारका / करोल बाग़ — सुशांत लोक-गुरुग्राम — मैट्रो स्टेशन के साथ — 47/13, Old Rajinder Nagar, N.D-60 — Dayal Darbar

PROPERTY FOCUS — TIMES interact

JDA & RERA APPROVED PLOTS — RERA No.: RAJ/P2025/4192 — JDA APPROVED — Gated Township — LOCATION — Nr. Nims & Amity University on Jaipur- Delhi Road — Plot Size Starting: From 122.22 sq.yard — 9649511512, 7231094888

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.

TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES

MATRIMONIAL — PROPERTY — BUSINESS — RECRUITMENT, EDUCATION — CHANGE OF NAME, LOST & FOUND — SHOPPING — TENDER, PUBLIC NOTICE — SERVICES, VEHICLES, TRAVEL — BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 98992 68321 |


Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds ₹2,990 ₹249 92% OFF YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch ₹4,999 ₹349 93% OFF YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB ₹59,900 ₹5,399 91% OFF YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV 89% OFF YOU SAVE ₹25,800
realme Narzo N55 (6GB+128GB) ₹13,999 ₹799 94% OFF YOU SAVE ₹13,200
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) 90% OFF YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic ₹14,999 ₹1,499 92% OFF YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD ₹6,999 91% OFF YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT Backpack ₹1,999 ₹149 93% OFF YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000 ₹1,995 ₹199 90% OFF YOU SAVE ₹1,796
AGARO Air Fryer 4.5L ₹6,999 ₹699 90% OFF YOU SAVE ₹6,300
PUMA Men's Running Shoes ₹3,999 91% OFF YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS Study Headphones with Mic ₹1,499 ₹169 89% OFF YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE Laptop Table Foldable ₹1,299 ₹129 90% OFF YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker ₹3,999 ₹199 95% OFF YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

# नकली RO फिल्टर की फैक्ट्री पकड़ी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

## फैक्ट्री का मालिक हुआ गिरफ्तार

- क्राइम ब्रांच ने पुल प्रह्लादपुर के गोदाम में मारा था छापा
- 2,932 नकली RO फिल्टर, मेम्ब्रेन, फिल्टर कैप, पैकेजिंग का सामान और ब्रैंडिंग के अलावा पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली मशीनें बरामद
- नामी ब्रैंड केंट, एक्वॉगार्ड और हैवेल्स का इस्तेमाल हो रहा था



**क्राइम ब्रांच** ने छापा मारकर नामी कंपनियों के नकली RO फिल्टर बनाने और बेचने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया, जहां से 2,932 नकली RO फिल्टर बरामद किए हैं। मालिक मोहम्मद तबरेज को गिरफ्तार किया, जो नामी ब्रैंड केंट, एक्वॉगार्ड और हैवेल्स का इस्तेमाल कर रहा था।

डीसीपी (क्राइम) संजीव कुमार यादव के मुताबिक, एंटी रॉबरी एंड स्नैचिंग सेल (ARSC) को पुल प्रह्लादपुर स्थित एक गोदाम में बड़ी मात्रा में नकली RO फिल्टर और उनसे जुड़े सामान को स्टोर करने और बाजार में बेचने की सूचना 27 मई को मिली थी। एसीपी संजय कुमार नागपाल की देखरेख में इंस्पेक्टर मंगेश त्यागी की टीम ने छापेमारी की। यहां मालिक मोहम्मद तबरेज मौजूद मिला। तलाशी में नकली RO फिल्टर, मेम्ब्रेन, फिल्टर कैप, पैकेजिंग का सामान और ब्रैंडिंग के अलावा पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली मशीनें भी रिकवर हुईं। नामी कंपनियों के प्रतिनिधियों को मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने जांच के बाद बरामद प्रोडक्ट्स को नकली और कॉपीराइट का उल्लंघन करने वाला करार दिया। आरोपी तबरेज बिहार के नालंदा जिले से है, जो 2011 में दिल्ली आया था। शुरुआती दिनों में वह बैटरी से संबंधित काम करता था, जिसने बाद में RO सर्विसिंग का काम सीखा। अब करीब 8-9 महीने पहले किराए पर यह फैक्ट्री/गोदाम शुरू किया था। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नकली फिल्टर बनाने के अलावा स्टोर, सप्लाई और बेचने में और कौन-कौन शामिल थे।

# ITO: बिल्डिंग में आग, 40 फायर कर्मियों ने पाया काबू

■ NBT न्यूज, आईटीओ



**आईटीओ स्थित** विकास मार्ग पर पीडब्ल्यूडी हेड क्वॉर्टर के पास एक बिल्डिंग में सोमवार सुबह आग लग गई। फायर कंट्रोल रूम को सुबह 9:37 पर मामले की सूचना मिली। मौके पर आग बुझाने वाली आठ गाड़ियां भेजी गईं।

> विकास मार्ग पर PWD हेड क्वॉर्टर के पास स्थित है बिल्डिंग

फायर हेड क्वॉर्टर से डिविजनल ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि आग सेकंड फ्लोर पर ऑफिस में लगी थी। मौके पर डीओ सोमवीर सिंह, एडियो भूपेंद्र और एसटीओ नवनीत की टीम को भी भेजा गया था।

डीसीपी सेंट्रल रोहित राजबीर सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के ऑफिस में यह हादसा सेकंड फ्लोर पर हुआ था। आईपी स्टेट थाने की पुलिस टीम को भी मौके पर तुरंत भेजा गया। बिल्डिंग में तैनात एक कर्मचारी सौरभ शर्मा ने पीसीआर कॉल करके आग लगने के बारे में जानकारी दी थी। बताया कि एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक के फैकल्टी रूम में आग लग गई है। जब मौके पर फायर कर्मियों की टीम वहां पहुंची तो बाहर धुआं ही धुआं था। समय रहते आग को बुझा लिया गया। कोई हताहत नहीं हुआ।

## मकान में आग

■ **NBT न्यूज, पहाड़गंज:** पहाड़गंज स्थित फर्नीचर मार्केट में एक पुरानी बिल्डिंग में सोमवार को आग लग गई। फायर ब्रिगेड की 6 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। स्टेशन ऑफिसर राजेंद्र सिंह ने बताया कि आग को समय रहते बुझा लिया गया।

## बिल्डिंग जली

■ **NBT न्यूज, मुखर्जी नगर:** नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में रविवार रात 3 मंजिला मकान में आग लग गई। फायर कंट्रोल रूम को रात साढ़े 10 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे में देर रात 12 बजे आग पर काबू पाया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

# बच्चियों को पुलिस दे रही सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

■ नवीन निश्चल, द्वारका



**दिल्ली में** स्कूल, कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देने का अभियान लगातार दिल्ली पुलिस चला रही है। इसी कड़ी में द्वारका सेक्टर-2 स्थित गवर्नमेंट स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 12 दिनों में 2601 बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए SPUWC (स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वुमन एंड चिल्ड्रेन) की टीम प्रयास कर रही है।

कैंप की इंचार्ज इंस्पेक्टर वंदना राव ने बताया आत्मनिर्भर इस मायने में करना है कि किसी भी कठिन परिस्थिति में वो आत्मरक्षा कर सकें। जब बचपन से ही वो सतर्क रहेंगी तो आगे जिंदगी में और ज्यादा आसानी होगी। दिल्ली पुलिस में एएसआई और ब्लैक बेल्ट राजीव कुमार ने बताया कि ब्राउन बेल्ट हेड कॉन्स्टेबल सुनीता, समिता सहित कई महिला पुलिसकर्मियों की टीम ने इस कैंप की शुरुआत 29 मई से की है। जो 11 जून तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि आजकल साइबर क्राइम को देखते हुए भी बच्चियों को अलर्ट कर रहे हैं। ये अलर्ट होंगे और सीखेंगे तो वो घर परिवार में पैरंट्स और आसपड़ोस के लोगों को भी सतर्क करने में अहम भूमिका निभाएंगी।

# 9 साल पहले की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** एक सनसनीखेज हत्याकांड के फरार आरोपी चंदन कुमार (46) को करीब नौ साल बाद बिहार से गिरफ्तार किया है। डीसीपी (क्राइम) संजीव कुमार यादव के मुताबिक, ये जीजा के साथ बहन की हत्या में शामिल था, जिसे 50 लाख रुपये की इंश्योरेंस की रकम और मकान हड़पने के लिए अंजाम दिया गया था। दूसरे फरार आरोपी इसके भाई की 2018 में मौत होने की बात सामने आई है। बुराड़ी में 2017 में हुए इस मर्डर के मुख्य आरोपी को पकड़ लिया गया था।

> मकान हड़पने के लिए हत्या की थी

# सूर्या हत्याकांड में असद के घर चलेगा बुलडोज़र!

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद:** खोड़ा में 28 मई को हुए सूर्या चौहान हत्याकांड के मुख्य आरोपी असद के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद अब प्रशासन उसके मकान पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में है। इसके लेकर सोमवार को प्रशासन की टीम असद के घर पहुंची और मकान को अवैध बताते हुए नोटिस चस्पा कर 15 दिन में उसे खाली करने को कहा। इसके बावजूद अगर मकान खाली नहीं किया गया तो प्रशासन खुद मकान को ध्वस्त करने की कार्रवाई करेगा। डीएम रवींद्र मांदड़ ने बताया कि हत्याकांड के मुख्य आरोपी असद और उसके पिता नवाब की संपत्ति का सर्वे शुरू किया गया है।

# पैरा एथलीट के मर्डर में दो आरोपी अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद:** साईं उपवन में 30 मई को पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी यश खटीक और उसके साथी जिम ट्रेनर गगन त्यागी को गिरफ्तार किया। एक आरोपी फरार है। पूछताछ में पता चला कि मुख्य आरोपी यश चिराग की उपलब्धियों से जलता था। इसके अलावा उसे शक था कि उसके डॉक्युमेंट्स को लेकर चिराग ने ही शिकायत की थी। इसी वजह से उसका एशियन गेम्स में चयन नहीं हो सका। ऐसे में वारदात को अंजाम देने के लिए उसने अपने साथी गगन त्यागी की मदद से अभय नामक शख्स से पिस्टल खरीदी थी।


विज्ञापन संख्या 59/2026

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड
में
निदेशक (परियोजनाएं)

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 22.06.2026 (15:00 बजे तक) है।

नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 01.07.2026 (17:00 बजे तक) है।

जानकारी के लिए वेबसाइट https://pesb.gov.in में लॉग इन करें।

BASMATI EXPORT DEVELOPMENT FOUNDATION | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार | एपीडा APEDA

बासमती निर्यात विकास फाउंडेशन (बीईडीएफ)
(एपीडा, वाणिज्य मंत्रालय द्वारा स्थापित)
रजि. ऑफिस : तीसरी मंजिल, एनसीयूआई ऑडिटोरियम बिल्डिंग, अगस्त क्रांति मार्ग, (एशियाड विलेज के सामने), नई दिल्ली-110016
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

भर्ती सूचना

**बासमती निर्यात विकास फाउंडेशन (बीईडीएफ), नई दिल्ली** द्वारा अनुबंध आधार पर **सलाहकार, परामर्शदाता, प्रयोगशाला विश्लेषक, विषय विशेषज्ञ** के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

पात्रता मानदंड, योग्यता, नियुक्ति की अवधि, अंतिम तिथि के संबंध में जानकारी और अन्य विवरण **www.apeda.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

निदेशक
बीईडीएफ

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, नवा तल,
दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली 110002

FileNo. DH&FW/33/2025-SOC-HFW Department/E275729/

भर्ती सूचना

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के अधीन सोसाइटी अस्पताल/स्वायत्त संस्थान दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (DSCI), दिलशाद गार्डन, दिल्ली - 110095 में निदेशक के पद हेतु योग्य अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

विस्तृत विज्ञापन आवश्यक योग्यता, वेतनमान, आयु की जानकारी हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार की वेबसाइट http://health.delhigovt.nic.in देखें।

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि: 30/06/2026, 05:00 मध्याह्न**

(उप - सचिव)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार

DIP/Shabdarth/Classified/0084/26-27

31st ANNIVERSARY

तमसो मा ज्योतिर्गमय
IME Institute of Management Education
Sahibabad (NCR) Ghaziabad (INDIA)
Estd. 1995


ADMISSIONS 2026-27

MBA | MCA | LLB
BBA | BCA | BA LLB

OUR PARTNERS: AICTE | AKTU | UGC | CCSU, Meerut | NAAC

VALUE ADDED COURSES
- CYBER SECURITY PROGRAM
- BFSI
- ARTIFICIAL INTELLIGENCE PROGRAM
- ADVANCE EXCEL WITH POWER BI
- ADVANCE FINANCIAL ACCOUNTING
- PYTHON CERTIFICATION
- SOFT SKILLS PROGRAM
- INTERVIEW PREPARATION
- RESUME BUILDING BY EXPERTS
- DATA ANALYTICS
- CIS (CUSTOMER INFORMATION SYSTEM)
- ADVANCE JAVA PROGRAMMING WITH GENERATIVE AI

RADHIKA MERIT SCHOLARSHIP
FOR MERITORIOUS STUDENTS UPTO 40%
(ONLY IN 1ST YEAR) IN ALL UG AND PG COURSES



IME - A WORKSHOP OF EDUCATION...NOT A SHOWROOM

MoU's: BAJAJ FINSERV | ICTACADEMY | Anudip | TATA STRIVE | NIIT FOUNDATION | DUCAT | PLAAB

Main G.T. Road, Sahibabad, Ghaziabad, U.P. - 201005
(Between Mohan Nagar & Dilshad Garden Metro Station)
CALL : 9599706361/62/63/64/65
www.imesahibabad.ac.in
Apply Now

पेड़ लगाओ पानी बचाओ जनसंख्या को जन बाढ़ न बनाओ



Residential / Day Boarding | Fully Air-Conditioned Campus
Sohna Road, Gurugram, Delhi NCR

GD GOENKA UNIVERSITY
Thrive. For life.

Admissions Open, Academic Year 2026-27

NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY | Recognised as **India's Best Education Brand 2026** by ET Edge | Association of Indian Universities (AIU) | Association of Commonwealth Universities (ACU) | International Association of Universities (IAU)

Avail Scholarships of up to 100% Based on Merit

(Based on Class 12 Marks)

| Eligibility Criteria | Scholarship |
|---|---|
| 95% and above aggregate in 10+2 of CBSE or Equivalent | 100% Scholarship in Academic Fee |
| 92% to 94.99% aggregate in 10+2 of CBSE or Equivalent | 50% Scholarship in Academic Fee |
| 88% to 91.99% aggregate in 10+2 of CBSE or Equivalent | 30% Scholarship in Academic Fee |
| 80% to 87.99% aggregate in 10+2 of CBSE or Equivalent | 20% Scholarship in Academic Fee |
| 70% to 79.99% aggregate in 10+2 of CBSE or Equivalent (Applicable only for B.Sc Agriculture & B.Pharmacy program) | 10% Scholarship in Academic Fee |

(Based on JEE Mains percentile)

| Eligibility Criteria | Scholarship |
|---|---|
| 90 and above Percentile | 50% |
| 80 - 89.99 Percentile | 25% |
| 75 - 79.99 Percentile | 15% |
| 70 - 74.99 Percentile | 10% |

INDUSTRY-ALIGNED PROGRAMMES AT GD GOENKA UNIVERSITY

Admissions Open through Lateral Entry / Migration

Engineering & Sciences

B.Tech. in Computer Science and Engineering
B.Tech. CSE in Artificial Intelligence and Machine Learning (AI & ML)
B.Tech. in Artificial Intelligence and Data Science (AI & DS)
with Curriculum Aligned to NVIDIA Deep Learning Institute (DLI) — in association with NVIDIA

B.Tech. in Cyber Security with Curriculum Aligned to CompTIA — in association with CompTIA

B.Tech. in Computer Science & Engineering with a specialization in Quantum Computing
B.Tech. in Electronics & Communication Engineering with a specialization in Quantum Technology — in association with PRENISHQ

B.Tech in Civil Engineering (Global Integrated Program 2+3 France Pathway)
Study 2 Years at GD Goenka University + 3 years in France (Builders University)

B.Tech. in Mechanical Engineering, Specialization in EV — in association with iCAT

B.Tech. in Electronics and Communication: Internet of Things | Biomedical Engineering | VLSI — in association with BOSCH

BCA / BCA (Hons.)
- BCA - Artificial Intelligence & Machine Learning in association with Microsoft Cloudthat
- BCA - Data Science in association with Microsoft Cloudthat
- BCA - Cyber Security in association with CompTIA
in association with Microsoft

B.Sc. - Hons. / M.Sc. - Forensic Science / Microbiology / Biotechnology

Master in Computer Application MCA
MCA - Generative AI - NVIDIA MCA - Data Science - NVIDIA
MCA - Cyber Security - CompTIA
MCA - Block Chain Technologies
in association with NVIDIA

Ph.D. Doctor of Philosophy Full Time | Part Time

Centre of Aerospace & Energy Studies

B.Tech Aerospace Engineering: Aeronautics / Astronautics / Avionics / Defence Technologies — EXPANSE
B.Sc. Aviation with CPL — REDBIRD FLIGHT TRAINING
B.Sc. Aviation with Pathway to Pilot Program USA/Europe — With Guaranteed International Placement
M.Tech Aerospace Engineering: UAV Design / Space Technology
M.Tech Computational Mechanics — 1 full year Internship Abroad
B.Tech Energy Engineering: Renewable Energy / Nuclear Energy / Oil & Gas Systems / Green Energy Certification — Guaranteed placement for the first 20 students
M.Tech: Renewable Energy Engineering & Nuclear Engineering — Dual Degree with Second Year in France
MBA Aviation Management / MBA Energy Management — Dual Degree with Second Year in Canada

Centre of Excellence in Occupational Health, Safety, Fire & Environment

B.Tech. Fire & Safety Engineering
M.Tech (Part Time / Full Time ) - Health Safety & Environmental Engineering: Specialisation in Disaster Management, Fire & Safety, ESG & Sustainability
MBA - (ESG & Sustainability Management)*
M.Tech (Part Time / Full Time) - Environmental Engineering Specialisation in ESG & Sustainability Engineering
Advance Diploma in Industrial Safety
Certificate in ESG & Sustainability (6 months)

Agricultural Sciences — Accreditation by ICAR

Bachelor of Science (Hons.) Agriculture with Artificial Intelligence
MBA - Agri Business Management*
M.Sc. (Master of Science in Agriculture): Agronomy / Soil Science and Agricultural Chemistry / Genetics & Plant Breeding / Plant Pathology / Agricultural Entomology / Horticulture / Agricultural Economics / Agricultural Statistics / Plant Protection / Agricultural Extension
Ph.D. Doctor of Philosophy Full Time | Part Time

Management

Global BBA Program — 2 Years in India + 2 Years Abroad with Temple University (US & Italy)
BBA / BBA (Hons.): Finance / International Business / Entrepreneurship / Human Resource Management / Marketing / Operations IT and Supply Chain Management / Artificial Intelligence & Machine Learning / Business Analytics / Digital Marketing
MBA: Finance / Entrepreneurship / Human Resource Management / International Business / Marketing / Operations, IT and Supply Chain Management / Business Analytics / Artificial Intelligence & Machine Learning
in association with Grant Thornton
B.Com/ B.Com Hons. in association with ACCA
Ph.D. Doctor of Philosophy Full Time | Part Time

Law — Approved by BAR COUNCIL OF INDIA

Integrated BA. LL.B (Hons.)
Integrated BBA. LL.B (Hons.)
LL.B (Hons.)
LL.M
Ph.D. Doctor of Philosophy Full Time | Part Time

Healthcare & Allied Sciences — Fortis | Park Hospital | Aarvy | PARAS HEALTHCARE

Pharmaceutical Sciences (Approved by): Bachelors in Pharmacy; Masters in Pharmacy — Pharmaceutics/ Pharmacology /Pharmacognosy
Physiotherapy: Bachelor of Physiotherapy | Masters of Physiotherapy: Musculoskeletal / Neurology
Bachelor of Science (B.Sc. Nursing) — Approved by Haryana Nurses and Nurse-Midwives Council and Indian Nursing Council
B.Sc. (Hons.) in Cardiovascular Technology
B.Sc. (Hons.) in Medical Radiology & Imaging Technology
Optometry: Bachelors of Optometry; Masters of Optometry — Indira Gandhi Eye Hospitals | himalaya | AEDI A social Enterprise
Masters in Public Health
Clinical Embryology: Masters of Science in Clinical Embryology / Integrated Masters of Science in Clinical Embryology / PG Diploma in Clinical Embryology
Ph.D. Doctor of Philosophy Full Time | Part Time

Hospitality & Tourism — in academic collaboration: LE CORDON BLEU | LCOE LEELA CENTRE OF EXCELLENCE

BBA (Hons.) in Hospitality Management
BA (Hons.) Culinary Arts
Diploma in Culinary Arts
Diploma in Pastry Arts
MBA in Hospitality & Tourism*
Ph.D. Doctor of Philosophy Full Time | Part Time

Liberal Arts — Fortis | भारतीय पुनर्वास परिषद

B.A/ B.A. Hons. Psychology
B.A. (Hons.) in Liberal Arts — Temple University: Major in : English, Political Science, Economics, Sociology; Minor in : English, Political Science, Economics, Sociology, Psychology; 2 Years in India + 2 Years Abroad with Temple University (US & Italy)
B.Sc. in Clinical Psychology (Hons.) — RCI Approved
M.A. in Political Science International Relations / Public Policy
M.A. Psychology
Ph.D. Doctor of Philosophy Full Time | Part Time

UID School of Fashion & Design — Unitedworld Institute of Design (UID) — UID Ignite your ambition
Industrial Design / Fashion & Lifestyle / Communication Design / Animation & Game Design / Interior & Spatial Design / Interdisciplinary Design/ Integrated Design

*MBA (*Degree to be awarded by the School of Management)

LEED Platinum — Commitment to Sustainability: LEED v4.1 EBOM Platinum Level Certification Rankings 2025
Great Place To Work Certified — GD Goenka Group is a Great Place to Work® Certified™, 2025
nirf — NIRF Ranking 2025 90th Pharmacy ranked
QS I-GAUGE — Institution of Happiness 2025-26
AACSB Business Education Alliance Member — Member-AACSB Since 2025
United Nations Academic Impact — Received Membership Recognition Under the United Nations Academic Impact initiative 2025-26
Outlook — 2nd Top Hotel Management Institutes in Delhi NCR 2024 by the Outlook I-CARE Survey

For Admissions Apply at: www.gdgoenkauniversity.com

For admissions Scan to apply

To apply for scholarships, visit www.gdgoenkauniversity.com
GD Goenka Education City, Sohna Road, Gurugram, Delhi NCR
Connect
9910000062 / 9818171304

GD GOENKA UNIVERSITY
Thrive. For Life.

GD/rapidexadvertising/0626

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 06-01-2026 23:32 Color:



JEE एडवांस्ड के नतीजे

टॉपर शुभम कुमार ने 360 में से 330 नंबर पाए, महिला कैंडिडेट्स की सफलता का नया रिकॉर्ड

# सबसे ज़्यादा क्वॉलिफाई, कटऑफ में भारी इज़ाफा

File



टॉप 10 में दिल्ली जोन से 5 टॉपर हैं, बॉम्बे जोन से 2, मद्रास जोन से 3 छात्र टॉप 10 में हैं। अब शुरू होगी काउंसलिंग की रेस।

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** देश के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IITs) और अन्य प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए हुई परीक्षा JEE एडवांस्ड 2026 के नतीजे घोषित कर दिए गए। अब मंगलवार से जॉइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी यानी जोसा (JoSAA) की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 2026 के एग्जाम रिजल्ट आने के बाद कई नए रेकॉर्ड बने हैं। पहला रेकॉर्ड सबसे ज्यादा सफल कैंडिडेट का बना है। जेईई एडवांस्ड की अब तक हुई परीक्षाओं में 2026 में सबसे ज्यादा 56,880 कैंडिडेट्स काउंसलिंग के लिए क्वालीफाई घोषित किए हैं, जिनका प्रतिशत 31.65 है। 2025 में 30.13 प्रतिशत यानी 54378 कैंडिडेट क्वालीफाई हुए थे। इस साल कॉम्पिटिशन काफी बढ़ा है। जेईई एडवांस्ड 2026 के नतीजों में सबसे बड़ा उलटफेर कटऑफ मार्क्स में देखने को मिला है। इस बार क्वेश्चन पेपर टफ था, जिसको देखते हुए कटऑफ गिरने का

## 56,880

**छात्र क्वालिफाई, 2025 से ज्यादा कटऑफ**

अनुमान लगाया जा रहा था लेकिन इसके उलट कटऑफ बढ़ गई। जनरल कैटिगरी के लिए मिनिमम एग्रीगेट मार्क्स 18 नंबर की बढ़ोतरी के साथ 92 तक पहुंचे। 2025 में यह 74 थे। सब्जेक्ट वाइज कटऑफ में भी 1 नंबर की बढ़ोतरी हुई है। 2026 में जनरल कैटिगरी के लिए हर एक सब्जेक्ट में मिनिमम मार्क्स 8 है जबकि 2025 में यह 7 अंक थी। OBC-NCL रैंक लिस्ट 66 से बढ़कर 82 हो गई है। एससी-एसटी रैंक लिस्ट 37 से बढ़कर 46 हो गई है। इसी तरह से हर कैटिगरी में कटऑफ नंबर बढ़े हैं। टॉप 10 में दिल्ली जोन से 5 टॉपर हैं, बॉम्बे जोन से 2, मद्रास जोन से 3 छात्र टॉप 10 में हैं। महिला कैंडिडेट्स की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी हुई है। इस साल 10,107 लड़कियां सफल हुई हैं। 2025 में यह संख्या 9,404 और 2024 में 7,964 थी।

### मद्रास जोन में सबसे ज्यादा कैंडिडेट सफल

जोन के हिसाब से रिजल्ट देखें तो आईआईटी मद्रास जोन से सबसे ज्यादा 14,294 कैंडिडेट सफल हुए, इसके बाद आईआईटी बॉम्बे से 12,389 और आईआईटी दिल्ली से 10,697 कैंडिडेट ने सफलता हासिल की। टॉप 10 में सबसे ज्यादा 5 कैंडिडेट्स दिल्ली जोन से हैं। 2 जून से रजिस्ट्रेशन और चॉइस फिलिंग का प्रोसेस शुरू हो जाएगा। https://josaa.nic.in/document/josaa-schedule-2025/ पर डिटेल शेड्यूल की जानकारी मिल जाएगी। JoSAA देश भर के जाने माने इंजिनियरिंग संस्थानों में बीटेक कोर्सेज में दाखिले के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया कंडक्ट करती है। जिसमें 23 आईआईटी, 31 एनआईटी, 26 IIIT, 47 दूसरे सरकारी संस्थान होते हैं।

## प्रेशर में नहीं आए, खेलों से बनाया संतुलन

Uday.Jagtap
@timesofindia.com

जेईई एडवांस्ड में टॉप 10 में दिल्ली जोन के स्टूडेंट्स ने पांच स्थानों पर कब्जा जमाया है। बिहार के शुभम ने 360 में से 330 अंक हासिल कर ऑल इंडिया में पहली रैंक पाई। दिल्ली के दर्श सिक्का को ऑल इंडिया 10वीं रैंक मिली है। गुरुग्राम के कबीर छिल्लर दूसरे, जतिन चाहर तीसरे और अर्नव गौतम सातवें स्थान पर रहे।टॉपर्स का कहना है कि खुद को प्रेशर से दूर रखना हर छात्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है। खेल, म्यूजिक, दोस्तों से बातचीत और परिवार के साथ समय बिताने से उन्हें तनाव कम करने में मदद मिली। छात्रों ने कहा कि लगातार पढ़ाई के बजाय सही रणनीति, नियमित रिवीजन और मानसिक संतुलन सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर टाइम मैनेजमेंट पर खास ध्यान दिया। टॉपर्स ने सफलता के लिए टाइम मैनेजमेंट और मानसिक संतुलन को अहम बताया।

### कड़ी मेहनत ही है सफलता का राज



शुभम कुमार

मूल रूप से गया के रहने वाले ऑल इंडिया टॉपर शुभम कुमार ने सफलता के लिए कड़ी मेहनत, खुद पर भरोसे और निरंतर प्रयास को श्रेय दिया है। तैयारी के लिए कोटा जाने वाले शुभम का कहना है कि यह सब कुछ कड़ी मेहनत का खेल है। उन्होंने कहा कि यह कामयाबी सिर्फ उनकी नहीं है, बल्कि उनके शिक्षकों की भी है जिन्होंने उनको सही गाइडेंस दिया। इस कठिन तैयारी के दौरान खुद को प्रेरित रखना जरूरी था। जब आप कुछ हासिल करने की ठान लेते हैं, तो अंदर से प्रेरणा अपने आप आती है। बाकी छात्रों की तरह मुझ पर भी दबाव था।

### मैथ्स को लेकर दिलचस्पी बढ़ी



कबीर छिल्लर

रैंक 2 हासिल करने वाले कबीर छिल्लर की साइंस और मैथ्स में दिलचस्पी लॉकडाउन में घर पर रहने के दौरान बढ़ी। कबीर ने बताया, मैं कुछ चुनौतीपूर्ण करना चाहता था। मैंने ऑनलाइन क्लास जॉइन कर ली और यहीं से मेरी तैयारी सीरियस हो गई। बाद में मेरा झुकाव बढ़ता देख फैमिली ने आगे की पढ़ाई के लिए कोटा भेज दिया। मैंने पक्का इरादा किया था कि अब जीतकर ही लौटूंगा। मैंने खुद को प्रेशर में नहीं आने दिया। पांच घंटे कॉचिंग और छह घंटे सेल्फ स्टडी करने के बावजूद मैंने फुटबॉल खेलने, साइकिल चलाने के लिए समय निकाल पाया।

### बीमारियों से घिरे रहे, पर नहीं छोड़ा हौसला

झुंझुनू जिले के रहने वाले जतिन चाहर ने विपरीत हालातों से लड़कर ऑल इंडिया रैंक 3 हासिल की है। तैयारी के दौरान उन्हें सेहत से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह दो बार पीलिया और एक बार टाइफाइड का शिकार हुए, जिसकी वजह से उन्हें करीब दो महीने तक अस्पतालों के चक्कर काटने पड़े। सीकर में रहकर छह साल तक क्लासरूम कोचिंग करने वाले जतिन ने हमेशा कॉन्सेप्ट समझने, रेगुलर रिवीजन और टेस्ट सीरीज को समझने पर जोर दिया। मुश्किल कैसी भी रही हो उन्होंने पढ़ाई का अनुशासन बनाए रखा। कक्षाओं में 7 से 8 घंटे पढ़ा करते थे।



जतिन चाहर

### तीसरी से ही मैथ्स में दिलचस्पी



दर्श सिक्का

ऑल इंडिया रैंक 10 हासिल करने वाले दर्श सिक्का ने दिल्ली के डीपीएस आरके पुरम से स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ कोचिंग क्लासेस अटेंड कीं। दर्श ने बताया कि तैयारी का सफर कभी-कभी तनावपूर्ण रहा, लेकिन मजेदार भी था क्योंकि उन्हें फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स के कठिन सवालों को हल करना बेहद पसंद था। मेरी मैथ्स में दिलचस्पी दूसरी या तीसरी क्लास में हो गई थी। पांचवीं तक आते-आते मैं इंटर-स्कूल प्रतियोगिताओं में भाग लेने लगा था, तभी मैंने तय कर लिया था कि आगे चलकर इसी क्षेत्र में जाना है। मैं कोचिंग मिलाकर दिन में 8 से 12 घंटे पढ़ता था, लेकिन शाम को दोस्तों के साथ खेलता था।

### बचपन से ही थी इंजीनियरिंग में रुचि



अर्नव गौतम

रैंक 7 हासिल करने वाले अर्नव गौतम राजस्थान के छात्र हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में उनका पुराना शानदार रेकॉर्ड रहा है। अर्नव ने कहा, बचपन से ही मुझे इंजीनियरिंग में रुची थी। नई मशीनों को लेकर मैं उत्साहित रहता था। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ओलंपियाड में भी मैंने हिस्सा लिया और अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी मां ने कहा, अर्नव पढ़ाई में बचपन से ही अनुशासित रहे हैं। उन्हें कभी पढ़ने के लिए कहना नहीं पड़ता था। अर्नव आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग करने की इच्छा रखते हैं। वह अपनी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ जेईई एडवांस्ड 2026 की तैयारी में जुटे हुए थे।

---

## SC में 5 नए जज नियुक्त, संख्या 37 हुई, सिर्फ 1 पद खाली

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। इसके साथ ही शीर्ष अदालत में जजों की कुल संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी, जो स्वीकृत क्षमता 38 से एक कम है। नए नियुक्त जजों में सीनियर सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता वेंकिता सुब्रमणि मोहना, बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस श्री चंद्रशेखर, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण पल्ली शामिल हैं।


**कानून मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी जानकारी**

## NTA ने संसदीय पैनल को NEET पर दी जानकारी

### दिग्विजय बोले- प्रधानमंत्री पर भरोसा, छात्रों के साथ अन्याय नहीं होगा

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

AI Image



NEET-UG के 21 जून को होने वाले री-एग्जाम से पहले सोमवार को शिक्षा मंत्रालय से जुड़ी संसदीय स्थायी समिति की अहम बैठक हुई। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में री-एग्जाम की तैयारियों, भविष्य की परीक्षा व्यवस्था और छात्रों के हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ NTA के डीजी भी मौजूद रहे।

सूत्रों के मुताबिक, समिति ने NTA से परीक्षा सुरक्षा, पेपर लीक रोकने के उपाय और छात्रों का भरोसा बहाल करने के लिए किए जा रहे इंतजामों की जानकारी मांगी। पेन एंड पेपर और CBT मोड पर भी चर्चा हुई। बैठक में दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा जताते हुए कहा कि सरकार छात्रों के साथ अन्याय नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि यह राजनीति नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की चिंता का विषय है। NTA ने समिति को बताया कि 21 जून के री-एग्जाम के लिए देशभर में सेंटरों की तैयारी की जा चुकी है। राज्यों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित ट्रांसपोर्टेशन के लिए वायुसेना की मदद लेने पर भी विचार किया गया है। समिति ने कहा, छात्रों का तनाव कम करना जरूरी है और ऐसी घटनाएं रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाया जाना चाहिए।

### परीक्षा पेन-एंड-पेपर मोड में ही

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को NEET-UG 2026 के री-टेस्ट को कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) मोड में कराने की मांग ठुकरा दी। अदालत ने कहा कि NTA पहले से कई समस्याओं का सामना कर रही है और मौजूदा हालात में परीक्षा को CBT मोड में कराना संभव नही है और परीक्षा पेन-एंड-पेपर मोड में ही होगी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने RJD सांसद सुधाकर सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले को 27 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया।

## बैंक फ्रॉड में CBI ने RCom के पूर्व MD को अरेस्ट किया

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/ मुंबई:** सीबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस से जुड़े हजारों करोड़ रुपये के कथित बैंक फ्रॉड केस में ग्रुप के पूर्व टॉप ऑफिसर अमिताभ झुनझुनवाला को गिरफ्तार कर लिया है। झुनझुनवाला रिलायंस कम्युनिकेशंस ग्रुप में ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर रहे हैं और कंपनी के कॉरपोरेट फाइनेंस, बैंकिंग, फंड मैनेजमेंट और लोन संबंधी मामलों की जिम्मेदारी संभालते थे। झुनझुनवाला पहले ही ED की जांच से जुड़े मामले में तिहाड़ जेल में हैं। CBI के मुताबिक झुनझुनवाला बैंकों से लोन हासिल करने की प्रक्रिया में प्रमुख भूमिका निभाते थे। जांच में सामने आया है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस को SBI के सुपरविजन वाले 11 बैंकों के कंसोर्टियम ने टर्म लोन मंजूर किए थे। आरोप है कि कर्ज की रकम समय पर नहीं चुकाई गई।

घुसपैठ-तस्करी पर लगेगी लगाम

## पाक और बांग्लादेश बॉर्डर पर लगेगी हाईटेक स्मार्ट फेंसिंग



Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** भारत-पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ और तस्करी रोकने के लिए नई डिजाइन की स्मार्ट फेंसिंग लगाई जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल में इसका जिक्र किया था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, यह फेंसिंग कुछ संवेदनशील इलाकों में लगाई भी जा चुकी है और वहां घुसपैठ, तस्करी तथा पशु चोरी की घटनाओं में कमी देखने को मिली है।

**एंटी कट, एंटी क्लाइंब और AI कैमरों से रहेगी नजर**

सूत्रों के मुताबिक, यह नई फेंसिंग एंटी कट और एंटी क्लाइंब तकनीक पर आधारित है। करीब 12 फीट ऊंची इस बाड़ को काटना या उस पर चढ़ना बेहद मुश्किल है। पुरानी डबल और ट्रिपल लेयर फेंसिंग की तुलना में इसकी सिंगल लेयर डिजाइन ज्यादा मजबूत मानी जा रही है। जालियों के बीच इतना कम गैप रखा गया है कि उंगली तक बाहर नहीं निकाली जा सकती। फेंसिंग के नीचे सुरंग खोदने से रोकने के लिए इसकी फाउंडेशन भी विशेष तरीके से तैयार की गई है। इसमें सेंसर और अलार्म सिस्टम लगाए गए हैं, जो किसी भी छेड़छाड़ या खुदाई की कोशिश पर तुरंत BSF कंट्रोल रूम को अलर्ट भेजेंगे। संवेदनशील इलाकों में थर्मल कैमरे और AI आधारित निगरानी सिस्टम लगाए जा रहे हैं।

### क्या है खासियत

नई स्मार्ट फेंसिंग में सेंसर, थर्मल कैमरे, AI तकनीक और अलार्म सिस्टम एक साथ काम करेंगे। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, सुरंग खोदने या बाड़ काटने की कोशिश पर कंट्रोल रूम को तुरंत सूचना मिल जाएगी। AI कैमरे इंसानों और जानवरों में अंतर पहचान सकेंगे। लेजर वॉल का भी परीक्षण हो रहा है, जिससे बिना छुए निगरानी संभव होगी।

## दो से तीन दिन में केरल पहुंच सकता है मॉनसून

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

FILE



**अपने सामान्य** समय एक जून पर मॉनसून भारत नहीं पहुंच सका। अब यह किसी भी समय केरल में दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 से 3 दिनों में दक्षिण पश्चिमी मॉनसून भारत पहुंच सकता है।

**मॉनसून के समय से पहले आने का था पूर्वानुमान**

मॉनसून को लेकर सबसे पहले पूर्वानुमान किया गया था कि यह समय से पूर्व पहुंचेगा। आईएमडी ने इसके 26 मई तक भारत पहुंचने का पूर्वानुमान किया था। मॉनसून की सामान्य तिथि एक जून है। इसे अब मॉनसून ने मिस कर दिया है। आईएमडी ने सोमवार को जानकारी दी कि अगले दो से तीन दिनों में मॉनसून दक्षिणी पश्चिमी और दक्षिणी पूर्व अरब सागर, लक्ष्यद्वीप समूह, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों समेत दक्षिणी पश्चिमी, पश्चिमी मध्य, पूर्व मध्य और उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों को कवर कर लेगा। इसके लिए स्थितियां अनुकूल बनी हुई है। स्काईमेट के अनुसार मॉनसून समय से पूर्व 16 मई को अंडमान सागर और दक्षिण श्रीलंका तक पहुंच गया था। इसके बाद यह सुस्त पड़ गया। आमतौर पर अंडमान से केरल पहुंचने में मॉनसून को एक हफ्ते का समय लगता है।

## 'कंडक्टर के इशारे पर बस चलाना अपराध नहीं'

### सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल पुराने हादसे में KSRTC बस चालक को बरी किया

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

AI Image




■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (KSRTC) के एक बस चालक को 2011 के सड़क हादसे में यात्री की मौत के मामले में बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि यदि चालक ने बस को रोकने और आगे बढ़ाने का काम कंडक्टर के संकेत पर किया, तो उसे स्वतः आपराधिक लापरवाही का दोषी नहीं माना जा सकता। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा, अभियोजन साबित नहीं कर सका कि चालक ने कोई ऐसा लापरवाह या उतावला कृत्य किया, जिससे सीधे दुर्घटना हुई हो। कोर्ट ने चालक की दोषसिद्धि और सजा दोनों रद्द कर दीं। मामला 17 अप्रैल 2011 का है। KSRTC की बस अथानी से मंगासुली जा रही थी। आरोप था कि मल्लैया मंदिर के पास यात्री शोभा बस से उतर रही थीं, तभी चालक ने बस आगे बढ़ा दी, जिससे वह गिर गईं और मौत हो गई।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### फैसला ड्राइवरों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा

फैसला बताता है कि चालक का कंडक्टर के संकेत पर बस चलाना अपराध नहीं माना जा सकता। इससे बस ड्राइवरों पर स्वतः आपराधिक लापरवाही थोपने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। साथ ही भविष्य में हादसों की जांच के दौरान कंडक्टर की भूमिका भी अहम मानी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सार्वजनिक परिवहन से जुड़े ड्राइवरों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है और आगे ऐसे मामलों में नजीर बन सकता है।

### कंडक्टर की गवाही अहम

अदालत ने कंडक्टर की गवाही को अहम माना। कंडक्टर ने बताया कि उसने यात्रियों के उतर जाने के बाद ही बस आगे बढ़ाने का संकेत दिया था। कोर्ट ने कहा कि चालक से यह उम्मीद नही की जा सकती कि वह बार-बार पीछे मुड़कर देखे कि सभी यात्री उतर चुके हैं या नहीं। उसका ध्यान सड़क और ड्राइविंग पर होना चाहिए।

### किसकी क्या जिम्मेदारी

फैसले में अदालत ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में चालक और कंडक्टर की जिम्मेदारियां अलग-अलग तय होती हैं। चालक का काम वाहन को सुरक्षित तरीके से चलाना होता है, जबकि यात्रियों को चढ़ाने-उतारने, बस रुकवाने की जिम्मेदारी कंडक्टर की होती है।

## उत्तराखंडः ट्रेकिंग पर गई महिला 3 दिन से लापता

■ **NBT रिपोर्ट, देहरादूनः** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले स्थित दयारा बुग्याल ट्रेक पर गई नैनीताल की 30 वर्षीय बबीता पांडेय पिछले तीन दिनों से लापता है। वह एक ट्रेकिंग एजेंसी के जरिए 10 सदस्यीय दल के साथ ट्रेक पर गई थीं।

**10 सदस्यीय दल के साथ दयारा बुग्याल ट्रैक पर गई थीं**

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात बबीता अपने टेंट से बाहर निकली थीं, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया। शनिवार सुबह ट्रैकिंग एजेंसी से जुड़े लोगों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन विभाग, पुलिस सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।

## गायिका सुमन कल्याणपुर को दी गई आखिरी विदाई

■ **भाषा, मुंबई :** मशहूर गायिका सुमन कल्याणपुर का सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। सुमन कल्याणपुर का रविवार शाम मुंबई स्थित उनके आवास पर निधन हो गया था। वह 89 वर्ष की थीं। उम्र संबंधी दिक्कतों के चलते उन्होंने अंतिम सांस ली।



रविवार को निधन हुआ था।

1960 और 70 के दशक में अपनी सुरीली आवाज से श्रोताओं के दिलों पर राज करने वाली सुमन कल्याणपुर ने हिंदी फिल्म संगीत को कई यादगार गीत दिए। 'ना ना करते प्यार तुम्हीं से कर बैठे', 'तुमने पुकारा हम चले आए', 'आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे' और 'बहना ने भाई की कलाई में' जैसे गीत आज भी संगीत प्रेमियों की पसंद बने हुए हैं। मराठी में उनकी जीवनी 'सुमन सुगंध' लिखने वाली मंगला खाडिलकर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह अपने पुराने गीत सुन रही थीं। उनका निधन शांतिपूर्वक हुआ। अविभाजित भारत के ढाका में जन्मीं सुमन कल्याणपुर बाद में मुंबई आकर बस गईं। उन्होंने हिंदी के अलावा मराठी, बंगाली, असमिया, ओड़िया और कन्नड़ समेत कई भाषाओं में हजारों गीत गाए। भारतीय संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनकी आवाज की तुलना अक्सर लता मंगेशकर से की जाती थी।

## त्विषा केसः CBI ने जोड़े 'मौत की रात' के सिरे

### सास पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह के भोपाल स्थित घर पहुंची टीम

Vishal.sharma3
@timesofindia.com

**त्विषा मौत** मिस्ट्री की तहकीकात अब उस मोड़ पर पहुंच गई है, जहां हर बयान, हर मिनट और हर गतिविधि को दोबारा परखा जा रहा है। सोमवार को सीबीआई की टीम त्विषा शर्मा की सास पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह के भोपाल स्थित घर पहुंची। कस्टडी में गिरिबाला और उनके बेटे समर्थ को भी लाया गया था। जहां 12 मई की रात त्विषा की मौत कैसे हुई, उस कथित क्राइम सीन को फिर से क्रिएट किया गया। ये सब इशारा दे रहे हैं कि जांच टीम अब उस सच के बेहद करीब पहुंच रही है, जो शायद अब तक सामने नहीं आया है क्योंकि इस बार तफ्तीश सिर्फ सवालों तक सीमित नहीं है।



जांच एजेंसी ने त्विषा के शरीर पर मिले चोट के निशानों, कथित दहेज प्रताड़ना और आर्थिक लेन-देन से जुड़े आरोपों पर भी सवाल जवाब किए। सूत्रों से पता चला कि गिरिबाला सिंह ने दावा किया कि त्विषा मानसिक तनाव और एंजाइटी से जूझ रही थी, उसे पर्सनैलिटी डिसऑर्डर था। हालांकि, शरीर पर मिले चोटों के निशानों को लेकर पूछे गए कुछ सवालों पर उनके जवाब जांचकर्ताओं को संतुष्ट नहीं कर सके। करीब तीन घंटे तक घर की छत पर क्राइम सीन बनाया गया। समर्थ ने अधिकारियों को बताया कि उसने त्विषा को फंदे से नीचे कैसे उतारा था।

### खुद को बेगुनाह बताया

सूत्रों ने बताया कि सीन रीक्रिएशन का मकसद था कि अब तक दिए गए बयानों की सच्चाई को परखा जा सके। जांच टीम यह समझना चाहती थी कि आखिर सबसे पहले त्विषा को किसने देखा। उसे नीचे किसने उतारा। पुलिस को सूचना देने में कितना समय लगा। नजदीकी अस्पताल की बजाय दूसरे अस्पताल क्यों ले जाया गया। सबसे बड़ा सवाल क्या उसे बचाने को CPR दिया गया था। पूछताछ में समर्थ सिंह ने खुद को बेगुनाह बताते हुए कहा है कि वह त्विषा से बेहद प्यार करता था। उसके मुताबिक, घटना वाले दिन दोनों ने 45 मिनट साथ टहलने के बाद टीवी देखा और खाना खाया था। उस दिन उनके बीच कोई विवाद नहीं हुआ। त्विषा प्रेग्नेंसी को लेकर परेशान थी।

## बंदर ने बरसाए 500-500 के नोट



■ **NBT रिपोर्टः** यूपी के बुलंदशहर कोर्ट परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक बंदर करीब 2 लाख रुपये से भरा बैग छीनकर नीम के पेड़ पर चढ़ गया। बैग में जमीन रजिस्ट्री के लिए स्टांप खरीदने की रकम रखी थी। कुछ देर बाद बंदर ने बैग खोलकर 500-500 के नोट हवा में फेंकने शुरू कर दिए। नोट गिरते देख लोग उन्हें लूटने दौड़ पड़े। काफी मशक्कत के बाद बैग वापस मिला, लेकिन करीब 40 हजार रुपये गायब बताए जा रहे हैं। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

# TMC में बढ़ी अंदरूनी कलह, पार्टी ने दो विधायक निकाले

## ममता बोलीं- TMC को कमज़ोर नहीं, मज़बूत कर रहे हैं विरोधी

■ **आईएएनएस/भाषा, नई दिल्ली/कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में TMC के भीतर जारी असंतोष और विवाद गहराता जा रहा है। पार्टी ने अपने दो विधायकों- ऋतोब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को निष्कासित कर दिया है। निष्कासन के बाद साहा ने दावा किया कि एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव में उन लोगों के हस्ताक्षर शामिल किए गए, जो संबंधित बैठक में मौजूद ही नहीं थे। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

उनके अनुसार, जिस सूची को मंजूरी दी गई, उसमें कई त्रुटियां थीं और उसकी जांच और सत्यापन की जिम्मेदारी अभिषेक बनर्जी की थी। साहा का आरोप है कि इस प्रक्रिया में सावधानी नहीं बरती गई, जिसके कारण विवाद पैदा हुआ।

वहीं, पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और TMC प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि कुछ लोगों के पार्टी छोड़ने से टीएमसी कमजोर नहीं होगी, बल्कि और अधिक मजबूत होकर उभरेगी।

सूत्रों ने बताया कि CID के जांच अधिकारी सोमवार को टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी के आवास पर पिछले 48 घंटों में दूसरी बार हस्ताक्षर जालसाजी मामले के सिलसिले में पहुंचे और उन्हें 8 जून को जांचकर्ताओं के सामने पेश होने के लिए एक और नोटिस दिया।

File



ममता बनर्जी ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को अराजक बताया।

### स्टूडेंट्स क्यों नहीं कर रहे प्रदर्शनः ममता

पूर्व CM ने छात्रों से सवाल किया कि वे विभिन्न मुद्दों पर प्रदर्शन क्यों नहीं कर रहे हैं। उन्होंने नीट में कथित अनियमितताओं का भी उल्लेख करते हुए कहा कि छात्रों को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए। उधर, TMC नेताओ के निष्कासन से पहले CM शुभेंदु ने राज्य सचिवालय में कहा था कि राज्य विधानसभा में फर्जी हस्ताक्षर के संबंध में शिकायतें इन विधायकों ने ही दर्ज कराई थी।

### बंगाल में 35 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली

■ **भाषा, कोलकाता** : बंगाल के राज्यपाल आर.एन. रवि ने राज्य मंत्रिमंडल विस्तार में 35 विधायकों को सोमवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की कुल संख्या 41 हो गई। बीजेपी के 13 विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, 3 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 ने राज्यमंत्री की शपथ ली।

# 'कॉकरोच' के फाउंडर 6 को आएंगे दिल्ली

## लोगों से कहा- प्रदर्शन में शामिल हों

■ **भाषा, नई दिल्ली** : कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने सोमवार को कहा कि वह परीक्षा संबंधित गड़बड़ियों के संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की शुरुआत के लिए 6 जून को भारत लौटेंगे। अमेरिका में रह रहे दीपके ने 'इंस्टाग्राम' पर एक विडियो में समर्थकों और छात्रों से दिल्ली में उनके विरोध-प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया।






दीपके शिक्षामंत्री का इस्तीफा मागंने के लिए करेंगे प्रदर्शन।

उन्होंने कहा, '6 जून को हवाई अड्डे पर मिलें। जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अनुमति मांगेंगे।'

# BJP छोड़ नई पार्टी बनाएंगे अन्नामलाई?

## आज नितिन नवीन से करेंगे मुलाकात

■ **आईएएनएस, कोयंबटूर**

**तमिलनाडु बीजेपी** के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई के राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। कोयंबटूर में उनके समर्थकों द्वारा लगाए गए विशाल पोस्टरों से अफवाहें हैं कि वह अलग राजनीतिक मंच बना सकते हैं।

4 जून को अन्नामलाई का जन्मदिन है। इससे पहले 'हमारे नेता, आइए और हमारा नेतृत्व कीजिए' जैसे नारों वाले पोस्टर लगाए गए थे। माहौल को और पेचीदा बनाते हुए अन्नामलाई सोमवार को नई दिल्ली रवाना हुए। मंगलवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात करेंगे। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में पार्टी में उनकी भविष्य की भूमिका और आगे की राजनीतिक रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है।

File



अन्नामलाई के राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

### अटकलों की वजह

अन्नामलाई ने सीबीएसई द्वारा मौजूदा शैक्षणिक वर्ष से नवीं कक्षा के छात्रों के लिए तीन-भाषा नीति लागू करने की हालिया घोषणा का विरोध किया और अधिसूचना वापस लेने की मांग की। उनके इस रुख से अटकलों ने जोर पकड़ा कि अन्नामलाई केंद्र सरकार का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि वह अपनी खुद की पार्टी जमीन पर उतारने की तैयारी कर रहे हैं।

अन्नामलाई ने तमाम अटकलों पर विस्तार से टिप्पणी से इनकार कर दिया। हालांकि, उन्होंने कहा कि इंतजार करें। हम दो दिन में बैठकर बात करेंगे।

# कर्नाटकः 4 राज्यसभा सीटों पर 18 को वोट

■ **भाषा, बेंगलुरु** : कर्नाटक की 4 राज्यसभा और 7 विधान परिषद सीट पर चुनाव के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। मतदान 18 जून को होगा। इन चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून है। नामांकन पत्रों की जांच 9 जून को की जाएगी। वहीं, उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 11 जून है। मतगणना 18 जून को ही मतदान की समाप्ति के बाद की जाएगी।

# BJP अध्यक्ष ने नागेंद्र नाथ को दी ज़िम्मेदारी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने 71 वर्षीय नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को पार्टी का राष्ट्रीय संगठक नियुक्त किया है। उनका केंद्र दिल्ली रहेगा। वे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक को सीधे संगठन महामंत्री बीएल संतोष और पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन तक पहुंचाते रहेंगे। अभी तक वह बिहार और झारखंड के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री का दायित्व संभाल रहे थे।

सं. 24011/01/2026-पी.पी (बी.I)
भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)
******

इस विभाग के अंतर्गत कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति के आधार पर संयुक्त सचिव स्तर (वेतन मैट्रिक्स का स्तर 14) पर एक सदस्य के पद के लिए आवेदन निमंत्रित किए जाते है। इस रिक्ति परिपत्र में निहित पात्रता शर्तें और अन्य विवरण विभाग की वेबसाइट **https://dopt.gov.in/whats-new** पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी रिक्ति परिपत्र में निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **21.07.2026** है।

CBC 32201/11/0002/2627

# डीके-सिद्धा पहुंचे कांग्रेस आलाकमान से मिलने

■ **भाषा, नई दिल्ली/बेंगलुरुः** कर्नाटक के भावी मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया राज्य के अगले मंत्रिमंडल को अंतिम रूप देने के लिए पार्टी आलाकमान से चर्चा करेंगे। सूत्रों का कहना है कि दोनों नेता मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर सकते हैं। शिवकुमार और सिद्धा सोमवार दोपहर दिल्ली पहुंचे।

शिवकुमार बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले शिवकुमार ने बेंगलुरु में कहा, 'मैं और सिद्धारमैया, दोनों दिल्ली जा रहे हैं।' हालांकि, उन्होंने इससे अधिक कोई जानकारी साझा नहीं की। इस बीच, मंत्री पद के इच्छुक कई उम्मीदवार आलाकमान के समक्ष अपनी पैरवी करने के लिए नई दिल्ली गए हैं।

BCCL



डीके बुधवार को CM पद की शपथ लेंगे, बेंगलुरु में तैयारी जोरों पर।

# जातिसूचक टिप्पणी में केंद्रीय मंत्री तलब

■ **भाषा, चंडीगढ़** : पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को कथित जातिसूचक टिप्पणी के मामले में 4 जून को पेश होने के लिए सोमवार को समन जारी किया। आयोग के अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से उनके संज्ञान में आया कि केंद्रीय रेल राज्यमंत्री बिट्टू ने हाल में धूरी में दौरे के दौरान कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया था।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस मामले में संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी गई, लेकिन आयोग ने पुलिस द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट से असंतोष जाहिर किया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-42-43-26, दिनांक 29.05.2026;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं सूचना सं.; कार्य का नाम; निविदा मूल्य** निम्नलिखित हैं: **(1) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-42-26, दिनांक 29.05.2026,** सहायक मंडल अभियंता/बोकारो स्टील सिटी के अधिकार क्षेत्र के अधीन (1) एलसी सं. टीबी-15, बीजी-27, टीबी-17 के लेवल क्रॉसिंग पहुंच सड़क तथा बीजी 30 से 31 तक डीआरटी सड़क का सुधार तथा टीबी-15 पर गेट गुमटी की मरम्मत। (2) पहुंच सड़क के साथ लेवल क्रसिंग, लेवल क्रॉसिंग की रबड़राइज्ड सतह एवं जल आपूर्ति की व्यवस्था का सुधार एवं लेवल क्रॉसिंग गेट में एटी की आपूर्ति; रु. 4,38,94,528.81। **(2) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-43-26, दिनांक 29.05.2026,** मंडल अभियंता/पूर्व/आद्रा के अधिकार क्षेत्र के अधीन (1) बांकुड़ा-मसाग्रामः 18 अदद लेवल क्रॉसिंग पर विशालकाय प्रकार की हाइट गेज के प्रावधान द्वारा महत्वपूर्ण एवं व्यस्त लेवल क्रॉसिंग का सुधार। (2) पहुंच सड़क के साथ लेवल क्रसिंग तथा लेवल क्रॉसिंग की रबड़राइज्ड सतह एवं जल आपूर्ति की व्यवस्था का सुधार एवं एटी की आपूर्ति; रु. 9,57,53,855.26। **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समयः** दोनों हेतु 30.06.2026 को 15.00 बजे है। ऊपरोक्त ई-निविदाओं के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-252)**

**इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
IndianOil
CIN-L23201MH1959GOI011388

**सार्वजनिक निविदा**

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बिल्ड ऑपरेट-ट्रांसफर (BOT) मॉडल के तहत दिल्ली - अमृतसर - कटरा एक्सप्रेसवे (हरियाणा राज्य) पर स्थित वेसाइड एमेनिटीज (WSA) स्थलों पर गैर-ईंधन खुदरा (NFR) सुविधाओं के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए उपयुक्त गठबंधन भागीदार (रों) को शामिल करने की योजना बना रहा है। इच्छुक पक्ष नीलामी आईडी: 34867 (संदर्भ संख्याः MnC/RS-1/PT-14/26-27 ) के साथ विस्तृत निविदा दस्तावेज देख सकते हैं जो जीईएम पोर्टल (वेबसाइटः https://gem.gov.in) पर फॉरवर्ड ऑक्शन टैब में उपलब्ध है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26/06/2026 को 23.00 बजे तक है। "यह दिनांक 31.05.2026 के विज्ञापन का संशोधन है और निविदा जमा करने की तिथि 26.06.2026 पढ़ा जाये।"

**ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड**
**Oil and Natural Gas Corporation Ltd.**
ओएनजीसी ONGC

**सुझाई गई विक्रेता सूची (एसवीएल) का डिजिटलीकरण**
**(तारीख का विस्तार)**

ओएनजीसी अपनी मौजूदा तटवर्ती और अपतटीय सुझाई गई विक्रेता सूची (एसवीएल) का डिजिटलीकरण कर रहा है।
इसी समाचारपत्र एवं ओएनजीसी की वेबसाइटों में प्रकाशित **विज्ञापन सूचना दिनांक 27.02.2026** के संदर्भ में, ओएनजीसी वेंडर रजिस्ट्रेशन पोर्टल में पंजीकरण की तारीख **तीन (03) महीने के लिए बढ़ा दी गई है।** सभी वर्तमान सूचीबद्ध एसवीएल विक्रेताओं को अपने-अपने सम्बंधित विभाग/मद/श्रेणी के अधीन ओएनजीसी वेंडर रजिस्ट्रेशन पोर्टल **(https://vendor.ongc.co.in)** पर पंजीकरण करवाना आवश्यक है।

- पहले से सूचीबद्ध मदों के लिए किसी भी अतिरिक्त पीक्यूडी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है।
- विक्रेताओं को संपर्क विवरण अवश्य अपडेट करना होगा और निर्धारित वचन (हर मद के लिए अलग वचन), जिस पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर हो, जमा करना होगा।
- नए मद की सूचीबद्धता के लिए, नियमित पीक्यूडी प्रक्रिया लागू होगी।

इस अधिसूचना की तारीख से तीन (03) महीनों के अंदर पंजीकरण अवश्य पूरा हो जाना चाहिए। निर्धारित अवधि के अंदर पंजीकरण ना होने पर सुझाई गई विक्रेता सूची (एसवीएल) से हटा दिया जाएगा।

**जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम (हरियाणा)**
email:- deeogurugram@gmail.com
Digital India Power To Empower

**नीलामी सूचना**

दिए गए कार्यकम अनुसार जो जहां है-जैसा है के आधार पर जर्जर भवन/ कमरों को तोडने, साल्वेजड मैटीरियल को अधिकार में लाने सहित मौजूदा ढांचे की डिसमेंटलिंग सामग्री की स्थल से सफाई के उदेश्य हेतु खण्ड पटौदी जिला गुरुग्राम में निम्नलिखित पुरानी व असुरक्षित ईमारतों / कमरों की नीलामी:-

| क्रमांक | ईमारत का नाम | कमरों की संख्या | अनुमानित लागत | लोकेशन | नीलामी की तिथि, समय, स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा. प्रा. वि. रणसिका | 3 | 76380/- | रा. प्रा. वि. रणसिका | स्थान: खण्ड शिक्षा अधिकारी पटौदी, गुरूग्राम दिनांक:- 08/06/2026 समय:-11 बजे प्रात: |
| 2 | रा. प्रा. वि. हेडा हेडी | 3 | 91654/- | रा. प्रा. वि. हेडा हेडी | --सम-- |
| 3 | रा. प्रा. वि. मुजफ्फरा | 2 | 39655/- | रा. प्रा. वि. मुजफ्फरा | --सम-- |
| 4 | रा. मा. वि. मुमताजपुर | 2 | 47426/- | रा. मा. वि. मुमताजपुर | --सम-- |
| 5 | रा. प्रा. वि. धाणी भोड़ा खुर्द | 3 | 28846/- | रा. प्रा. वि. ढाणी भोड़ा खुर्द | --सम-- |
| 6 | रा. मा. वि. गुढाना | 1 | 34149/- | रा. मा. वि. गुढाना | --सम-- |
| 7 | रा. प्रा. वि. धानी कुंभावास | 7 | 76380/- | रा. प्रा. वि. ढाणी कुंभावास | --सम-- |
| 8 | रा. प्रा. वि. रेनवास | 3 | 76380/- | रा. प्रा. वि. रेहनावास | --सम-- |
| 9 | रा. प्रा. वि. धाडावास | 2 | 48992/- | रा. प्रा. वि. डाडावास | --सम-- |
| 10 | रा. मा. वि. जाटशाहपुर | 3 | 76380/- | रा. मा. वि. जटशाहपुर | --सम-- |
| 11 | रा. मा. वि. इंछापुरी | 2 | 48992/- | रा. मा. वि. इंछापुरी | --सम-- |
| 12 | रा. प्रा. वि. पटौदी वार्ड 6 | 1 | 28846/- | रा. प्रा. वि. पटौदी वार्ड 6 | --सम-- |

1. प्रत्येक बोलीदाता को अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बैंकडाफ्ट के रुप में 25000रु की राशि बोली के लिए योग्यता प्राप्त करने के लिए जमा करवानी होगी जो बोली दाता को छोडकर नीलामी की समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।
2. सफल बोलीदाता को बोली राशी 100 प्रतिशत गिरते ही जमा करवानी होगी। असफल रहने पर जमा करवाई गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. सफल बोलीदाता को कुल बोली का 10 प्रतिशत जमानत के तौर पर अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में डाफ्ट के रुप में जमा करवानी होगी जो कार्य समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।
4. ईमारत अनुमोदन जारी के एक माह में ईमारत तोडी जानी चाहिए तथा स्थल मलबा रहित होना चाहिए जिसके असफल रहने पर शेष साल्वेज्ड पर सरकार द्वारा कब्जा ले लिया जाएगा।
5. पार्टियाँ के मध्य किसी भी विवाद की स्थिती में न्यायिक क्षेत्राधिकार गुरुग्राम रहेगा।
6. अगर अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण डिसमेंटलिंग के लिए ईमारत का कब्जा समय में नही दिया है तो ठेकेदार को कोई राहत नहीं दी जाएगी। केवल समय बढाया जाएगा।

नोट:- बोली दाता बोली व नीलामी होने से पहले स्थल ( विदयालयों की असुरक्षित ईमारतो/ कमरों) को देख सकते है।

Issued through:
DPR,Haryana/Advt.No.45778/01.06.2026

हस्ता/-
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी
गुरूग्राम।

**SBI**
सोशल मीडिया (विपणन एवं सम्प्रेषण विभाग), स्टेट बैंक भवन, मैडम कामा रोड, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**आरएफपी नं.** CC/M&C/26-27/01 दिनांक: 01.06.2026

भारतीय स्टेट बैंक, पात्र बोलीदाताओं से, बैंक के लिए एक 'टेक्नो-लीगल' एजेंसी की नियुक्ति हेतु बोलियाँ आमंत्रित करता है। विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया https://sbi.bank.in/web/ sbi-in-the-news/procurement-news पर जाएँ और आवेदन करने के लिए, कृपया https://etender.sbi/SBI/ पर जाएँ।

बोलियां जमा कराने की अंतिम तिथि व समय : 22.06.2026 को 14:00 बजे तक
बोली खोलने की तिथि: 22.06.2026 को 17:00 बजे

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 01.06.2026

उप महाप्रबंधक
सोशल मीडिया (एम एंड सी)

**NISM** National Institute of Securities Markets
A Capacity Building Initiative of SEBI
NISM BHAVAN, PLOT NO. 82, SECTOR 17, VASHI, NAVI MUMBAI 400 703

**Invitation for Sponsorship & Participation- Compliance & Reg Tech Lab**

Applications are invited from FinTech companies, software vendors, brokerage firms, financial institutions, start–ups, and corporate sponsors to participate in the captioned lab.

Interested organizations may submit their applications along with the required details in the prescribed format by June 08, 2026, at 5:00 PM.

For details, please refer website: **www.nism.ac.in/tenders**

For more information Please contact:
sanket.ahire@nism.ac.in

**बैंक ऑफ़ इंडिया**
**Bank of India BOI**
बैंक ऑफ इंडिया, स्टार हाउस, सी-5, जी-ब्लॉक, तीसरी मंजिल, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा, मुंबई-400 051

**विक्री सूचना**
**ऋण के अधिकार की विक्री संबंधी सूचना विज्ञापन**

बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार, खाता **मैसर्स फ्यूचर कंज्यूमर्स लिमिटेड**, में एकाकी आधार पर ऋण अधिकार हस्तांतरण के लिए पात्र एआरसी/बैंक/एनबीएफसी/अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ("पात्र प्रतिभागी") से इक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट ("ईओआई") आमंत्रित करता है। यह हस्तांतरण भारतीय रिजर्व बैंक/नियामकों द्वारा जारी लागू नियमों के अधीन रहेगा और "स्विस चैलेंज पद्धति" के अंतर्गत ई-नीलामी के माध्यम से "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" उस आधार पर तथा "बिना किसी जवाबदेही के" किया जाएगा।

इच्छुक निवेशको (जो पात्र है) से अनुरोध है कि वे हमारी वेबसाइट www.bankofindia.bank.in पर "इक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट" कॉलम के अंतर्गत देख सकते है।

**दिनांक : 02.06.2026** **स्थान : मुंबई**

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वित्तरण मण्डल तृत्तीय, बुलन्दशहर ।**

**ई-निविदा सूचना दिनांक: 01.06.2026**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

**1. 27/EDC-III/B/2026-27,** वि0प0खं00 तृतीय के द्वारा वि0वि0खं0-शिकारपुर के कार्यक्षेत्र में उपकेन्द्रों पर स्थापित 11 के0वी0 इनकमिंग वी0सी0बी0 की पी0टी0 वायरिंग मरम्मत करना एवं अन्य कार्य ।
प्रपत्र शुल्क- रू. 1180, धरोहर राशि-रू. 2000 ।
**2. 28/EDC-III/B/2026-27,** वि0वि0खं0 डिबाई के कार्यक्षेत्र में आपातकालीन स्थिति में टेढे मेढे पोलों को सीधा करना व अन्य कार्य।
प्रपत्र शुल्क- रू. 1180, धरोहर राशि-रू. 5000।
**3. 29/EDC-III/B/2026-27,** वि0वि0खं0 डिबाई के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त कन्ट्रोल केबिल बलदना व अन्य कार्य ।
प्रपत्र शुल्क- रू. 1180, धरोहर राशि- रू. 2500 ।
**4. 30/EDC-III/B/2026-27,** वि0वि0खं0 डिबाई के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त केबिल बक्सों को बलदने का कार्य ।
प्रपत्र शुल्क - रू. 1180, धरोहर राशि-रू. 3000 ।

**इं-निविदा की अन्तिम तिथि : 16.06.2026, 11:00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट http://www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी ।

**पत्रांक 458/वि.वि.मं.तृ.बु./विज्ञापन**
**दिनांक 01.06.2026**

**Sd/-**
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल - तृतीय
बुलन्दशहर

**भारत सरकार**
**राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र**
**(स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय)**
**22-शाम नाथ मार्ग, दिल्ली – 110 054**

**सार्वजनिक सूचना**

एनसीडीसी, दिल्ली में मशीन लर्निंग वैज्ञानिक के एक पद पर एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा के आधार पर स्क्रीनिंग सह चयन मोड के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। एनसीडीसी, 22-शाम नाथ मार्ग (सिविल लाइंस मेट्रो स्टेशन के पास), दिल्ली- 110 054, में निम्नलिखित पद हैं: -

| पद का नाम | पदों की संख्या | तैनाती का स्थान |
|---|---|---|
| मशीन लर्निंग वैज्ञानिक | 1 | दिल्ली |
| संचार अधिकारी | 1 | |
| मीडिया अधिकारी | 1 | |

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15.06.2026 है। आवेदन 15.06.2026 को या उससे पहले, सभी कार्य दिवसों पर सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/हाथ से, सामान्य सेवा अनुभाग, कमरा नंबर 202, एनसीडीसी, 22 -शाम नाथ मार्ग, दिल्ली - 110054 पर इस कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए। 15.06.2026 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**आवेदन पत्रों की जांच के बाद, केवल पात्र उम्मीदवारों को, ToR के अनुसार, साक्षात्कार के लिए तिथि और समय के साथ ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।**

**शैक्षिक योग्यता, ToR और अन्य शर्तें एनसीडीसी वेबसाइट: www.ncdc.mohfw.gov.in पर देखी जा सकती हैं।**

नोटः सक्षम प्राधिकारी को चयन प्रक्रिया (आंशिक या पूर्ण रूप से) को संशोधित या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है, यदि ऐसी आवश्यकता बिना किसी और कारण के उत्पन्न होती है।

सहायक निदेशक (प्रशासन)
ईमेलः prakashdoval@ncdc.gov.in

CBC 17129/11/0007/2627

**गुमशुदा की तलाश**



**संगीता और यशू**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला और **नामः संगीता पत्नीः विजय अपने पुत्र यशू, के साथ पताः** मकान नंबर 05, गली नंबर 07, खजानी नगर, जौहरी पुर, करावल नगर, दिल्ली **लिंगः** महिला, **उम्रः** 30 वर्ष **कदः** 4'11'', **रंगः** गोरा, **चेहराः** लंबा, **शरीरः** पतला, **लड़का यशू, विवरण-उम्रः** 04 वर्ष **कदः** 2'6'', **रंगः** गोरा, **चेहराः** लंबा, **शरीरः** पतला **पहनावाः** पता नहीं दिनांक 26.05.2026 से मकान नंबर 05, गली नंबर 07, खजानी नगर, जौहरी पुर, करावल नगर, दिल्ली, थाना क्षेत्र करावल नगर, दिल्ली, से लापता है।

इस बावत **DD No. 42A दिनांकः 27.05.2026 थानाः करावल नगर, दिल्ली,** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला और लड़का के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता महिला और लड़का के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**DP/7234/NE/2026**

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः करावल नगर, दिल्ली
मो. नं. 9205832616, 9716204737

**गुमशुदा की तलाश**





सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **माधुरी कुमारी, अपनी बच्ची (राधिका 8 महीने की) के साथ, पत्नीः नरेश कुमार, निवासीः मकान नंबर ए-234/6, जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट-।।, बदरपुर, दिल्ली जोकि दिनांक 25.05.2026 को आनंद विहार रेलवे स्टेशन से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 38A, Dated: 29.05.2026,** पुलिस थाना, **आनंद विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला और बच्चे की पहचान दी गई है:
**नामः माधुरी कुमारी, उम्रः 24 वर्ष, कदः 5'2'', रंगः गोरा, पहनावाः पीले रंग का सूट और पजामी, दुपट्टा और पैरों में सैंडल।**
**नामः राधिका, उम्रः 8 महीने, कदः 2'3'', रंगः गोरा, पहनावाः सफेद रंग की टी-शर्ट और नीले रंग की निक्कर।**
अगर किसी को इस गुमशुदा महिला और बच्चे के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, **आनंद विहार रेलवे स्टेशन,** को संपर्क करें।

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**फोनः 011-24368638/24368641, फैक्सः 011-24368639**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, आनंद विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली
**DP/7165/RLY/2026** फोनः **Ph: 9910273007, 8750870732**

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात **पुत्र** अज्ञात, **निवासी** अज्ञात, जिसकी **उम्र** करीब 50-55 वर्ष, **कदः** 5'5", **रंगः** गेहुँआ, जिसने काले रंग की टी-शर्ट और ग्रे रंग का लोअर पहना है। जो कि 27.05.2026 को रात 10:46 बजे मेट्रो पिलर नंबर 119, वीर बंदा, वैरागी मार्ग, प्रताप नगर, दिल्ली में मृत अवस्था में मिला। इस संदर्भ में **DD No. 56A दिनांकः 27.05.2026** थाना गुलाबी बाग, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थानाः गुलाबी बाग, दिल्ली**
फोन नं. 011-23651917
मो.: 8750871634

DP/7223/N/2026

**पहचान के लिए अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका **नामः अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात जोकि दिनांक 30.05.2026 को छोटी मस्जिद, मुख्य मथुरा रोड, बदरपुर, दिल्ली के पास मृत पाया गया।** इस संदर्भ में **DD No. 25A, Dated: 30.05.2026** पुलिस थाना **बदरपुर, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे मृत व्यक्ति का हुलिया दिया गया है :
**नामः अज्ञात, उम्रः लगभग 25-30 वर्ष, कदः 5'2'', रंगः गेहुँआ, चेहराः गोल, शरीरः सामान्य, पहनावाः लाल रंग की टी-शर्ट और काले रंग की पैंट।**
अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना बदरपुर, दिल्ली
**DP/7189/SE/2026** फोनः **9785257969, 8750870933**

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



**पूजा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला, जिसका **नामः पूजा पत्नी** : संजय, **पताः** म.नं. 252, बड़ी चौपाल के पास, बकनेर, नरेला, दिल्ली, **लिंगः** महिला, **उम्रः** 27 साल, **कदः** 4 फुट 11 इंच, **रंगः** सांवला, **शरीरः** पतला, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** सफेद और गुलाबी रंग का सूट और पैरों में सैंडल पहने हुए है जो अपने घर व थाना : नरेला, दिल्ली, के अधिकार क्षेत्र से 28.05.26 से गुमशुदा/अपहृत है। इस संदर्भ में **FIR No. 50A, दिनांकः 29.05.2026, U/S-137(2) Bhartiya Nyaya Sanhita, थानाः नरेला, दिल्ली** में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

**ईमेल : cic@cbi.gov.in**
**वेबसाइट : http://cbi.nic.in**
**फैक्स : 011-24368639**
**दूरभाष : 011-24368638, 24368641**
**DP/7082/ON/2026**

थाना प्रभारी
थानाः नरेला, दिल्ली
फोन : 9315759395

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



**शिवानी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लडकी (फोटो में दर्शायी गयी) जिसका नाम **शिवानी पुत्री गोपाल झा निवासी म. नं. बी-226, गली नं. 11, मदनपुर खादर, नई दिल्ली** जो अपने घर से **दिनांक 20.05.2026 को सुबह लगभग 07:00 बजे** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक **एफआईआर नं./डीडी नं. 0069ए, दिनांक 20.05.2026, थाना कालिंदी कुंज, नई दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लडकी का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।
जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-
**लिंगः** स्त्री, **आयुः** 23 वर्ष, **कदः** 5'3'' फीट, **रंगः** गेहुंआ, **शरीरः** पतला, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** सूट और सलवारपहने हुए है।
अगर किसी को इस गुमशुदा लडके के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in**
**ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**टेली. नः 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

थाना प्रभारी
थानाः कालिन्दी कुंज, दिल्ली
फोनः 011-29945322
मोबाइलः 8750870922
**DP/6710/SE/2026**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH10 User: cci Time: 06-01-2026 22:06 Color:



हिंसा कुछ समय के लिए फायदेमंद दिख सकती है, पर उससे होने वाला नुकसान लंबे समय तक असर डालता है। - *महात्मा गांधी*

# रोग पुराना

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा चुनाव इस बार ऐतिहासिक बदलाव लेकर आया। हालांकि ऐसा लग रहा है कि यह बदलाव केवल सत्ता के स्तर पर हुआ है, जमीनी हकीकत अब भी वही है। राज्य पहले की तरह ही चुनाव बाद की हिंसा और बदले की कार्रवाइयों में फंसा हुआ है।

**सांसदों पर हमले ।** TMC नेताओं पर हालिया हमलों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पहले पार्टी के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी को दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में निशाना बनाया गया। पार्टी इस मुद्दे को अदालत ले जाने और लोकसभा स्पीकर के सामने उठाने की तैयारी में है। इसके बाद, TMC के चीफ विप कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि हुगली जिले में उनके निर्वाचन क्षेत्र में उन पर हमला हुआ।



बंगाल में हिंसा

**सरकार की जिम्मेदारी ।** तृणमूल कांग्रेस इन हमलों के लिए BJP पर आरोप लगा रही है, जबकि यह भी कहा जा रहा है कि ममता शासन के खिलाफ लोगों का दबा गुस्सा अब बाहर निकल रहा है। हालांकि राजनीतिक हिंसा को किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता। राज्य ने इस बार बदलाव के लिए वोट दिया है और यह बदलाव राजनीतिक परिदृश्य में भी दिखना चाहिए। BJP ने लॉ एंड ऑर्डर को चुनावी मुद्दा बनाया था। अब सरकार में होने के नाते सभी की सुरक्षा की जिम्मेदारी उस पर आती है। किसी को भी किसी भी वजह से कानून हाथ में लेने की छूट नहीं मिलनी चाहिए।

**सुधार नहीं ।** चुनाव बाद हिंसा बंगाल की बहुत पुरानी बीमारी है। 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद भी हिंसा के सैकड़ों केस दर्ज किए गए थे। तब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 1900 से ज्यादा मामलों की जांच की थी। इसमें स्थानीय पुलिस-प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। हालांकि इससे न तो 2023 के पंचायत चुनाव और न ही 2024 के आम चुनावों में कोई सबक लिया गया। इस बार भी चुनाव परिणाम घोषित होते ही कई जगह से तोड़फोड़, मारपीट की खबरें आईं। सीएम शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या हुई।

**शासन पर असर ।** अपने नेताओं पर हमले के विरोध में ममता बनर्जी के नेतृत्व में TMC आज प्रदर्शन करेगी। उसके और सत्ताधारी BJP के बीच तनाव बना हुआ है। इसका असर शीर्ष नेताओं से लेकर नीचे कार्यकर्ताओं तक दिख रहा है। कानून-व्यवस्था के लिहाज से यह स्थिति चिंताजनक है। सरकार और विपक्ष के बीच अगर ऐसे ही टकराव चलता रहा, तो शासन से जुड़े कामकाज पर असर पड़ेगा।

## RCB की जीत ने टीम के साथ इस टूर्नामेंट को भी कई सवालों के जवाब दिए

# इस IPL में पूरी हुई अधूरी कहानी



प्रभंजन वर्मा

**IPL के** इस सीजन की आखिरी तस्वीर को भुलाना आसान नहीं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 90 हजार से ज्यादा दर्शक और बीच मैदान में जोश भरते विराट कोहली। जब उन्होंने सिक्स मारकर RCB को जिताया, तब ऐसा लगा मानो एक अधूरी कहानी अपने मुकाम तक पहुंच गई हो।

**जवाब मिले ।** केवल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ही नहीं, यह टूर्नामेंट भी अपनी पहचान से जुड़े सवाल पूछ रहा था। 2026 के सीजन ने उसका जवाब कई रूपों में दिया - रेकॉर्ड बुक को नए सिरे से लिखता 15 साल का एक लड़का, मध्य प्रदेश का शांत खिलाड़ी, जिसने अपनी टीम को लगातार दो खिताब दिलाए, टीम इंडिया में सिलेक्शन के लिए दावेदारी पेश करते दो बल्लेबाज और T20 स्पेशलिस्ट की एक पूरी पीढ़ी, जिसने खुद को इसी मंच के लिए तैयार किया है।

**एक और शिखर ।** कोहली ने इस साल क्या किया, इसे समझने के लिए याद कीजिए कि वह क्या कर चुके हैं। 2016 में उन्होंने 973 रन बनाए थे, IPL के किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा। आज भी वह रेकॉर्ड कायम है। तब उन्होंने अपनी टीम को अकेले दम फाइनल तक पहुंचाया। एक दशक तक वह सीजन उनकी पहचान बना रहा, पर इस बार उन्होंने उसे भी पीछे छोड़ दिया। इस साल विराट कोहली ने बेहतर स्ट्राइक रेट से रन बनाए। फाइनल में अपनी सबसे तेज IPL फिफ्टी लगाई।

**समय के साथ ।** CSK और MI के बाद RCB केवल तीसरी टीम है, जिसने लगातार दो टाइटल जीते हैं। कोहली के पास अब दो IPL खिताब हैं। उन्होंने यह सब हासिल किया उस उम्र में, जब उनके कई समकालीन खिलाड़ी ढलान पर हैं या रिटायर हो चुके हैं। यह सबक है कि अगर आप समय के साथ बदलते रहते हैं, तो कभी अप्रासंगिक नहीं होते।



**ख़ास रहा सीजन**

- विराट कोहली अपने खेल को नई ऊंचाई पर ले गए
- 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी बने क्रिकेट का नया चेहरा
- T20 स्पेशलिस्ट खिलाड़ियों की पूरी पीढ़ी आई सामने

**वैभव के रेकॉर्ड ।** अगर विराट कोहली पुराने दौर की सबसे चमकदार पहचान हैं, तो वैभव सूर्यवंशी नई पीढ़ी का चेहरा। उनके आंकड़े असाधारण हैं, 242.85 के स्ट्राइक रेट से 776 रन। T20 इतिहास के वह पहले बैटर हैं, जिन्होंने 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 600 से ज्यादा रन बनाए। छक्के मारने में उन्होंने क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया। वह पहले बैटर बने, जिसने एक ही सीजन में केवल पावरप्ले में 500 रनों का आंकड़ा पार किया, कुल 521 रन।

**नया दौर ।** इन आंकड़ों से भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि वैभव की बैटिंग देखने के लिए दर्शक अब अलार्म सेट करते हैं। उनकी वजह से राजस्थान रॉयल्स का पावरप्ले दूसरी टीमों से ज्यादा आकर्षक रहा। वह ऐसी प्रतिभा हैं, जिनको देखकर लगता है कि यह टूर्नामेंट क्यों जरूरी है। आज वह वैसी ही लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं, जैसी विराट कोहली ने 2008 के बाद की थी।

**शानदार कप्तान ।** कप्तानी के मामले में 2026 दो ऐसे बल्लेबाजों की कहानी है, जिनकी अनदेखी करना नामुमकिन है। RCB में रजत पाटीदार की एंट्री साल 2022 में एक चोटिल खिलाड़ी की जगह हुई थी। अब वह टीम को बतौर कप्तान दो टाइटल दिला चुके हैं। इस सीजन उन्होंने 196.76 के स्ट्राइक रेट से 486 रन भी बनाए। इससे अधिक खास उनका अंदाज है, ऊपर से शांत और भीतर से आक्रामक।

**गिल का जवाब ।** दूसरी ओर, शुभमन गिल ने उन आलोचकों को जवाब दिया, जो उनकी T20 क्षमता पर सवाल उठा रहे थे। उन्होंने अच्छी स्ट्राइक रेट से 722 रन बनाए और शुरुआती हार से उबरते हुए टीम को फाइनल तक लीड किया। गिल और पाटीदार के साथ अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने भी अपने प्रशंसक तैयार कर लिए हैं। यह पहले से एक बड़ा बदलाव है, जब धोनी, कोहली, रोहित और बुमराह जैसों का ही राज हुआ करता था। प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और प्रिंस यादव जैसे खिलाड़ियों ने भी अपने होने का ऐलान किया। ये वो खिलाड़ी हैं, जिन्होंने T20 को शिखर तक पहुंचने के लिए चुना है।

**रिव्यू जरूरी ।** क्रिकेट के अलावा भी कुछ मुद्दे रहे। शुरुआती मुकाबलों में पिच बहुत ज्यादा बैटिंग फ्रेंडली थीं। फिर मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस के शुरू में न खेलने को लेकर सवाल उठे। सुनील गावस्कर ने तो पेनाल्टी लगाने की मांग तक कर दी। वहीं, IPL के वित्तीय ढांचे की फिर से ईमानदारी से जांच होनी चाहिए। सरकारी प्रतिबंध के बाद गेमिंग स्पॉन्सर चले गए हैं, जबकि नीलामी में बोली उतनी ही ऊंची लग रही। फ्रैंचाइजी पर आर्थिक दबाव है। IPL चेयरमैन अरुण धूमल के मुताबिक, 2028 के मीडिया राइट साइकल के लिए 94 मैच पर विचार किया जा रहा। अधिक मैच चाहत ही नहीं, जरूरत हैं।

*(लेखक क्रिकेट ब्रॉडकास्टर और स्पोर्ट्स कंसल्टेंट हैं)*

## कांटे की बात

IPL का फाइनल मैच बेंगलुरु में होना चाहिए था। हमारे साथ नाइंसाफी हुई है। राजनीति की वजह से इसे दूसरे मैदान पर कराया गया। हम वो सब कुछ करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके चलते ऐसा दोबारा न हो। मैं RCB को चैंपियन बनने पर बधाई देता हूं।




-डीके शिवकुमार, *कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद के लिए नामित*

**AI की दुनिया**

# एंथ्रोपिक ले आया अब तक का सबसे ईमानदार मॉडल

*एंथ्रोपिक ने अपने नए AI मॉडल Claude Opus 4.8 को पेश किया है, जिसे कंपनी अब तक का सबसे ईमानदार और समझदार मॉडल बता रही है। xAI चीफ इलॉन मस्क भी इसकी तारीफ कर चुके हैं।*



AI Image

### जितना काम, उतनी मेहनत

**इस मॉडल** के 3 फीचर्स प्रमुख हैं। इसके जरिए यूजर तय कर सकता है कि किसी काम पर AI कितना सोच-विचार करे। छोटे कामों के लिए कम मेहनत और रिसर्च, डेटा विश्लेषण, रिपोर्ट लेखन या जटिल कोडिंग जैसे कार्यों के लिए ज्यादा एफर्ट चुना जा सकता है। इससे स्पीड और गुणवत्ता के बीच संतुलन बनाया जा सकता है।

### स्वीकार करता है गलती

**इसमें डायनामिक** वर्कफ्लो है यानी यह जटिल कामों को कई हिस्सों में बांटकर कई AI एजेंट्स से करा सकता है। एंथ्रोपिक का दावा है कि Claude Opus 4.8 अपनी अनिश्चितता या संभावित गलती को पहले से बेहतर तरीके से पहचान सकता है। यदि किसी जवाब या कोड में कमी हो, तो वह उसे छिपाने के बजाय स्वीकार करने की कोशिश करता है।

प्रस्तुति : **प्रदीप तिवारी**

**जनता जंक्शन** इरफ़ान




# जापान में 'ग़ायब' हो गए लाखों लोग

**कॉमन रूम**



शैलेंद्र पांडेय

**1989 में** दुनिया वर्ल्ड वाइड वेब से चमत्कृत थी और आज 2026 में AI खुद से ही रेस लगा रहा है। लगभग चार दशकों के दो छोरों पर खड़े इन बरसों ने टेक्नॉलजी को दुनिया बदलते देखा है। जापान जैसे देश में यह बदलाव और तेज हुआ, जहां तकनीक हर जगह हावी है। लेकिन, एक चीज समान है - जापान की आबादी, जो 1989 में जितनी थी, उतनी ही आज। बीच में वह थोड़ा बढ़ी, थोड़ा नीचे आई, पर पिछले 5 साल में उसने ऐतिहासिक गिरावट देखी है। जनसंख्या के आंकड़ों के मुताबिक, 2020 से 2025 के दरम्यान 31 लाख लोग कम हो गए।

**TFR में गिरावट ।** 1970 के दशक में जापान का ध्यान अपनी आबादी की ओर गया, जब टोटल फर्टिलिटी रेट (TFR) 2.1 के नीचे आया। किसी देश की जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए यह आंकड़ा बेहद महत्वपूर्ण है। इसका मतलब है कि प्रत्येक कपल औसतन 2.1 बच्चों को जन्म दे, लेकिन जापान में यह औसत केवल 1.1 है। इसका मतलब है कि वहां दो लोगों की मौत होती है,




जबकि जन्म केवल एक बच्चा लेता है।

**शादी से दूरी ।** 1990 के दशक से वहां की सरकारों ने आबादी बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास शुरू किए। युवाओं को शादी करने और बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाने लगा। 2008 में जापान ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी आबादी देखी, 12.8 करोड़, लेकिन इसके बाद लगातार गिरावट जारी है। अब न तो कोई प्रोत्साहन काम आ रहा है और न सरकारी मदद। युवा शादी और परिवार से दूर जा रहे हैं। 1970 के दशक में हर साल औसतन 10 लाख शादियां होती थीं, 2023 में घटकर 5 लाख पर आ गईं। इसी दौरान पहले बच्चे को जन्म देने की जो औसत उम्र 25 के आसपास थी, वह 31 साल हो गई।


**बढ़ते बुजुर्ग ।** ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अभी इस देश की आबादी 12.3 करोड़ है और 2070 तक इसके केवल 8.7 करोड़ रहने का अनुमान है। उत्तरी राज्यों - Akita और Aomori में जनसंख्या 8% तक कम हुई है। ऊपर से ठंड के भयानक मौसम और रोजगार की वजह से भी युवा तोक्यो, ओसाका जैसे शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। तमाम ग्रामीण इलाकों में अब बूढ़े लोग ज्यादा नजर आते हैं। कई जगह स्कूलों को नर्सिंग होम और कम्युनिटी सेंटर में बदलना पड़ा है, क्योंकि पढ़ने के लिए बच्चे ही नहीं हैं। सरकारी ऑफिस छोटे हो रहे हैं और लाखों घर खाली पड़े हैं।

**इकॉनमी पर असर ।** यही हाल रहा तो आने वाले दशकों में इकॉनमी पर बुरा असर पड़ने लगेगा। वर्कफोर्स में कमी आएगी, जबकि बुजुर्गों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारी योजनाओं से फर्क नहीं पड़ने वाला, क्योंकि शहरों में रहना और शिक्षा पर खर्च बहुत बढ़ गया है। इमिग्रेशन एक उपाय है, लेकिन जापान अपनी भाषा और संस्कृति को लेकर बेहद संवेदनशील है।

# 700 से अधिक प्राचीन धरोहरें भारत लाए

*ईंधन संकट, वैश्विक युद्ध और आर्थिक अनिश्चितताओं का असर अब दुनियाभर में देखा जा रहा है। क्या भारत के पर्यटन पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ा है? ऐसे ही सवालों पर **विशाल आनंद शर्मा** ने केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री **गजेंद्र सिंह शेखावत** ने बातचीत की। पेश हैं इसके खास अंशः*

**विशुद्ध राजनीति इंटरव्यू**



**■ भारत के टूरिज्म सेक्टर पर वैश्विक युद्ध और ईंधन संकट का कितना और क्या असर पड़ा है?**

मौजूदा वैश्विक हालात का हर देश पर असर पड़ा है। लेकिन, भारत बाकी देशों से बेहतर स्थिति में है। विदेशी पर्यटन में हल्का उतार-चढ़ाव सामान्य बात है। मगर, अहम बात यह है कि घरेलू पर्यटन में लगातार मजबूती बनी है। लोग धार्मिक यात्राओं पर जा रहे हैं, छुट्टियां मनाने के लिए यात्राएं कर रहे हैं। हवाई किरायों में भी ऐसा बड़ा बदलाव नहीं आया, जिससे कि टूरिज्म प्रभावित हो।

**■ विपक्ष पेट्रोल कीमतों और महंगाई पर सरकार को घेर रहा है...**

अगर हालात वास्तव में इतने खराब होते, तो उसका असर सबसे पहले पर्यटन, हवाई यात्रा, शेयर बाजार पर दिखाई देता। होटल इंडस्ट्री, धार्मिक पर्यटन लगातार बढ़ा है। विपक्ष कई बार मुद्दों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है, भ्रम फैलाता है। मगर, जनता जागरूक है, सच को समझती है।

**■ विदेशों में पहुंची भारतीय प्राचीन धरोहरों की देश वापस लाने में कितनी सफलता मिली है?**

पहले की सरकारों और वर्तमान सरकार की कार्यशैली में कितना बड़ा फर्क है, इसका अंदाजा आप इस बात से लगाइए कि आजादी के बाद से लेकर साल 2014 तक, सिर्फ 13 धरोहरें वापस लाई जा सकीं। इनमें मूर्तियां, सिक्के और कई प्राचीन कलाकृतियां शामिल थीं। लेकिन, पीएम मोदी के 2014 में नेतृत्व संभालने के बाद से अब तक 700 से अधिक प्राचीन धरोहरें विदेशों से ससम्मान भारत वापस लाई जा चुकी हैं। इसी से आप अंदाजा लगाइए... यह सिर्फ सांस्कृतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक सम्मान का भी प्रमाण है।

**■ धरोहरों को वापस लाने की प्रक्रिया कितनी मुश्किल होती है?**

दरअसल, यह काफी लंबी प्रक्रिया होती है। कलाकृति भारत से चोरी, तस्करी जैसे अवैध तरीके से बाहर गई थी, यह साबित करने के लिए कई बार कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ती है। संस्कृति मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आपसी सामंजस्य के साथ इसमें जुटे हुए हैं। अलग-अलग देशों से बातचीत जारी है और धीरे-धीरे हमारी धरोहरें वापस लौट भी रही हैं।

**■ संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय की सालभर की बड़ी उपलब्धियां क्या रहीं?**

एक साल में हमने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। 'ज्ञान भारतम' अभियान के तहत देशभर से 85 लाख से अधिक दुर्लभ पांडुलिपियों की खोज की, जो भारत के ज्ञान, दर्शन, सांस्कृतिक इतिहास को संरक्षित करने की दिशा में बड़ा कदम है। खोई हुई धरोहरों को वापस लाने का अभियान भी जारी है। पीएम मोदी के विजन और उनकी निगरानी में नई दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम बनाया जा रहा है, जो नॉर्थ और साउथ ब्लॉक की ऐतिहासिक इमारतों में विकसित होगा। इसमें 10 हजार से अधिक धरोहरें प्रदर्शित की जाएंगी। यह भारत की सभ्यता व संस्कृति का वैश्विक केंद्र बनेगा।

**ऐवें कुछ भी**

# बड़े मंगल के भंडारे

**जेठ की** दोपहरी में यहां पब्लिक के चेहरों पर एक अजब सी उमंग है। लोग सुबह से ही चर्चा कर रहे हैं, एक-दूसरे से चुहल कर रहे हैं- 'और आज तो भंडारे की तैयारी है आज खूब पूड़ी छानेंगे।' बरसों पहले जब मैं लखनऊ रहने आया था तब मुझे यह सब समझ नहीं आता था कि आखिर भंडारे के लिए इतना उत्साह क्यों। लेकिन फिर धीरे-धीरे अहसास हुआ कि पूरे महीने हर मंगलवार को शहर भर में जो भंडारों का महोत्सव चलता है वह दुर्लभ है। फिर हम भी भंडारों का इंतजार करने लगे।



आलोक सिंह भदौरिया

सुबह घर से ऑफिस के लिए निकलिए तो लगभग हर चौराहे, हर सड़क पर आपको कनात और तंबू तैनात मिलेंगे। लोहे के बड़े-बड़े कड़ाहे, उनमें कटी सब्जियों के ढेर बता देते हैं कि यहां भंडारा कितना विशाल होने वाला है। लोग पहले से ही तय कर लेते हैं, 'यह ऑफिस के पास है, यहां केवल छोले चावल बन रहे हैं, वहां बूंदी और शरबत है, वहां जवाहर भवन में दो-दो विशाल भंडारे लगते हैं वहीं पहुंचेंगे। कम समय में पेट पूजा हो जाएगी।'

खैर, हम भी पिछले मंगल को भंडारे की लाइन में लगे। एक दोना लेकर चुपचाप भंडारे के प्रसाद का आनंद ले रहे थे कि पीछे से आवाज आई, 'लगता है लखनऊ के नहीं हैं।' पलटकर देखा तो एक चचा खड़े थे हाथ में बूंदी का दोना लेकर। मैं बोला, वहां भीड़ ज्यादा थी। चचा ने हमें दोना पकड़ाते हुए कहा, 'आप इसे लीजिए हम और लेकर आते हैं।' और फिर से लाइन में लग गए।

अनुभवी थे पांच मिनट में वापस आ गए, बोले, 'जानते हैं 400 साल से चली आ रही है यह परंपरा। यहां के नवाब साहब की तबीयत खराब थी, बेगम साहिबा को किसी ने बताया कि अलीगंज वाले हनुमान जी के यहां मन्नत मांगे सब सही हो जाएगा। वही हुआ भी। तब से बेगम साहिबा ने हर साल जेठ के मंगल को शहर भर में भंडारे की शुरुआत करवाई जो अब तक चली आ रही है और आप हैं कि बूंदी का दोना छोड़कर परंपरा तोड़ रहे हैं। इतना कहकर चचा दूसरे भंडारे की तरफ चल दिए।

**बोल वचन** दिलीप लाल

# बटन की टांक

**हिंदी के** 'टांकना' शब्द का अर्थ सिलाई करना है। इसका मूल शब्द संस्कृत का 'टंक' है, जिसका अर्थ है- अंकित करना, खोदना या चिह्न बनाना। आमतौर पर टांकना का अर्थ सुई-डोरे से किसी वस्तु को सिलना/जोड़ना होता है। कपड़ों में बटन टांकना या फटे वस्त्रों पर पैबंद लगाना इसके उदाहरण हैं। ग्रामीण जीवन में सिल-बट्टे या चक्की को फिर से उपयोग योग्य बनाने के लिए उसकी सतह पर छोटे-छोटे गड्ढे बनाए जाते हैं। इसे भी टांकना कहते हैं। यही प्रक्रिया पत्थर को खुरदुरा बनाकर उसकी उपयोगिता बढ़ाती है। धातु के किसी बर्तन के छिद्र को भरने या धातु के टुकड़ों को जोड़ने को भी टांकना कहते हैं। अंग्रेजी में इसके लिए शब्द है वेल्डिंग। लोकभाषा में किसी बात को लिखकर सुरक्षित रखने, खाते में दर्ज करने या भोजन करने के लिए भी टांकना शब्द का प्रयोग मिलता है। टांकी पत्थर काटने की छेनी को कहा जाता है। सोने के आभूषणों को जोड़ने में जिन अन्य धातुओं और रसायनों का इस्तेमाल होता है उसे भी बिहार, झारखंड, बंगाल व कई अन्य प्रदेशों में बोलचाल में टांकी कहते हैं। वास्तव में, टांकना शब्द को गहराई से समझने की कोशिश करें तो इसका दायरा फैला हुआ है

AI Image



# मोबाइल पर वक्त बर्बाद करने से बेहतर है किताबें पढ़ना

रमेश भाई ओझा

**हर घर** में दो चीजें जरूरी हैं - पूजा स्थल और छोटी लाइब्रेरी। लोगों को अपनी दिनचर्या की शुरुआत करनी चाहिए पूजा-पाठ के बाद। इसी तरह, पढ़ाई के शौकीन लोगों को हर दिन अच्छी पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। पढ़ाई सोचने की क्षमता बढ़ाती है।

आज लोग मोबाइल पर अधिक और पुस्तकों के साथ कम समय बिताते हैं। लेकिन, सचाई है कि पुस्तकों के साथ अधिक समय बिताने से हमारी बुद्धि का विस्तार होता है और संकीर्ण विचारों से मुक्ति मिलती है। जैसे हमारे शरीर में दिल और दिमाग जरूरी हैं, उसी तरह घर में मंदिर और पुस्तकालय का होना भी जरूरी है। अच्छी किताबें पढ़ने से रोचक जानकारी मिलती है, दिमाग खुलता है। जिस तरह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक भोजन जरूरी है, उसी तरह दिल-दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए पूजा-पाठ और अध्ययन। आदमी का व्यवहार उसके रहन-सहन से पता चलता है, लेकिन उसके विचारों का पता घर में रखी किताबों से। घर में रखी किताबें बहुत कुछ बताती हैं उसमें रहने वालों के बारे में। महज किताबों का होना काफी नहीं, उनकी देखभाल करना भी जरूरी है। पुस्तकों पर जमी धूल से पता चल जाता है कि आपने उसे लंबे समय से छुआ नहीं। समय-समय पर किताबें पढ़ने से उस पर जमी धूल के साथ दिमाग की गर्द भी साफ हो जाती है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

किताबों को इंसान का अच्छा दोस्त कहा जाता है। किताबें कभी नहीं कहतीं कि आज समय नहीं है, कल बात करेंगे। जब आपके पास समय होता है, तब आप किताब के पन्ने पलट सकते हैं। अगर आपको किताबों से प्रेम है, तो निश्चित रूप से आप उन्हें पढ़ेंगे। कहते हैं कि जिन्हें किताबें पढ़ना आता है, वो इंसान को भी पढ़ सकते हैं। अच्छा साहित्य सोचने का तरीका बदल देता है। आज मां-बाप अपनी संतान को नहीं पढ़ते। संतान को भी माता-पिता को जानने में रुचि नहीं। पढ़ाई के लिए समय देना होता है। अगर आप समय देंगे, तो चीजों को सही से समझेंगे। मोबाइल पर समय बर्बाद करने से बेहतर है किताबें पढ़ना। समय की कीमत जो समझ जाता है, उसका कभी अहित नहीं होता।

*(प्रस्तुति : सुभाष चंद्र शर्मा)*

## रीडर्स मेल

### मजबूत व्यवस्था जरूरी

**यह पत्र** 1 जून के संपादकीय 'NTA फिर फेल' से संबंधित है। NEET-UG के बाद CUET-UG में भी गड़बड़ी हो गई। तकनीकी खामियों की वजह से स्टूडेंट्स और अभिभावक परेशान हुए। NTA के पास कई बड़ी परीक्षाओं की जिम्मेदारी है। लाखों स्टूडेंट्स कड़ी मेहनत करके और कई उम्मीदों के साथ इन परीक्षाओं में शामिल होते हैं। ऐसी गड़बड़ियों से उनका मानसिक तनाव बढ़ता है। केवल परीक्षा दोबारा करा देना समाधान नहीं है। छात्रों का भरोसा बनाए रखना किसी भी परीक्षा संस्था की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

**श्रीवत्स शेखर**, करोलबाग

**nbtedit@timesofindia.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

आर.एन.आई. नं. 510/57 © सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। यह समाचार पत्र स्वत्वाधिकारी बैनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड के लिए राजीव यादव द्वारा, 7 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित, आशीष पांडे द्वारा संपादित (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी) तथा मनीष सिन्हा द्वारा, टाइम्स ऑफ इंडिया प्रेस, 13/1 & 2, साइट IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद, गाजियाबाद (उ.प्र.) से और नवनीत आहूजा द्वारा, प्लॉट नंबर 7-8, सेक्टर-11, IMT मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा-122051 से मुद्रित। फोन: 23302000, पंजीकृत कार्यालय: दादाभाई नौरोजी रोड, मुंबई-400001। विमान सेवा शुल्क: 1 रु. प्रति कॉपी। नेपाल में कुल मूल्य: सोमवार से शनिवार: नेपाली 5 रु.; रविवार: नेपाली 6 रु.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 06-01-2026 22:48 Color:



# मानसिक शांति से पर्यावरण संरक्षण तक

## पर्यावरण के प्रति स्वाभाविक रूप से अधिक संवेदनशील होता है मानसिक रूप से सशक्त व्यक्ति

■ गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर



**हमारे आंतरिक** और बाह्य संसार के मध्य एक अत्यंत गहरा एवं सुंदर संबंध है। हम जलवायु परिवर्तन और संरक्षण की चर्चा करते हैं किंतु, हम प्रायः उस अदृश्य सूत्र की उपेक्षा कर देते हैं जो इन सभी प्रयासों को परस्पर बांधता है और वह है मानव मन। यदि हमारे ग्रह पर प्रत्येक तीन व्यक्तियों में से एक व्यक्ति अवसादग्रस्त है, तो हम इस संसार के कल्याणकारी होने की अपेक्षा कैसे कर सकते हैं? यदि कोई व्यक्ति मानसिक या भावनात्मक रूप से संघर्ष कर रहा है, तो वह प्रकृति के संरक्षण के प्रति कैसे संवेदनशील हो सकता है? तनाव, भय अथवा लोभ से ग्रस्त मन ग्रह की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील नहीं हो सकता।

मनुष्यों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखे बिना बनाई गई नीति के सफल होने की संभावना प्रायः क्षीण होती है। हमारे पास सुदृढ़ नीतियां हो सकती हैं, परंतु उन नीतियों के क्रियान्वयन के लिए आम सहमति का निर्माण करना और लोगों के अंतःकरण को प्रेरित करना आवश्यक है। यहीं पर आस्था-आधारित संगठन एक महती भूमिका निभा सकते हैं। जब लोग मानसिक रूप से सशक्त होते हैं, जब उनके हृदय उदार होते हैं और वे आध्यात्मिक रूप से जाग्रत होते हैं, तो वे स्वाभाविक रूप से पर्यावरण के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। आस्था, आध्यात्मिकता और आंतरिक शांति ही वे आधारशिलाएं हैं जो जलवायु संरक्षण के कार्यों को प्रेरित कर सकती हैं और इस पवित्र उद्देश्य के लिए लाखों लोगों को एकजुट कर सकती हैं।


संपूर्ण इतिहास में, आस्था ने मानवता को सदाचार के पथ पर चलने का मार्ग दिखाया है। विश्व भर की प्राचीन संस्कृतियों ने प्रकृति को पवित्र माना है। नदियां केवल जल निकाय नहीं थीं; वे देवियां थीं। वृक्ष केवल काष्ठ नहीं थे; वे पवित्र जीव थे। यहां तक कि पर्वतों और पवन को भी दिव्य मानकर पूजा जाता था। लोगों ने पर्यावरण का संरक्षण किसी नियम या भय के कारण नहीं, अपितु प्रेम और भक्ति भाव से किया था। उस चेतना को पुनः जाग्रत करने की आवश्यकता है।

इस धरा और प्रकृति के साथ जुड़ाव की भावना को पुनर्जीवित करने तथा इसके संरक्षण के लिए लोगों में तात्कालिकता की भावना उत्पन्न करने में आध्यात्मिक गुरु एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। व्यक्तिगत रूप से हम भले ही सीमित प्रयास कर पाएं, परंतु जब संपूर्ण समाज एकजुट होता है, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक व्यापक प्रयास किया जा सकता है।

**विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) को लेकर यह लेख गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर ने विशेष रूप से NBT के पाठकों के लिए लिखा है**

भारत में, 'आर्ट ऑफ लिविंग' ने इस दिशा में जमीनी स्तर पर समुदायों के साथ मिलकर गहन कार्य किया है। इसका प्रारंभ लोगों को ध्यान, श्वसन की कला और अंतःकरण में आनंद एवं स्पष्टता की शिक्षा देकर किया गया। एक विकसित और सहृदय व्यक्ति दूसरों की सेवा का विकल्प चुनता है। जब मन शांत और संतुष्ट होता है तो संवेदनशीलता स्वतः ही प्रकट होती है।

AI Image



हम भारत के पांच राज्यों में 75 से अधिक ऐसी नदियों और सहायक नदियों को पुनर्जीवित कर रहे हैं जो सूख चुकी थीं अथवा केवल कागजों पर ही शेष थीं। स्थानीय समुदायों के सहयोग से, हमने हजारों भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया, भूमि सर्वेक्षण किए और 10 करोड़ से अधिक स्वदेशी वृक्षों का रोपण किया। वे तीव्र गति से बढ़ने वाली या जल सोखने वाली प्रजातियां नहीं हैं, बल्कि पीपल और आम जैसे वृक्ष हैं जो मृदा को समृद्ध करते हैं। हमने देखा कि पक्षी पुनः लौटने लगे हैं।

मृदा पर रसायनों के घटते उपयोग से जब पृथ्वी स्वस्थ होने लगती है, तो इसके सबसे बड़े लाभार्थियों में हमारे कृषक होते हैं। विदर्भ, जो क्षेत्र प्रायः कृषकों की दुखद आत्महत्याओं के कारण समाचारों की सुर्खियों में रहता था, वहाँ हमारे स्वयंसेवकों ने हजारों किसानों को प्राकृतिक कृषि पद्धतियों, ध्यान, प्राणायाम और प्रसन्न रहने का प्रशिक्षण दिया।

इसका प्रभाव ऐसा हुआ कि गत वर्ष एक हजार किसान आर्ट ऑफ लिविंग बेंगलुरु आश्रम में अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने आए। उनमें से कई अब हानिकारक रसायनों के बोझ से मुक्त होकर चार गुना अधिक आय अर्जित कर रहे हैं। यह इस बात को सिद्ध करता है कि जब लोग मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त होते हैं, तो वे इस पृथ्वी के वास्तविक संरक्षक बन जाते हैं।

### खुद से पूछें सवाल...

हमें खुद से यह प्रश्न पूछना चाहिए कि हम इस पृथ्वी का कितना शोषण करना चाहते हैं? या हम इसका कितना संरक्षण करना चाहते हैं? हमें अपने ग्रह का सम्मान, आदर और अत्यधिक ध्यान रखना होगा। हमें रसायन मुक्त कृषि को प्रोत्साहित करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम प्लास्टिक, विषैले उर्वरकों और रसायनों से पृथ्वी को प्रदूषित न करें।

### प्रकृति के साथ चलें...

हमारे आश्रम में, परमाकल्चर (स्थायी कृषि) और बहुस्तरीय कृषि पद्धति को अपनाने के बाद विस्मयकारी परिणाम दिखे। जो पपीते सामान्यतः 2 किलो के होते हैं, वे अब 5 किलो से अधिक के हो रहे हैं, और पेठे 30 किलो तक के होते हैं। आप एक एकड़ भूमि में 5 एकड़ के बराबर उपज प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए आपको केवल प्रकृति की बुद्धिमत्ता को सुनना है और उसके साथ मिलकर कार्य करना है।

### सामुदायिक सहभागिता

सामुदायिक सहभागिता का एक सशक्त उदाहरण नेपाल के एक मंदिर में दिखता है, जहां प्रतिवर्ष हजारों पक्षियों की बलि दी जाती थी। हमने प्रेम और विवेकपूर्ण तर्क के साथ वहां के पुजारियों को समझाया और कहा कि ईश्वर हमारे हृदय में छिपी पाशविक प्रवृत्तियों की बलि मांगता है। आज वे पक्षियों की बलि देने के स्थान पर उन्हें दाना खिलाते हैं।

---

सत्संग
डॉ. सुरक्षित गोस्वामी
योग गुरु



## आध्यात्मिक जीवन का प्रकाश स्तंभ हैं गुरु

AI Image



**आ**ध्यात्मिक जीवन में गुरु का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। गुरु केवल ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह साधक को आत्मज्ञान की ओर ले जाने वाला मार्गदर्शक होता है। सांसारिक ज्ञान मनुष्य स्वयं प्राप्त कर सकता है, लेकिन आत्मिक अनुभव का मार्ग सूक्ष्म और कठिन होता है। ऐसे में गुरु साधक को अज्ञान के अंधकार से निकालकर सत्य के प्रकाश तक पहुंचाने में सहायता करता है।

मनुष्य का मन स्वभाव से चंचल होता है। साधना के दौरान कई बार भ्रम, भय, अहंकार और संदेह उत्पन्न होते हैं। कभी साधक छोटी अनुभूतियों को ही अंतिम सत्य मान लेता है और मार्ग से भटक जाता है। गुरु अपने अनुभव और विवेक से उसे सही दिशा प्रदान करता है। उसका मार्गदर्शन शिष्य के लिए सुरक्षा कवच की तरह कार्य करता है।

**साधक को आत्मज्ञान की ओर ले जाने वाला मार्गदर्शक भी होता है गुरु**

आध्यात्म केवल पढ़ने या सुनने की वस्तु नही, बल्कि अनुभव का विषय है। जैसे तैरना केवल पुस्तक पढ़कर नहीं सीखा जा सकता, वैसे ही आत्मिक अनुभूति केवल शब्दों से संभव नही होती। गुरु अपने आचरण, मौन और जीवनशैली से साधक के भीतर परिवर्तन लाता है। सच्चा गुरु अंधभक्ति नही सिखाता, बल्कि शिष्य को जागरूक, स्वतंत्र और सत्य के प्रति ईमानदार बनाता है।

भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर के समान सम्मान दिया गया है। कबीरदास जी ने कहा है–
"गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूँ पाय।
बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय॥"

आज के तनावपूर्ण और भटकाव से भरे जीवन में एक सच्चे गुरु का सान्निध्य व्यक्ति को मानसिक शांति, आत्मिक स्थिरता और जीवन का सही मार्ग प्रदान कर सकता है। इसलिए आध्यात्मिक यात्रा में गुरु का होना केवल सहायक नही, बल्कि अनेक बार आवश्यक माना गया है।

**ऐसे भेजें अपने सवाल**

आपके भी मन में है धर्म-कर्म से संबंधित कोई सवाल, कोई उलझन, जिसका चाहते हैं जवाब तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर लिखकर भेजें। अपने नाम, शहर/गांव का भी जिक्र करें। सब्जेक्ट में 'Dharma Karma' लिखें।

---

ई-मेल करें
**मंदिर वाली सेल्फी**



अलका तंवर ने श्री केदारनाथ मंदिर, उत्तराखंड से भेजी ये फोटो

**ऐसे भेजें अपनी सेल्फी**

**nbtreader@timesofindia.com** पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ वट्सऐप करें। मंदिर के बारे में भी ज़रूर लिखें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- **Dharma Karma Selfie**

---

सप्ताह के व्रत और त्योहार
डॉ. अश्विनी शास्त्री
**(2 से 8 जून 2026)**

# धरती पर प्रत्यक्ष देवता माने जाते हैं सूर्य देव

***इस सप्ताह के बारे में विशेष:*** वर्तमान सप्ताह का शुभारंभ ज्येष्ठ (अधिक) के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि, मूल नक्षत्र और साध्य योग के साथ हो रहा है। वर्तमान कृष्ण पक्ष आगामी 15 जून को सोमवती अमावस्या के साथ समाप्त हो जाएगा और 16 जून से ही शुद्ध ज्येष्ठ का शुक्ल पक्ष आरंभ हो जाएगा। इसी के साथ ही पुरुषोत्तम मास भी समाप्त हो जाएगा। 6 जून से पंचक भी लग जाएंगे। इस सप्ताह गणेश संकष्ट चतुर्थी, भानु सप्तमी और मासिक कालाष्टमी आदि का आयोजन किया जाएगा।

### ■ गणेश संकष्ट चतुर्थी व्रत

*(3 जून, बुधवार)*



गणेश चतुर्थी व्रत हर महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन किया जाता है। क्योंकि यह व्रत संकटमोचक भगवान गणेश को समर्पित है इसलिए इस दिन उन्हीं की पूजा, अर्चना और स्तवन करना चाहिए। इस दिन व्रत रखने वाले को सबसे पहले प्रातःकाल उठकर स्नान आदि से निवृत्त होकर 'मम वर्तमानागामि सकलसंकट निवारणपूर्वक सकल अभीष्ट सिद्धये संकटचतुर्थी व्रतं करिष्ये' इस मंत्र के साथ व्रत का संकल्प लेना चाहिये। इसके बाद भगवान् गणेश की पूजा करें।

### ■ भानु सप्तमी *(7 जून, रविवार)*

भारतीय संस्कृति में सूर्य देव को प्रत्यक्ष देवता माना गया है। वे ऊर्जा, प्रकाश, स्वास्थ्य और जीवन के मूल स्रोत हैं। इन्हीं सूर्य नारायण की आराधना को समर्पित पर्व है भानु सप्तमी, जो प्रत्येक माह शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है। जब यह सप्तमी रविवार के दिन पड़ती है, तब इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन विधिपूर्वक सूर्य उपासना करने से रोग, शोक और बाधाओं का नाश होता है तथा जीवन में सुख, समृद्धि और यश की प्राप्ति होती है। पुराणों में वर्णित है कि सूर्य देव सात घोड़ों के रथ पर आरूढ़ होकर समस्त सृष्टि को प्रकाशमान करते हैं। भानु सप्तमी के अवसर पर प्रातःकाल स्नान के बाद उगते सूर्य को तांबे के पात्र से जल अर्पित किया जाता है। जल



में लाल पुष्प, अक्षत और रोली मिलाकर अर्घ्य देने की परंपरा है। श्रद्धालुओं को इस दिन आदित्य हृदय स्तोत्र, सूर्याष्टक तथा गायत्री मंत्र का पाठ करना चाहिए। आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों ही सूर्य के महत्व को स्वीकार करते हैं। सूर्य की किरणें शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ मानसिक सकारात्मकता और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक मानी जाती हैं।

### ■ मासिक कालाष्टमी

*(8 जून, सोमवार)*

हर महीने कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को कालाष्टमी के रूप में मनाया जाता है। कालभैरव के भक्त हर कालाष्टमी के दिन उनकी पूजा और व्रत करते हैं। ऐसा विश्वास है कि काल भैरव का व्रत रखने वाले भक्तों के सभी कष्ट इस व्रत को रखने से समाप्त हो जाते हैं। सबसे मुख्य कालाष्टमी को कालभैरव जयंती के नाम से जाना जाता है।

---

# THE ECONOMIC TIMES

NBT नवभारत टाइम्स
**Wealth**
अगले हफ्ते पढ़ें



● **MF की महंगी पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस (PMS) क्या वास्तव में आपका फायदा कराती है या आपकी कमाई खा जाती है?**

हर सोमवार NBT Wealth
**सिर्फ 6 रुपये में**
अपने वेंडर से संपर्क करें

## फटाफट खबरें

### Aggne में Wipro बढ़ाएगी हिस्सेदारी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** आईटी सेक्टर की कंपनी Wipro ने सोमवार को बताया कि वह बीमा तकनीक के क्षेत्र में काम करने वाली Aggne Global Inc में 20 प्रतिशत की अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदेगी। यह सौदा 2.85 करोड़ डॉलर में होगा। विप्रो ने बताया कि इस सौदे के बाद Aggne ग्लोबल में उसकी कुल हिस्सेदारी बढ़कर 80 प्रतिशत हो जाएगी। इससे पहले फरवरी 2024 में विप्रो ने Aggne Global आईटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और Aggne Global Inc में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी।

### NHPC के OFS में फ्लोर प्राइस तय

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सरकार ने NHPC लिमिटेड में हिस्सा बेचने के लिए सोमवार को ऑफर फॉर सेल की घोषणा की। DIPAM सेक्रेटरी अरुणीश चावला ने बताया कि 3% इक्विटी के बेस ऑफर के साथ ओवर सब्सक्रिप्शन की सूरत में और 3% का ग्रीन शू ऑप्शन रखा गया है। फ्लोर प्राइस 71 रुपये/शेयर है। सोमवार को यह शेयर 77.20 रुपये पर बंद हुआ। OFS नॉन-रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 2 जून को और रिटेल निवेशकों के लिए 3 जून को खुलेगा।

# भारत-US ट्रेड डील 99% फाइनल

## पीयूष गोयल ने कहा, अधिकतर बातों पर दोनों देशों में बन चुकी है सहमति

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को फाइनल करने के लिए अमेरिका के साथ मंगलवार से शुरू होने जा रही तीन दिवसीय बातचीत से पहले वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि इस चरण की अधिकतर बातों पर दोनों देशों में सहमति बन गई है और उम्मीद है कि इसे जल्द अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

**पहले चरण को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिकी दल के साथ आज से होगी बातचीत**

गोयल ने कहा, 'फरवरी में ही दोनों देशों के नेताओं ने फ्रेमवर्क एग्रीमेंट की घोषणा कर दी थी। मोटी-मोटी सभी बातें तय हैं। अमेरिकी राजदूत सर्जेई गोर ने भी कहा है कि 99% चीजों को अंतिम रूप दे दिया गया है। अब छोटे-मोटे कॉमा-फुलस्टॉप जैसी चीजों पर चर्चा चल रही है।'

अमेरिका के सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में आए अमेरिकी दल के साथ मंगलवार से 3 दिनों तक बाइलैटरल ट्रेड एग्रीमेंट (BTA) के पहले चरण पर बात होगी। 7 फरवरी को BTA के पहले चरण पर सहमति बनी थी, जिसमें भारत पर 25% जवाबी टैरिफ के बजाय 18% टैरिफ लगने की बात थी। हालांकि इसके बाद अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने वहां के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के भारत सहित तमाम देशों पर लगाए गए जवाबी टैरिफ को खारिज कर दिया। फिर ट्रंप प्रशासन ने अपने नियमों के तहत सभी देशों पर 10% टैरिफ लगा दिया। इसकी अवधि 23 जुलाई तक है।

गोयल ने कहा, 'फाइनल करते वक्त (डील के पहले चरण को) वहां जो कानूनी बदलाव आए थे, उनको किस प्रकार से फाइनल एग्रीमेंट में शामिल किया जाए और उनके चलते किस तरह से बदलाव होगा, इन चीजों को तय किया जाएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि अमेरिका के साथ हम BTA के पहले चरण को जल्द से जल्द पूरा करेंगे और फिर आगे व्यापक BTA करने के लिए चर्चा करेंगे।'

### कहां फंस सकता है पेच?

सूत्रों ने कहा, 'इस बातचीत भारत का जोर वियतनाम, बांग्लादेश, पाकिस्तान सहित अपने प्रतिद्वंद्वी देशों के मुकाबले कम टैरिफ रखवाने पर है। हालांकि अभी अमेरिका सेक्शन 301 के तहत भारत सहित कई देशों के बारे में जांच भी कर रहा है, जिसके तहत वह टैरिफ लगा सकता है। इसकी पिक्चर साफ नहीं हुई है। इस पहलू पर भी बात होगी।'



**'ओमान FTA से MSME को लाभ'** : भारत और ओमान के बीच FTA सोमवार को लागू हो गया। वाणिज्य मंत्री **पीयूष गोयल** ने कहा कि इसके चलते भारत से होने वाले 99% से अधिक निर्यात पर ओमान में ड्यूटी जीरो हो गई है। भारत ने ओमान से आयात के 94.81% हिस्से पर ड्यूटी में छूट दी है। ओमान से गोल्ड-सिल्वर, कृषि उत्पादों, फल-सब्जियों, खाद्य तेल, तिलहन, रबड़, लेदर और मसालों के आयात पर कोई छूट नहीं दी गई है।

- वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक, अमेरिका के साथ डील 99% तैयार, बस छोटी औपचारिकताएं बाकी।
- भारत चाहता है कि अमेरिकी बाजार में प्रतिद्वंद्वी देशों के मुकाबले कम टैरिफ रहे।

### ब्रिटेन को दी गई छूट घटा सकता है भारत

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ब्रिटेन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लागू करने से जुड़े मुद्दों पर मंगलवार को वहां के ट्रेड मिनिस्टर पीटर काइली से बात करेंगे। सूत्रों ने बताया कि इसमें अपने स्टील उद्योग को बचाने के लिए ब्रिटेन ने जो कदम उठाए हैं, उन पर भी बात होगी, साथ ही उसके कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिजम पर भी चर्चा होगी, जिसका असर भारत के निर्यात पर पड़ेगा। FTA पर 24 जुलाई 2025 को दस्तखत हुए थे। सूत्रों ने बताया, 'ब्रिटेन अगर अपने नियमों में छूट नहीं देगा, तो भारत भी वहां से आने वाले स्कॉच व्हिस्की सहित कुछ उत्पादों पर ड्यूटी में छूट में बदलाव कर सकता है।' ब्रिटेन ने तय किया है कि 1 जुलाई से वह टैरिफ फ्री स्टील इंपोर्ट का कोटा घटा देगा और इस कोटे से ऊपर के हिस्से पर 50% टैरिफ लगेगा।

# अप्रैल के मुकाबले मई महीने में सुस्त रहा GST कलेक्शन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**इंपोर्ट** से टैक्स कलेक्शन में उछाल के दम पर मई में कुल GST कलेक्शन सालभर पहले से 3.2% बढ़कर 1,94,184 करोड़ रुपये रहा। हालांकि अप्रैल में यह 2.43 लाख करोड़ रुपये के साथ अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक मई में डोमेस्टिक रेवेन्यू सालभर पहले से 2.6% घटकर 1,34,530 करोड़ रुपये ही रहा, लेकिन आयात होने वाली चीजों पर टैक्स कलेक्शन 19% से ज्यादा बढ़ने से ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन को सपोर्ट मिला।

इंपोर्ट से जुड़ा GST कलेक्शन सालभर पहले से 19.1% बढ़कर 59,654 करोड़ रुपये रहा। इससे पता चलता है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच देश में उत्पादन गतिविधियों पर आंच नहीं आई है, जिसके लिए कच्चे माल का बड़ी मात्रा में आयात हो रहा है। हालांकि इसमें कुछ योगदान रुपये की कमजोरी का भी है।

मई में CGST कलेक्शन सालभर पहले के 35434 करोड़ से बढ़कर 37397 करोड़ रुपये और SGST संग्रह 43902 करोड़ से बढ़कर 45143 करोड़ रुपये रहा।

### क्या हैं चुनौतियां और अवसर?

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज LLP के पार्टनर विवेक जालान ने कहा, 'मई के आंकड़ों से चुनौतियों और अवसरों, दोनों का पता चल रहा है। ग्रॉस डोमेस्टिक GST कलेक्शन में कमी आई, वहीं इंपोर्ट से जुड़े रेवेन्यू में उछाल आया। इससे देश के एक्सटर्नल ट्रेड फ्लो के दमखम का पता चल रहा है। GST में स्ट्रक्चरल बदलावों की जरूरत भी है। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के मुद्दे पर GST काउंसिल को विचार करना चाहिए, खासतौर से इनपुट सर्विसेज से जुड़े रिफंड्स पर। रिफंड प्रोसेस को आसान बनाना चाहिए।'

AI Image



इस वित्त वर्ष में अब तक ग्रॉस GST कलेक्शन सालभर पहले से 6.2% बढ़कर 4,36,887 करोड़ रुपये रहा। वहीं, टोटल रिफंड 10.9% बढ़कर 59,063 करोड़ रुपये का रहा। इसको एडजस्ट करने पर नेट जीएसटी कलेक्शन में 5.5% की ग्रोथ रही और यह 3,77,824 करोड़ रुपये रहा।

सरकार ने इस वित्त वर्ष में GST कलेक्शन 10.19 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान बजट में दिया था। पिछले वित्त वर्ष में 10.45 लाख करोड़ रुपये का कलेक्शन था।

### कितना अंतर

- अप्रैल में 2.43 लाख करोड़ रुपये कलेक्शन का रेकॉर्ड, मई में आए 1.94 लाख करोड़
- मई में सालभर पहले से 3.2% बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये रहा कुल संग्रह

### इंपोर्ट रेवेन्यू में उछाल

- कुल GST (मई): 1,94,184 करोड़ (3.2% बढ़त)।
- इंपोर्ट GST : 59,654 करोड़ (19.1% बढ़त)।
- घरेलू GST रेवेन्यू: 1,34,530 करोड़ (2.6% की कमी)।
- नेट जीएसटी कलेक्शन (रिफंड के बाद): 1,66,904 करोड़।

# मेंटिनेंस के खर्च को मुनाफे में जोड़ सकेंगी कंपनियां

AI Image



■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को एक अहम प्रस्ताव दिया है। इसके तहत इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (InvITs) को सड़क प्रोजेक्ट्स के बड़े रखरखाव पर होने वाले खर्च को नेट डिस्ट्रीब्यूटेबल कैश फ्लो (NDCF) की गणना में वापस जोड़ने की अनुमति दी जा सकती है।

**सेबी का प्रस्ताव: सड़क प्रोजेक्ट्स वाले InvITs को राहत**

हालांकि, यह छूट उसी राशि तक मिलेगी जो बाहरी कर्ज के जरिए जुटाई गई होगी। सेबी ने साफ किया है कि यह व्यवस्था केवल 'सड़क और पुल' सेक्टर के लिए ही होगी और इसके लिए निवेशकों की मंजूरी लेना जरूरी होगा।

सेबी का यह प्रस्ताव भारत इन्विट्स असोसिएशन (BIA) की उस मांग के बाद आया है, जिसमें सड़क प्रोजेक्ट्स के रखरखाव के लिए लिए गए कर्ज को एनडीसीएफ (NDCF) कैलकुलेशन में शामिल करने की बात कही गई थी। NDCF वह पैसा होता है जो ट्रस्ट अपने निवेशकों को मुनाफे के तौर पर बांटता है।

अभी सड़क प्रोजेक्ट्स वाले InvITs इन रखरखाव खर्चों को कैपिटलाइज नहीं कर पाते।

## कच्चे तेल के दाम बढ़ते ही गिरा बाज़ार

AI Image




■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। पश्चिम एशिया में बढ़ती हलचल और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों की वजह से निवेशकों ने जमकर बिकवाली की। सेंसेक्स 508.40 अंक (0.68%) लुढ़ककर 74,267.34 पर बंद हुआ। निफ्टी 165.15 अंक (0.70%) की गिरावट के साथ 23,382.60 पर बंद हुआ। कच्चा तेल (ब्रेंट क्रूड) 3.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 94.16 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वहीं, सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 34 पैसे गिरकर 95.19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। RBI रेफरेंस रेट के मुताबिक रुपये का भाव 94.89 रहा।

# देश में औद्योगिक उत्पादन को मैन्युफैक्चरिंग से मिला सपोर्ट

**अप्रैल में IIP ग्रोथ 4.9%, मई में मैन्युफैक्चरिंग PMI 3 महीनों में सबसे ज्यादा**

AI Image



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** देश के औद्योगिक उत्पादन ने अप्रैल में 4.9% की रफ्तार दिखाई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (IIP) की इस ग्रोथ में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का ज्यादा योगदान रहा। IIP ग्रोथ के ये आंकड़े इस मायने में अहम हैं कि ये बेस ईयर 2012-13 से बदलकर 2022-23 किए जाने के बाद आए पहले आंकड़े हैं। वहीं, सोमवार को जारी HSBC इंडिया मैन्युफैक्चरिंग PMI के आंकड़ों के मुताबिक, मई में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार 3 महीनों के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। मैन्युफैक्चरिंग PMI मई के लिए 55 रहा, जो अप्रैल में 54.7 था।

सालभर पहले अप्रैल में IIP ग्रोथ 5.7% थी। इस साल ग्रोथ घटी है। पश्चिम एशिया संकट के बीच एनर्जी सेक्टर में नरमी का असर रहा। हालांकि ग्रोथ मार्च के 3.2% से ज्यादा है। अप्रैल में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ 6.2% रही। वहीं, माइनिंग में ग्रोथ माइनस 5.1%, इलेक्ट्रिसिटी और गैस सप्लाई में 4.9% और वॉटर सप्लाई में 6.6% रही।

केयरएज की चीफ इकनॉमिस्ट रजनी सिन्हा ने कहा, 'कैपिटल गुड्स में 16% और इंफ्रास्ट्रक्चर में 7.1% ने दमदार ग्रोथ दर्ज की है। लगातार छठे महीने कैपिटल गुड्स प्रोडक्शन में डबल डिजिट ग्रोथ रही। आने वाले दिनों में बढ़ती महंगाई, ईंधन की बढ़ी हुई कीमतों और मॉनसून आउटलुक से जुड़े रिस्क को देखते हुए कंजम्पशन और प्रोडक्शन के ट्रेंड पर सतर्क निगाह रखनी होगी।'

मंत्रालय ने बेस ईयर बदलने के साथ 120 नए आइटम ग्रुप्स को शामिल किया है। इनमें मैग्नेटिक स्ट्रिप वाले कॉर्ड्स (डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड), CCTV कैमरा, हवाई जहाजों के पुर्जों, स्टेंट और वैक्सीन जैसी चीजें हैं। वहीं, केरोसिन, फ्लोरोसेंट ट्यूब्स, CFL, साइकिल के ट्यूब, प्रिंटिंग मशीनरी और सिलाई मशीन सहित 64 चीजों को बाहर कर दिया गया।

## Anthropic ने US में IPO के लिए दी अर्ज़ी

■ **NBT रिपोर्ट:** आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (AI) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी Anthropic ने सोमवार को बताया कि उसने अमेरिका में IPO लाने के लिए गोपनीय तरीके से अर्जी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, Anthropic ने फिलहाल IPO के आकार या शर्तों का खुलासा नहीं किया है। मई के आखिर में कंपनी ने 65 अरब डॉलर जुटाए थे, जिसके बाद इसकी वैल्यू 965 अरब डॉलर आंकी गई थी। इस लिहाज से यह अपनी प्रतिद्वंदी कंपनी OpenAI से आगे निकल गई है।

शेयर बाजार में लिस्ट होने की तरफ यह बड़ा कदम इलॉन मस्क की कंपनी SpaceX के मेगा-IPO लाने की तैयारी के बाद आया है। सूत्रों के मुताबिक, OpenAI भी आने वाले हफ्तों में अमेरिका में IPO के लिए गोपनीय अर्जी देने की तैयारी कर रही है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA12 User: cci Time: 06-01-2026 23:01 Color:






# RCB किंग हैं हम

**172**
*डॉट बॉल्स फेंकी मोहम्मद सिराज और कागिसो रबाडा ने IPL-2026 में। यह इस सीजन सर्वाधिक डॉट बॉल्स रही। ओवरऑल रेकॉर्ड डेल स्टेन के नाम है, जिन्होंने साल 2013 में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए 219 डॉट बॉल्स डाली थी*

**Quiz IPL स्पेशल**
*इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।*

1. IPL में सबसे कम गेंदों पर 1000 पूरा करने वाला बल्लेबाज कौन है? A) आंद्रे रसेल B) हेनरिक क्लासेन C) टिम डेविड D) वैभव सूर्यवंशी
2. विराट कोहली ने IPL-2026 में कुल कितनी बाउंड्रीज (सिक्स+फोर) लगाई है? A) 92 B) 105 C) 98 D) 135

**कल के जवाब**
1. C) 72 2. D) सुनील नरेन

**लकी WINNER**



1. दीपक गुप्ता, लक्ष्मी नगर, दिल्ली
2. दिनेश पी वर्मा, जोगेश्वरी, मुंबई
3. खालिद नसीम, लखनऊ (यूपी)

**अब आप अपने जवाब हमें !!!!अलर्ट!!!!!**
**8796958780**
*नंबर पर आप अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।*

# रजत को मिला 'बेस्ट बर्थडे गिफ्ट', अब 'हैटट्रिक' पर नज़र

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने अपना दूसरा IPL खिताब उस दिन जीता, जब कप्तान रजत पाटीदार अपना 33वां जन्मदिन मना रहे थे। लेकिन, इस सुखद संयोग से भी कहीं अधिक वह टूर्नामेंट में अपनी टीम के शुरू से अंत तक के दबदबे से खुश थे। पाटीदार ने मैच के बाद कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो पिछले साल बहुत दबाव था। इस साल टूर्नामेंट में हमारे प्रदर्शन की वजह से माहौल काफी शांत रहा। मुझे लगता है कि हमने न सिर्फ अच्छा खेल दिखाया, बल्कि इस साल हमने टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा। हमें पूरा भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो हम निश्चित रूप से दूसरा खिताब जीतने में सफल रहेंगे।' पाटीदार ने इसके साथ ही कहा कि उनकी टीम लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा, 'यह सबसे अच्छा गिफ्ट है क्योंकि आज (01 जून) मेरा बर्थडे है। कुल मिलाकर अच्छा लग रहा है, लेकिन मैं वर्तमान में जीने की कोशिश करता हूं। हमें इस बात पर अधिक ध्यान देना होगा कि हम लगातार तीसरी बार ट्रॉफी कैसे हासिल कर सकते हैं।'

**कप्तानी की अलग शैली:** पाटीदार ने बेंगलुरु की इस जीत में एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में अहम भूमिका निभाई। मध्य प्रदेश के इस क्रिकेटर ने कहा कि कैसे उन्होंने चुपचाप RCB का नेतृत्व किया, जो उनके पूर्ववर्ती कप्तानों विराट कोहली और फाफ डुप्लेसिस की आक्रामक शैली से बिल्कुल अलग था। पाटीदार ने इस सीजन 501 रन बनाए और स्ट्राइक रेट 192.69 रहा।

> कप्तानी का मेरा तरीका अलग है। मैं ज्यादा खुलकर अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं करता, लेकिन खेल की स्थिति से पूरी तरह वाकिफ रहता हूं। मुझे मैनेजमेंट और प्लेयर्स दोनों का भरपूर समर्थन मिला। – *रजत पाटीदार, कप्तान, RCB*



## युवाओं ने प्रेरित किया: विराट

विराट कोहली ने IPL में अपना सबसे तेज अर्धशतक लगाने और RCB को लगातार दूसरी ट्रॉफी दिलाने के बाद कहा कि टी20 फॉर्मेट में अपने खेल को नया रूप देने के लिए उन्हें अपनी सोच में बदलाव करना पड़ा और इस बीच युवा खिलाड़ियों ने भी उन्हें प्रेरित किया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए विराट ने कहा, 'यह वही पल है जिसका हर खिलाड़ी सपना देखता है। मैंने कई बार इस क्षण की कल्पना की थी, खासकर विजयी रन बनाने की। बल्लेबाजी के लिए उतरते समय मैं पूरी तरह सहज था।' कोहली ने कहा, 'मुझे पता था कि रन-चेज में क्या करना है। युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी आपको लगातार अपने खेल में सुधार करने और नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए प्रेरित करती है।' अपने IPL करियर के सबसे तेज अर्धशतक (25 गेंद) पर उन्होंने कहा, 'यह आपको लगातार बेहतर करने का लक्ष्य देता है। मुझे अपने खेल में बहुत बड़ा बदलाव नहीं करना था, बल्कि सोच बदलनी थी।'

**IPL-2026 में नए लेवल पर पहुंच गई बैटिंग**

# रनोत्सव बन गया सीज़न

Abhishek.Upadhyay1
@TimesofIndia.com

■ **नई दिल्ली:** IPL 2026 का यह सीजन टी20 क्रिकेट के इतिहास में एक 'क्रांति' की तरह याद किया जाएगा, जिसने खेल के पुराने ढर्रों और ढेरों रेकॉर्ड्स को मटियामेट कर दिया। यह सीजन गवाह बना अविश्वसनीय रूप से आक्रामक बल्लेबाजी, आसमान छूते स्कोर्स और युवा प्रतिभाओं की उस हुंकार का, जिसने बड़े-बड़े दिग्गजों को हैरान कर दिया। इस साल बैटिंग का लेवल एक बिल्कुल नए लेवल पर पहुंच गया। यही वजह है कि इस सीजन को 'रनों के महा-उत्सव' के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा। इस सीजन कई ऐसी अनूठी घटनाएं भी घटीं, जिन्होंने IPL के रोमांच को चरम पर पहुंचा दिया। एक नजर, IPL-19 की 7 सबसे यादगार बातों पर:

PTI



RCB के क्रुणाल पंड्या उन चुनिंदा प्लेयर्स में शामिल हो गए जिनके नाम IPL की पांच ट्रॉफियां हैं

**1 RCB का ऐतिहासिक 'बैक-टु-बैक' खिताब:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने चेन्नै सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस के क्लब में शामिल होकर लगातार दूसरा खिताब अपने नाम किया। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर RCB ने अपने खिताब का बचाव किया। फाइनल में विराट कोहली की 'प्लेयर ऑफ द मैच' वाली मैच-जिताऊ पारी और पावरप्ले में भुवनेश्वर कुमार की सधी हुई बोलिंग ने RCB के लगातार दूसरे खिताब में अहम रोल अदा किया।

**2 वैभव सूर्यवंशी का अद्भुत उदय:** युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने पूरे टूर्नामेंट पर राज किया। उन्होंने सीजन में सबसे ज्यादा 776 रन बनाए, मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (MVP) और इमर्जिंग प्लेयर का अवॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने 237.3 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की और क्रिस गेल का 14 साल पुराना एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्कों का रेकॉर्ड तोड़ते हुए 72 सिक्स जड़े।

**3 200+ रन का आंकड़ा हुआ आम**
यदि 2025 का सीजन हाई-स्कोरिंग था, तो 2026 ने बैटिंग को एक अलग ही लेवल पर पहुंचा दिया। इस पूरे टूर्नामेंट में टीमों ने रेकॉर्ड 65 बार 200 या उससे अधिक का स्कोर खड़ा किया। सबसे खास बात यह रही कि टीमों ने टारगेट का पीछा करने की कला को नए आयाम दिए और इस सीजन में रेकॉर्ड 16 बार 200 रन से अधिक के टारगेट को सफलतापूर्वक चेज किया गया।

**4 10 के रन रेट की दीवार टूटी**
IPL के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब पूरे टूर्नामेंट का ओवरऑल पावरप्ले रन रेट 10 रन प्रति ओवर के पार (10.15) पहुंच गया। अधिकतर टीमों की रणनीति साफ थी, पहली ही गेंद से बिना किसी डर के अटैक करना। इसका सबसे बेहतरीन उदाहरण पंजाब किंग्स ने पेश किया, जिसने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले के छह ओवर्स में ही रेकॉर्ड 116 रन कूट दिए थे।

**5 हर टीम से लगी 'सेंचुरी':** यह सीजन बैटिंग की गहराई को दर्शाने वाला भी रहा। IPL इतिहास में पहली बार हुआ जब सभी 10 टीमों के कम से कम एक बैटर ने शतक लगाया। इनमें जहां युवा वैभव सूर्यवंशी की 37 गेंदों में आई तूफानी सेंचुरी शामिल थी, वहीं विराट कोहली और केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स के लिए 152* रन) जैसे दिग्गजों के अलावा क्विंटन डीकॉक और मिचेल मार्श जैसे विदेशी खिलाड़ियों के बल्ले से भी शानदार शतक निकले।

**6 गिल-सुदर्शन की यादगार जुगलबंदी:**
गुजरात टाइटंस के ओपनर्स शुभमान गिल और साई सुदर्शन ने निरंतरता की नई मिसाल पेश की। ये दोनों IPL इतिहास की पहली ऐसी ओपनिंग जोड़ी बने, जिसने लगातार दो सीजंस में 650 से अधिक रन बनाए। इस सीजन गिल ने 732 और सुदर्शन ने 722 रन बनाकर गुजरात को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। दोनों ने टी20 में 11 सेंचुरी पार्टनरशिप का रेकॉर्ड भी बनाया।

**7 कम कीमत वाले ज्यादा कारगर**
इस IPL सीजन ने साबित कर दिया कि ऑक्शन की भारी-भरकम कीमत हमेशा मैदान पर प्रदर्शन की गारंटी नहीं होती। जहां ऋषभ पंत (27 करोड़) और कैमरून ग्रीन (25.2 करोड़) उम्मीदों के दबाव में संघर्ष करते दिखे, वहीं 7 से 9 करोड़ के ब्रैकेट वाले खिलाड़ियों ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। एक उदाहरण गुजरात टाइटंस द्वारा 7 करोड़ रुपये में खरीदे गए जेसन होल्डर का है। उन्होंने सबसे किफायती बोलिंग की और टीम के लिए काफी प्रभावी साबित हुए।

# ऐंड द ट्रॉफीज़ गो टु... वैभव सूर्यवंशी

Social Media



> श्रीलंका दौरे के बाद वैभव को आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना जाना चाहिए। – एमएसके प्रसाद, पूर्व चीफ सिलेक्टर, भारत

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** IPL-2026 की चमचमाती ट्रॉफी पर भले ही RCB की टीम ने लगातार दूसरी बार कब्जा जमाया हो, लेकिन लीग के इस सीजन को जिस एक चीज के लिए सबसे ज्यादा याद रखा जाएगा, वह राजस्थान रॉयल्स के 15 साल के पराक्रमी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का बेमिसाल प्रदर्शन है। दस टीमों के मुकाबले में तमाम ख्यातिप्राप्त और अंतरराष्ट्रीय लेवल के दिग्गज बल्लेबाज खेल रहे थे, लेकिन सबसे ज्यादा चमक बिखेरी इस सबसे छोटी उम्र के बल्लेबाज ने। अपनी असाधारण काबिलियत से उन्होंने हर किसी को अपना मुरीद बना लिया।

**अवॉर्ड्स की लगाई झड़ी**
1. सर्वाधिक रन: ऑरेंज कैप
2. मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर
3. इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन
4. सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन
5. सुपर सिक्सेज ऑफ द सीजन

**440 बॉल** में 1000 रन पूरे कर IPL में गेंदों के लिहाज से सबसे तेज 1000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने

**16 गेंदों** में अर्धशतक पूरा कर IPL प्लेऑफ में सबसे तेज फिफ्टी लगाने का संयुक्त रेकॉर्ड बनाया

## टाइटंस की बस में लग गई आग

■ **पीटीआई, अहमदाबाद:** फाइनल मैच के बाद वापस होटेल लौट रही गुजरात टाइटंस (GT) की टीम की सुरक्षा को लेकर उस समय बड़ी चिंता पैदा हो गई जब बस में शॉर्ट सर्किट की खराबी के कारण खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों को बीच सड़क पर उतरना पड़ा। शॉर्ट सर्किट के कारण बस के अंदर धुआं फैल गया, लेकिन टीम के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई।

**सभी प्लेयर्स सुरक्षित**

## विजय जुलूस नहीं निकालेगा RCB

■ **पीटीआई, अहमदाबाद:** पिछले साल की भगदड़ और 11 लोगों की मौत को ध्यान में रखते हुए RCB ने IPL में लगातार दूसरी खिताबी जीत के लिए विजय जुलूस नहीं निकालने का फैसला किया है। टीम ने यह निर्णय कर्नाटक के नवनियुक्त मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह को ध्यान में रखते हुए भी लिया जो लोक भवन में आयोजित किया जाएगा। पिछले साल जल्दबाजी में विजय जुलूस निकाला गया था।

**पिछले साल से सबक**

**Sports Reel**

## बाउंड्री बादशाह

*IPL-2026 में बल्ले से रेकॉर्ड की बारिश करने वाले वैभव सूर्यवंशी ने एक और मामले में सारे बैटर्स को रेस में काफी पीछे छोड़ दिया। उन्होंने ना सिर्फ सर्वाधिक सिक्स बरसाए, बल्कि फोर और सिक्स को मिला दिया जाए, तो यहां भी कोई उनके पास नहीं ठहरता। उन्होंने एक IPL सीजन में सर्वाधिक बाउंड्रीज (फोर और सिक्स मिलाकर) जड़ने का जोस बटलर (128) का रेकॉर्ड भी ध्वस्त कर दिया। इस सीजन चौके-छक्के मिलाकर ये बैटर्स रहे टॉप पर:*

**वैभव सूर्यवंशी** — राजस्थान रॉयल्स

**135** फोर: 63 सिक्स: 72

**शुभमान गिल** — गुजरात टाइटंस

**107** फोर: 74 सिक्स: 33

**साई सुदर्शन** — गुजरात टाइटंस

**105** फोर: 75 सिक्स: 30

**विराट कोहली** — रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**98** फोर: 73 सिक्स: 25

**अभिषेक शर्मा** — सनराइजर्स हैदराबाद

**93** फोर: 50 सिक्स: 43

**ईशान किशन** — सनराइजर्स हैदराबाद

**92** फोर: 60 सिक्स: 32

## फटाफट खबरें

**भारत ने कोरिया को हराया**
■ **काकामिगाहारा:** कप्तान केतन कुशवाहा के दो गोलों की बदौलत भारतीय मेंस अंडर-18 हॉकी टीम ने एशिया कप के पूल-ए मुकाबले में कोरिया को 4-1 से हराया। भारत की ओर से वरिंदर सिंह और शाहरुख अली ने भी एक-एक गोल किया। भारत छह अंकों के साथ कोरिया और जापान की बराबरी पर पहुंच गया। दोनों पूलों से टॉप दो टीमें सेमी में जाएंगी।

**वैलेजो पर भारी जुर्माना**
■ **नई दिल्ली:** फ्रेंच ओपन के दौरान पराग्वे के एडोल्फो डेनियल वैलेजो एक बड़े विवाद में घिर गए हैं। दूसरे राउंड में हार के बाद वैलेजो को महिला अंपायर पर 'अभद्र' टिप्पणी करने पर 65 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। वैलेजो ने कहा कि इतने अहम मैच का संचालन किसी पुरुष को करना चाहिए था। आयोजकों ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए इसे 'अस्वीकार्य' बताया।

**नौकायन खिलाड़ी शामिल**
■ **नई दिल्ली:** जापान के आइची-नागोया में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एशियन गेम्स की तैयारियों के मद्देनजर नौकायन (रोइंग) के 22 खिलाड़ियों को टारगेट ओलिंपिक पोडियम योजन (टॉप्स) के विकास समूह में शामिल किया गया। यह फैसला मिशन ओलिंपिक सेल की 174वीं बैठक में लिया गया।

**पीएम मोदी ने दी बधाई**
■ **नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22वीं एशियन अंडर-20 ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 मेडल जीतने वाले भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है।

# भारतीय मिडल ऑर्डर को दिखाना होगा दम

■ **एजेंसियां, टांटन:** भारतीय टीम मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार को तीसरे और निर्णायक विमिंस टी20I मुकाबले में उतरेगी तो उसे दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष जैसी भरोसेमंद बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, ताकि टीम अपने मध्यक्रम की समस्याओं का समाधान तलाश सके। भारतीय टीम ने इस सीरीज का विजयी आगाज किया था, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरा टी20 मुकाबला जीतकर शानदार वापसी की। इस महीने 12 जून से शुरू होने वाले विमिंस टी20 वर्ल्ड कप से पहले दोनों टीमें जीत के साथ अपना आत्मविश्वास बढ़ाना चाहेंगी। शुरुआती दोनों ही मुकाबलों में भारतीय टीम अंतिम पांच ओवरों में अपनी लय बनाए रखने में असफल रही। विशेष रूप से बड़े शॉट खेलने के लिए जानी जाने वाली ऋचा घोष अभी तक अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ सकी हैं।

**भारत Vs इंग्लैंड**
**विमिंस टी20I सीरीज**



ऋचा घोष

## 'ज़ी' भारत करेगा लाइव टेलिकास्ट

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारत में फुटबॉल-प्रेमियों के लिए बड़ी राहत की बात है कि 'ज़ी' पर 2026 फीफा वर्ल्ड कप का सीधा प्रसारण किया जाएगा। अगले 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से 10 दिन पहले 'ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड' ने सोमवार को फुटबॉल की विश्व संचालन संस्था फीफा के साथ आठ साल की भागीदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत 'जी' भारत में वर्ल्ड कप 2026 समेत फीफा के सभी मुकाबलों का टेलिकास्ट करेगा। वर्ल्ड कप का टीवी पर सीधा प्रसारण ज़ी एंटरटेनमेंट अपने नए 'यूनाइटे8 स्पोर्ट्स नेटवर्क' के जरिए करेगा जबकि इसकी लाइव स्ट्रीमिंग 'जी5' ऐप पर उपलब्ध होगी। करार के तहत 'ज़ी' फीफा के कुल 39 ग्लोबल फुटबॉल टूर्नामेंट का टेलिकास्ट करेगा।

**फीफा वर्ल्ड कप 2026**

# टेस्ट में 'पिंक बॉल' ट्रायल को मंज़ूरी

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिती (ICC) ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए प्रयोग को मंजूरी दी है, जिसके तहत खराब रोशनी के कारण खेल बाधित होने की स्थिति में रेड बॉल की जगह पिंक बॉल का इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस दौरान फ्लडलाइट्स का उपयोग कर अधिक से अधिक ओवर पूरे कराने की कोशिश की जाएगी। अहमदाबाद में आयोजित ICC बोर्ड की वार्षिक बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। हालांकि यह व्यवस्था तभी लागू होगी जब किसी सीरीज के शुरू होने से पहले दोनों टीमें इस पर सहमत हों। बोर्ड की दो दिवसीय बैठक में कई अन्य नियम भी बदले गए। सभी संशोधित ICC नियम 1 अक्टूबर 2026 से लागू होंगे।

**ICC बोर्ड बैठक में हुआ फैसला**



**बैठक में हुए कुछ अन्य फैसले**
- टेस्ट मैचों में ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान हेड कोच को मैदान पर आने की अनुमति होगी।
- टी20I मैचों में 15 मिनट का ब्रेक अनिवार्य होगा और बल्लेबाजों को खेल दोबारा शुरू होने पर तैयार रहना होगा।
- विमिंस चैंपियंस ट्रॉफी 2027 को उसके मूल जून-जुलाई कार्यक्रम से हटाकर 14 से 28 फरवरी 2027 के बीच आयोजित करने का फैसला किया गया है।

**ऐसे काम करेगा नियम**
मैच की शुरुआत लाल गेंद से ही होगी, लेकिन यदि रोशनी कम हो जाती है तो फ्लडलाइट्स चालू कर गुलाबी गेंद का इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस मॉडल के तहत टेस्ट मैच के एक दिन में निर्धारित 90 ओवरों में से यदि 75 ओवर लाल गेंद से फेंके जा चुके हों और खराब रोशनी के कारण बाकी 15 ओवर नही हो पाते, तो दोनों टीमों की पूर्व सहमति होने पर ये ओवर फ्लड लाइट्स में पिंक बॉल से कराए जाएंगे।

# लगातार दूसरे खिताब के लिए उतरेंगे रेड्डी और शेट्टी

■ **एजेंसियां, जकार्ता:** सिंगापुर ओपन में लंबे समय से चले आ रहे खिताबी इंतजार को समाप्त करने के बाद आत्मविश्वास से भरपूर भारत की स्टार मेंस डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी अब मंगलवार से शुरू हो रहे इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 में लगातार दूसरा खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगी। पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को प्रतियोगिता में चौथी वरीयता मिली है। अपने पहले मुकाबले में उनका सामना मलयेशिया के कांग खाई शिंग और आरोन ताई की जोड़ी से होगा। सात्विक और चिराग ने रविवार को अपना पहला सिंगापुर ओपन खिताब जीता था। विमिंस सिंगल्स में पीवी सिंधु और मेंस सिंगल्स में लक्ष्य सेन, एचएस प्रणॉय व किदांबी श्रीकांत चुनौती पेश करेंगे।

**इंडोनेशिया ओपन**



FILE

## दिव्यांशी ने दो गोल्ड जीत रचा इतिहास

■ **एजेंसियां, प्रिस्टीना (कोसोवो):** उभरती हुई खिलाड़ी 15 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड टेबल टेनिस (WTT) प्रिस्टीना फीडर विमिंस सिंगल्स खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई हैं। वर्ल्ड रैंकिंग्स में 211वें स्थान पर काबिज दिव्यांशी ने फाइनल में चीनी ताइपे की दुनिया की नंबर-38 येह यी-तियान को 3-2 से पराजित किया। दिव्यांशी ने इसके बाद विमिंस डबल्स वर्ग में साथी भारतीय किशोर खिलाड़ी सिंड्रेला दास के साथ मिलकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया।

**WTT फीडर प्रिस्टीना**

# दिव्या दूसरे पर खिसकीं, प्रग्ना और गुकेश भी हारे

■ **पीटीआई, ओस्लो:** नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में भाग ले रहे चारों भारतीय खिलाड़ियों का छठे राउंड में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और उन सभी को हार का सामना करना पड़ा। पिछले राउंड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश अपना विजय अभियान जारी नहीं रख पाए, जबकि आर प्रग्नानंदा, दिव्या देशमुख और कोनेरू हंपी भी हार गए। महिला वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख (8.5 अंक) चीन की पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन जू वेनजुन (8 अंक) से क्लासिकल बाजी में हार से दूसरे स्थान पर खिसक गईं। वह हालांकि शीर्ष पर काबिज बिबिसारा असौबायेवा (9.5 अंक) से ज्यादा दूर नहीं हैं। विश्व के नंबर एक मैग्नस कार्लसन क्लासिकल में जीत दर्ज करके खिताबी रेस में शामिल हो गए।

**नॉर्वे चेस टूर्नामेंट**

FILE



ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख

# श्नाइडर पहली बार अंतिम-8 में

■ **एजेंसियां, पैरिस:** रूस की डायना श्नाइडर ने सोमवार को कड़े मुकाबले में मेडिसन कीज़ को हराकर करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई। इस उपलब्धि को उन्होंने अपने लिए 'बहुत बड़ा पल' बताया।25वीं वरीयता प्राप्त श्नाइडर इससे पहले केवल 2024 के यूएस ओपन में चौथे दौर तक पहुंची थीं। हालांकि इस बार उन्होंने 2025 की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन कीज को 6-3, 3-6, 6-0 से हराकर अंतिम आठ में जगह बना ली। यह जीत श्नाइडर के लिए और भी खास रही क्योंकि वह कीज के खिलाफ अपने पिछले तीनों मुकाबले हार चुकी थीं। क्वॉर्टर फाइनल में श्नाइडर का सामना अब दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी अरिना सबालेंका या चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका में से किसी एक से होगा।

**कलिंस्काया भी क्वॉर्टर फाइनल में:** रूस की एक अन्य विमिंस प्लेयर अन्ना कलिंस्काया ने ऑस्ट्रिया की अनास्तासिया पोटापोवा को 6-4, 2-6, 7-6 से हराकर पहली बार रोलां गैरो के क्वॉर्टर फाइनल में जगह बना ली। यह मुकाबला लगभग तीन घंटे तक चला, जिसमें पोटापोवा निर्णायक सेट में दो बार मैच जीतने की स्थिति में पहुंचकर भी उसे समाप्त नहीं कर सकीं।

**फ्रेंच ओपन**

FILE



डायना श्नाइडर

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA13 User: cci Time: 06-01-2026 23:05 Color:

नवभारत टाइम्स NBT Delhi Times OF INDIA
masala mix
TUESDAY, JUNE 2, 2026
ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE





## EE SALA NU CUP NAMDE !

# ‘एक बार अच्छा लगा, हमने दोबारा कर दिखाया’

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने IPL के फाइनल में गुजरात टाइटंस को शिकस्त देकर लगातार दूसरी बार जीत हासिल की है। जीत के जश्न की शुरुआत मैदान से हुई और यह सिलसिला टीम के होटल पहुंचने तक जारी रहा। खासकर विराट-अनुष्का इस शानदार विजय को लेकर लाइमलाइट में रहे। इस यादगार जीत पर खास रिपोर्ट:**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मैच जीतने के बाद सबसे पहला सेलिब्रेशन अपने फैंस और परिवार के साथ मनाया। जश्न के खुशनुमा पलों के बीच RCB के कप्तान रजत पाटीदार ने अपनी इस जीत को उन फैंस को समर्पित किया, जिन्होंने पिछले साल चैंपियनशिप सेलिब्रेशन के बाद हुई दुखद भगदड़ में अपनी जान गंवा दी थी। मैच के बाद उन्होंने अपने फैंस का अभिवादन कुछ इस अंदाज में किया, ‘तो यह मैच फिर से आपके लिए है, RCB फैंस। Ee Sala Nu Cup Namde. आपने अपने फैंस परिवार के सदस्यों को खो दिया। मैं यह ट्रॉफी उन्हें समर्पित करना चाहता हूं।’ मैदान पर विराट कोहली-अनुष्का शर्मा पूरी टीम और उनके परिवार के साथ इस जीत का जश्न मनाते दिखे। सोशल मीडिया पर वायरल एक फोटो में विराट-अनुष्का विक्ट्री का निशान बनाते हुए नज़र आए। जीत के जश्न का ये सिलसिला आफ्टर पार्टी तक जारी रहा।

### आफ्टर पार्टी में साथियों संग झूमे विराट

**फाइनल मैच जीतने के बाद विराट कोहली आफ्टर पार्टी में अपनी टीम के साथी खिलाड़ियों के साथ डांस करते हुए दिखे, जिसके विडियो RCB के फैंस के बीच खूब वायरल हो रहे हैं।**





### क्रुणाल पंड्या ने सिर पर उठा ली ट्रॉफी

**फाइनल मैच जीतने के बाद टीम ने होटल में भी जमकर सेलिब्रेट किया। इस दौरान क्रुणाल पंड्या इतने उत्साहित नज़र आए कि उन्होंने विजेता ट्रॉफी को सिर पर उठाकर डांस किया। वहीं होटल स्टाफ ने भी टीम की जीत को सेलिब्रेट किया।**



## लकी चार्म अनुष्का शर्मा

विराट कोहली के साथ अनुष्का शर्मा शादी से पहले और बाद में कई मैचों में नज़र आती रही हैं। एक दौर था जब विराट उनके बॉयफ्रेंड थे और अनुष्का उस दौरान भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और भारतीय टीम के मैच में हमेशा मौजूद रहती थीं। लेकिन उस दौरान कई बार जब अनुष्का स्टेडियम में मौजूद होती थीं और विराट अच्छा परफॉर्म नहीं करते थे। तब सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया जाता था। कोई उन्हें विराट के लिए अनलकी कहता था, तो कोई कहता था कि जब से वह विराट की जिंदगी में आई हैं, उनकी परफॉर्मेंस खराब हो गई है। लेकिन IPL की मौजूदा धमाकेदार जीत के बाद तमाम लोग कह रहे हैं कि अनुष्का ही विराट की असली लकी चार्म हैं।

इस बारे में एक यूजर ने लिखा, ‘जिसे लोग कभी विराट के लिए अनलकी कहते थे, देखो आज वही उनका लक बनकर साथ खड़ी है।’ वहीं फैंस का यह भी कहना है कि पार्टनर हो तो ऐसी जो अपने पति विराट के साथ हर सुख-दुख में खड़ी रही।

### अनुष्का ने शेयर कीं फोटोज़

**अनुष्का शर्मा ने मैच के बाद सोशल मीडिया पर कुछ फोटोज़ साझा कीं। शेयर की गई पहली फोटो में विराट नज़र आ रहे थे, जिसमें उनकी टी-शर्ट पर खास मेसेज, ‘एक बार अच्छा लगा, हमने दोबारा कर दिखाया’ लिखा था। वहीं अनुष्का ने एक और फोटो शेयर की, जिसमें वह अपने पति का माथा चूमती हुई दिख रही थीं। सोशल मीडिया पर ये फोटोज खूब वायरल हो रही हैं।**



## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
अगर आज आप योजनाबद्ध तरीके से चलेंगे तो इसमें कोई संदेह नहीं कि आप अपने कारोबार में परेशानियों पर काबू पा लेंगे। लेकिन तैयार रहें, जब भी आपको छोटे-मोटे कार्य या सहायता की जरूरत होगी तो आपको इन्हीं लोगों का भरोसा करना होगा जो आप आपके विरुद्ध चाल चल रहे हैं।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज आप अपने कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाई महसूस कर रहे हैं। एक साथ कई प्रकार के काम हाथ में ले लेने से ऐसा महसूस होना जरूरी भी है। आज का दिन मिश्रित फलकारक है। यदि आप समय के अनुसार चल रहे हैं तो यह भी महसूस कर रहे होंगे कि आपको रिस्क लेने के लिए तैयार रहना होगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
काफी समय के बाद आज आपको अपने व्यक्तिगत जीवन पर सोच-विचार करने की फुर्सत मिलेगी। आपको व्यस्तता के बीच जो समय मिला है उसे पूरा सदुपयोग करें। आगामी दिनों को ध्यान में रखते हुए आपको अपने वस्त्र आभूषण आदि का रखरखाव भी समय पर करवा लेना चाहिए।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज का दिन आपके लिए बहुत व्यस्तता भरा है। आपके लिए ढेर सारे कार्यक्रम तैयार पड़े हैं। एक ओर जहां आपको आगे की जाने वाली यात्रा का बंदोबस्त करना है, वहीं दूसरी ओर अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए संपर्क और गठजोड़ भी करने हैं। लेकिन ध्यान रहे कि संतुलन बनाए रखेंगे तो आपका काम भी खुद ही हो जाएगा।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज के दिन आपको अपने कामकाज के अलावा रोमांस और मन की इच्छाओं का भी ध्यान रखना पड़ेगा। ऐसे में थोड़ा समय अपने लिए निकाल लेना चाहिए। भाग्य की एक रेखा आपके जीवन में खींची जा रही है। कभी-कभी ज्यादा परिश्रम करते-करते जब आप बोर हो जाते हैं तो मनोरंजन में खो जाते हैं।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
अपने जीवन में रचनात्मक कार्य की बजाय प्रेम, रोमांस, भाग्य तथा सौभाग्य को ही आपने ज्यादा महत्व दिया है। यदि इन सबसे पहले रचनात्मक कार्यों में ज्यादा तल्लीन रहते तो आपको अपने परिवार का भी समर्थन मिल जाता। अब हालात ऐसे भी हो सकते हैं कि आपके प्रियजन आपसे खफा हो जाएं।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है। आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर आज के दिन कुछ जरूरी कदम उठाने आवश्यक हैं, इसमें देरी न करें। इस चर्चा के साथ ही आपको अपने नौकर-चाकर या सहयोगीजनों के भुगतान की भी चिन्ता करनी पड़ेगी। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो आप किसी बड़ी समस्या में घिर जाएंगे।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
पिछले कुछ दिनों से आपके जीवन में कई प्रकार के बदलाव और उतार-चढ़ाव आ रहे हैं। आज भी आप अपने मनचले स्वभाव के कारण प्रेम और नफरत के दायरे में घूम रहे हैं। इसी वजह से आपके जीवन में अस्थिरता और पलायन करने की नौबत भी पैदा हो रही है। नफरत से कोई लाभ नहीं, इसे समझ लें।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
रोमांस के मामले में आपके जीवन में नफरत और प्रेम का लेखा जोखा बराबर रहता है। आपमें से कई लोग ऐसे हैं, जिनको इन दिनों अपने गृहस्थ जीवन को संवारने में काफी मेहनत करनी पड़ रही है। कुछ लोग अपने प्रेम संबंधों को विवाह में तब्दील करने की कोशिश भी कर सकते हैं।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज के दिन आप अपने करियर, दाम्पत्य जीवन तथा माता-पिता, संतान और परिवार के सदस्यों पर अधिक केन्द्रित हो सकते हैं। यदि आप नौकरी पेशा हैं तो आपको किसी अच्छे काम का पुरुस्कार भी मिल सकता है। घर में माहौल बहुत शांत है और यह सब आगे चलकर आपके लिए खुशियां ला सकता है।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज आपको अपने मन पर पूरा ही नियंत्रण रखना पड़ेगा। किसी साथी या पड़ोसी के द्वारा कही गई बात पर आप अचानक ही भड़क सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि झगड़ा मोल लेने के बाद सुलह-सफाई करने की भी गुंजाईश रखनी चाहिए। इसलिए आज धैर्य से ही चलने में भलाई है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
बृहस्पति ग्रह की सहायता से आप अपने कार्यक्षेत्र में इस समय अच्छी ख्याति और यश बटोर सकते हैं। ध्यान रखें कि अगर आप गंभीर होकर अपने कार्य में तत्पर हैं तो उन्नति की उच्च सीमा तक भी जा सकते हैं। समय का सहयोग अगर मिलता रहा और आपकी इच्छाशक्ति इसी तरह से कायम रही, तो वह समय भी दूर नहीं, जब सफलता आपके कदम चूमेगी।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 4 |
| 2 | | 9 | | | | 7 | 8 | |
| | 7 | | | 8 | 3 | | | 9 |
| | 2 | 8 | | 6 | 1 | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | 5 | 1 | |
| 4 | | | 1 | 2 | | | 3 | |
| | 6 | 5 | | | | 4 | | 2 |
| 8 | | | | | | | | |

## कल के सुडोकू का जवाब

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 |
| 4 | 2 | 5 | 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 5 | 6 | 2 | 8 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 2 | 1 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 | 3 | 2 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 6 | 2 |

## TELEVISION

big magic




09:00 बबलू डबलू
10:00 बंदबुध बुड़बक
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30 भ से भड़े
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मौहब्बत हैपी लकी
18:30 रुद्र के रक्षक
21:00 चीख

## कल का पंचांग
(बुधवार, 03 जून 2026)

राष्ट्रीय मिति ज्येष्ठ 13, शक संवत 1948 द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्णा, तृतीया, बुधवार, विक्रम संवत 2083। सौर ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 20, जिल्हिजा 16, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 03 जून 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, ग्रीष्म ऋतुः। राहुकाल मध्याह्न 12 बजे से 01 बजकर 30 मिनट तक। तृतीया तिथि रात्रि 09 बजकर 22 मिनट तक उपरांत चतुर्थी तिथि का आरंभ। पूर्वाषाढ़ नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 01 बजे तक उपरांत उत्तराषाढ़ नक्षत्र का आरंभ। शुभ योग प्रातः 08 बजकर 12 मिनट तक उपरांत शुक्ल योग का आरंभ। वणिज करण प्रातः 08 बजकर 12 मिनट तक उपरांत बव करण का आरंभ। चन्द्रमा दिन रात धनु राशि पर संचार करेगा।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस साल चन्द्रमा और मंगल आपके वर्ष के स्वामी है। इस साल जून शेष से जुलाई अंत तक का समय आप जैसे कर्मठ विद्वान पुरुषार्थी महानुभावों के लिए बहुत से शुभ परिणाम देने वाला है। इसी तरह अगस्त का महीना भी अत्यन्त सफलता का सूचक दे रहा है। सितंबर-अक्टूबर में जहां आप अपने शिक्षा के क्षेत्र कारोबार से लाभ पाएंगे, वहीं अपने पराक्रम बुद्धिबल के आधार पर भी प्रसिद्धि प्राप्त करेंगे। नवंबर-दिसंबर में लेखन कार्य और स्वास्थ्य सुधार में रुचि रहेगी। जनवरी से फरवरी 2027 तक महत्वपूर्ण रचनात्मक कार्य पूर्ण होंगे। मार्च का समय आर्थिक दृष्टि से अनुकूल है। अप्रैल का समय महिलाओं को दांपत्य कष्टकारक है। मई से जून मध्य तक आपका मौलिक पक्ष सुदृढ़ होगा। विद्यार्थियों को इस वर्ष परिश्रम के बाद विशेष सफलता सूचक है।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 06-01-2026 22:49 Color:



## NBT आज का इतिहास

### जब राज कपूर ने ली अंतिम सांस

भारतीय सिनेमा के शोमैन राज कपूर ने 11 साल की उम्र में बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की और बाद में आवारा और श्री 420 जैसी फिल्मों से दुनियाभर में पहचान बनाई। 1948 में आग से निर्माता-निर्देशक बने। उन्हें 1971 में पद्म भूषण और 1987 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आज ही के दिन दिल्ली में 1988 में राज कपूर का निधन हो गया था।

# NBT



## NBT वायरल न्यूज़

### महिलाएं अंगारों से काट रहीं बाल

अफ्रीका के एक गांव का विडियो वायरल है, जहां महिलाएं कैंची-ट्रिमर की जगह धधकते मिट्टी या कोयले के टुकड़ों से बाल काटती है। यह अनोखा तरीका वहां की पारंपरिक संस्कृति और पहचान से जुड़ा है।



## SPEED News इंटरनैशनल

### रूस के टैंकर को बैन का उल्लंघन करने के



आरोप में फ्रांस ने अटलांटिक महासागर में जब्त कर लिया। रूस ने इसे अवैध और आतंकवाद' की श्रेणी में बताया है।



### इस्राइल बोला, पश्चिम एशिया में स्थिरता और

समृद्धि लाने में भारत की बड़ी भूमिका हो सकती है। इस्राइल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि भारत इस्राइल के लिए अहम है।

### केन्या की राजधानी नैरोबी में महिलाओं



के खिलाफ बढ़ती हिंसा पर मार्च निकाला। प्रदर्शन करने वालों ने राष्ट्रीय संकट घोषित करने की मांग की है।

### कांगो में इबोला का प्रकोप लगातार बढ़




रहा है। अब तक 282 मामलों की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें अधिकांश पूर्वी इतुरी प्रांत में हैं। WHO बोला, हेल्थ वर्कर भी संक्रमित हुए।

# ‘लेबनान पर हमले रुकें, फिर बात’

## ईरान ने अमेरिका के साथ युद्ध विराम पर जारी बातचीत को रोकने का ऐलान किया | ईरान के राष्ट्रपति के इस्तीफे की भी आई खबरें, कहा- सेना कर रही दखलअंदाजी

■ NBT रिपोर्ट

**सीजफायर के** बीच अमेरिका और ईरान ने सोमवार को एक-दूसरे पर हमले किए। वहीं ईरान ने लेबनान और गाजा पर हो रहे इस्राइली हमले को रोकने तक अमेरिका के साथ बातचीत को रोकने का ऐलान कर दिया। इन सबके बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के इस्तीफे के पेशकश की खबर भी आई। ईरान इंटरनैशनल की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने दावा किया कि सरकारी फैसलों में ईरान की सेना IRGC का कंट्रोल बढ़ गया है, इसलिए मेरा पद पर बने रहना सही नहीं है। माना जाता है कि IRGC ईरान के सुप्रीम लीडर की विश्वासपात्र सेना है। तस्नीम की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान और उसके सहयोगी होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह बंद करने और अन्य मोर्चों को एक्टिव करने के ऑप्शन पर भी विचार कर रहे हैं।

**होर्मुज को बंद करने, अन्य मोर्चे एक्टिव करने पर विचार**

हालांकि, संडे गार्डियन की रिपोर्ट में कहा गया कि ईरानी अधिकारियों ने राष्ट्रपति के इस्तीफे के दावे को खारिज कर दिया है और कहा है कि राष्ट्रपति पेजेश्कियन सामान्य रूप से अपने सभी सरकारी कामकाज संभाल रहे हैं।

**कैसे खबर आई कि इस्तीफा दे रहे हैं पेजेशकियन?:** यह दावा सबसे पहले लंदन स्थित मीडिया संस्थान ईरान इंटरनैशनल की एक रिपोर्ट में सामने आया था। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया कि राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के कार्यालय को अपना इस्तीफा भेजा है। राष्ट्रपति ने शिकायत की है कि उन्हें महत्वपूर्ण सरकारी फैसलों से दूर रखा जा रहा है और कई अहम शक्तियां निर्वाचित सरकार से बाहर चली गई हैं।

File



रिपोर्ट में दावा किया गया कि राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने IRGC के सरकारी कामकाज में दखल से नाराज हैं, पर सरकार ने ये खारिज किया।

### इस्तीफे की चर्चा क्यों शुरू हुई?

दावा किया गया कि पेजेश्कियन ने कहा है कि मौजूदा हालात में वह सरकार नही चला पा रहे हैं क्योंकि कई बड़े फैसले निर्वाचित प्रशासन के बाहर हो रहे हैं। वह अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियां ठीक से नही निभा पा रहे हैं, इसलिए पद छोड़ने की अनुमति चाहते हैं।

### क्या IRGC का प्रभाव बढ़ गया है?

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि IRGC ने राजनीतिक और सुरक्षा मामलों में अपनी भूमिका काफी बढ़ा ली है, जिससे सरकार का प्रभाव कम हुआ है। दावा किया गया कि IRGC के कट्टरपंथी धड़ों का महत्वपूर्ण सरकारी मामलों पर नियंत्रण बढ़ गया है।

### ईरानी सरकार ने क्या कहा?

राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि इस्तीफे की खबर पूरी तरह झूठी है और यह मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों के बीच चल रहे मीडिया खेल का हिस्सा है। न्यूज एजेंसी तस्नीम ने भी इन दावों को गलत बताया और कहा कि पेजेश्कियन काम कर रहे हैं।

### बातचीत और युद्ध से जुड़ा है विवाद?

रिपोर्ट में शामिल सूत्रों का दावा है कि हालिया सैन्य तनाव और उसके आर्थिक असर को लेकर सेना और सरकार में मतभेद बढ़े हैं। मुख्य विवाद इस बात को लेकर था कि युद्ध को किस तरह संभाला गया और उसके कारण अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ा।

## UN में मीटिंग से पहले लेबनान पर हमले

■ **एएफपी, बेरूत:** इस्राइल ने सोमवार को ऐलान किया कि वह बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर फिर से हवाई हमले करेगा। यह इलाका हिजबुल्लाह का मजबूत गढ़ माना जाता है और अप्रैल के बाद से यहां बड़े हमले अपेक्षाकृत कम हुए थे। इस बीच इस्राइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में पिछले दो दशकों की सबसे गहरी सैन्य घुसपैठ भी की है। फ्रांस की मांग पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में इस्राइल के इन हमलों पर मीटिंग होनी थी, उससे पहले लेबनान पर कई बड़े हमले हुए।

**साउथ लेबनान में 2 दशक की इस्राइल की बड़ी घुसपैठ**

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंयामिन नेतन्याहू ने कहा कि हिज्बुल्लाह की ओर से संघर्षविराम के उल्लंघन के जवाब में बेरूत के दहियेह इलाके में हिज्बुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। हमलों की चेतावनी के बाद बेरूत में भगदड़ के हालात दिखे।


### आज हो सकता है सीजफायर पर फैसला

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो इस्राइल और लेबनान के बीच युद्धविराम को मजबूत करने की कोशिशों का नेतृत्व कर रहे हैं। लेबनानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मंगलवार को होने वाली इस्राइली और लेबनानी अधिकारियों की वार्ता के बाद किसी नई युद्धविराम पहल की घोषणा हो सकती है। ट्रंप प्रशासन ने दोनों देशों के सामने एक नया प्रस्ताव रखा है, जिसका उद्देश्य हालिया संघर्ष को रोकना और क्षेत्र में तनाव कम करना है। रिपोर्टों के मुताबिक, पिछले रुबियो ने लेबनान के राष्ट्रपति और इस्राइली पीएम से बातचीत भी की।




मार्को रुबियो

AFP



साउथ लेबनान में हिज्बुल्लाह के कई ठिकानों पर इस्राइल ने बम गिराए।




आरसीबी ने लगातार आईपीएल ट्रॉफियाँ जीतीं!

## बिना बाधा समुद्री आवाजाही पर भारत-ऑस्ट्रेलिया का ज़ोर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पश्चिम एशिया** संकट और इंडो-पैसिफिक में बढ़ती चुनौतियों के बीच भारत-ऑस्ट्रेलिया ने समुद्री आवाजाही की स्वतंत्रता पर जोर दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को समुद्री और हवाई मार्गों पर बिना बाधा आवाजाही और बिना किसी रुकावट के समुद्री व्यापार के महत्व पर जोर दिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के बीच हुई बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों मंत्रियों ने मुक्त, खुले, शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय साझेदार देशों के साथ सहयोग बढ़ाने की अहमियत पर भी बात की। उन्होंने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डिफेंस इंडस्ट्री में सहयोग और साझेदारी के रणनीतिक महत्व पर भी जोर दिया और इस क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने की जरूरत बताई।

**दोनों मंत्रियों ने इंडो पैसिफिक क्षेत्र पर भी की बातचीत**

बैठक के बाद राजनाथ सिंह और रिचर्ड मार्ल्स ने घोषणा की कि दोनों देश रक्षा सामग्री और रक्षा सेवाओं की आपूर्ति से संबंधित एक समझौता ज्ञापन तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय समुद्री सुरक्षा सहयोग में हुई प्रगति और संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप को अंतिम रूप देने के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की।

AP



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री ने की चर्चा

## मेटा के AI सिस्टम की वजह से कई लोग फंसे

# इंस्टाग्राम पर अकाउंट ब्लॉक का दौर, कहीं आपका नंबर तो नहीं

AI Image




Pradeep.Tiwari
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अगर आपका इंस्टाग्राम अकाउंट बिना किसी अलर्ट के अचानक बंद हो गया, तो आप अकेले नहीं हैं। दुनियाभर में हजारों यूजर्स ने शिकायत की है कि उनके अकाउंट्स को मेटा ने सस्पेंड या ब्लॉक कर दिया है, जबकि उन्होंने कोई नियम नहीं तोड़ा था। लोगों को अकाउंट बंद होने से पहले कोई चेतावनी या अलर्ट भी नहीं मिला।

असल में, मेटा इन दिनों फेसबुक और इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट्स, स्पैम और बॉट्स के खिलाफ बड़ा अभियान चला रहा है। इसके लिए कंपनी अपने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) सिस्टम का इस्तेमाल कर रही है। यह सिस्टम उन अकाउंट्स की पहचान करता है जो संदिग्ध गतिविधियां करते हैं, जैसे बहुत ज्यादा मेसेज भेजना, एक जैसे कमेंट करना या थर्ड पार्टी ऑटोमेशन टूल्स का इस्तेमाल करना। ऑटोमेशन का मतलब है किसी काम को बार-बार इंसान के बजाय मशीन, सॉफ्टवेयर या सिस्टम से अपने आप करवाना। समस्या यह है कि AI कई बार गलती भी कर रहा है। ऐसे कई यूजर्स के अकाउंट भी बंद हो गए हैं जो सामान्य तरीके से इंस्टाग्राम चला रहे थे। एक्सपर्ट मान रहे हैं कि कम समय में बहुत ज्यादा लोगों को फॉलो या अनफॉलो करने वाले भी इस सिस्टम के निशाने पर आ रहे हैं।

**लोगों को अकाउंट बंद होने का अलर्ट भी नहीं दिया**

**क्या सभी ऑटोमेशन टूल्स गलत हैं?:** ऐसा बिल्कुल नहीं है। मेटा पूरी तरह ऑटोमेशन के खिलाफ नहीं है। कंपनी ने डिवेलपर्स और बिजनेस यूजर्स के लिए Meta Graph API नाम का आधिकारिक सिस्टम उपलब्ध कराया है। इसके जरिए कुछ गतिविधियों को सुरक्षित और नियमों के दायरे में रहकर ऑटोमेट किया जा सकता है।

### 7 सलाह, जिससे सेफ रहेगा अकाउंट

- 1. इंस्टाग्राम पर तेजी से ग्रो करने वाले पुराने शॉर्टकट्स को भूल जाएं।
- 2. सिर्फ आधिकारिक और Meta Graph API बेस्ड टूल्स का ही इस्तेमाल करें। किसी भी ऐसे प्लैटफॉर्म से दूरी बनाएं जो अकाउंट का पासवर्ड मांगता हो।
- 3. हर व्यक्ति को एक जैसा मेसेज भेजना स्पैम जैसा दिखाई दे सकता है।
- 4. यूजर के कमेंट पर ही लिंक भेजने से बचें। पहले सामान्य बातचीत होने दें और जरूरत पड़ने पर ही लिंक शेयर करें।
- 5. इंस्टाग्राम के Account Status सेक्शन को रोज देखें। कॉपीराइट, कम्युनिटी गाइडलाइंस या किसी दूसरी चेतावनी को नजरअंदाज न करें।
- 6. फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए किसी मैजिकल फार्मूले या शॉर्टकट पर भरोसा न करें। क्वॉलिटी कंटेंट, रेगुलर पोस्टिंग और यूजर्स के साथ रियल बातचीत ही सुरक्षित रखेगी।
- 7. कुछ ही वक्त में बहुत ज्यादा लोगों को फॉलो-अनफॉलो न करें।

मेटा का AI सिस्टम स्पैम, फेक अकाउंट्स और साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए लाया गया, इसकी जद में कई सामान्य अकाउंट भी आ रहे। कुछ ही वक्त में ज्यादा लोगों को फॉलो-अनफॉलो न करें, थर्ड पार्टी टूल्स से दूर रहे।
*-कुलवंत नागी, सोशल मीडिया कंटेंट स्पेशलिस्ट*



# मलयेशिया ने बच्चों के लिए बैन किया सोशल मीडिया का इस्तेमाल

■ एपी, कुआलालंपुर

**मलयेशिया ने** सोमवार से 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट इस्तेमाल करने पर रोक लागू कर दी। इस कदम के साथ मलयेशिया उन देशों की सूची में शामिल हो गया है जो बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सोशल मीडिया पर उम्र से जुड़े प्रतिबंध लागू कर रहे हैं। नए नियमों के तहत फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे ऐसे प्लैटफॉर्म को आयु सत्यापन प्रणाली लागू करनी होगी और 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नए अकाउंट बनाने से रोकना होगा। मलयेशिया के संचार एवं मल्टीमीडिया आयोग के अनुसार मौजूदा यूजर्स की आयु सत्यापन प्रक्रिया अगले 6 महीनों में चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी।

**16 साल से कम उम्र वालों पर यह नियम लागू होगा**

जिन यूजर्स की उम्र 16 वर्ष से कम पाई जाएगी, उन्हें अपने फोटो, विडियो और अन्य डेटा डाउनलोड या ट्रांसफर करने के लिए एक महीने का वक्त दिया जाएगा।

AI Image



### डेनमार्क की पीएम ने स्मोकिंग से की तुलना

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेट फ्रेडरिक्सन (Mette Frederiksen) अपने एक बयान को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने कहा था कि अगर उनके छोटे बच्चे होते, तो वे उन्हें सोशल मीडिया इस्तेमाल करने देने की बजाय स्मोकिंग कराना पसंद करतीं। उनके इस बयान पर सोशल मीडिया पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आईं।



# 11-12 जून को दिल्ली में जुटेंगे BRICS देशों के नेता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत** 11 और 12 जून को नई दिल्ली में 13वें ब्रिक्स अर्बनाइजेशन फोरम की मेजबानी करेगा। सोमवार को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'ह्यूमैनिटी फर्स्ट' विज़न के तहत भारत चेयरशिप करेगा। जिसकी थीम 'बिल्डिंग फॉर रेसिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' है। अर्बनाइज़ेशन फोरम भारत के चेयरमैनशिप कैलेंडर में एक अहम मिनिस्टीरियल इवेंट है, जो सीधे BRICS लीडर्स समिट प्रोसेस में शामिल होता है। BRICS में 11 देश शामिल हैं। ये देश दुनिया की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत चौथी बार होस्ट कर रहा है। ब्रिक्स देशों के डेलीगेट्स को काशी दिखाएगा भारत की सांस्कृतिक शक्ति। सोमवार को संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने बताया कि कल्चर वर्किंग ग्रुप मीटिंग का आयोजन 4 और 5 जून को वाराणसी में होगा। दो दिवसीय सम्मेलन में ब्रिक्स के सभी 11 सदस्य देशों के मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, पॉलिसी मेकर्स, शहरी एक्सपर्ट और पेशेवरों को आमंत्रित किया गया है।

**केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कार्यक्रम के बारे में बताया**



## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

**रोज़ की खबरों पर कितनी पैनी नज़र है, आज़माएं**

1 RCB अब तक IPL की ट्रॉफी कितनी बार जीत चुकी है?
A. 2 B. 3 C. 5

2 दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संगठन BRICS में अभी कितने देश हैं?
A. 6 B. 5 C. 11

3 ईरान के राष्ट्रपति के इस्तीफे की खबरें सामने आई, उनका क्या नाम है?
A. मसूद पेजेश्कियन
B. बागेर गालीबाफ
C. अहमद वाहिदी

4 फैमिली हेल्थ सर्वे की इस साल की रिपोर्ट में कितने पर्सेंट डिलिवरी सिजेरियन ऑपरेशन से हुई?
A. 30.1% B. 21.5% C. 27.2%

5 ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री का क्या नाम है?
A. सुसान ले
B. रिचर्ड मार्ल्स
C. पेनी वोंग

**कल के जवाब**
1 B. ओमान 2 A. एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन 3 C. तमिलनाडु 4 B. 3 5 C. चमोली

**लकी विनर्स**



1. राजिंदर नाथ अरोड़ा, नई दिल्ली
2. सुरेश यादव, गाजियाबाद
3. राजीव श्रीवास्तव, लखनऊ

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## 5वीं बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बना भारत: रिपोर्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत अब दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया है, जबकि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) अपनाने के मामले में चौथे स्थान पर है। जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान और कनाडा जैसे कई विकसित देशों को भारत ने इस मामले में पीछे छोड़ा है। यह जानकारी इकॉनमिक रिसर्च संस्था ICRIER की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के कुल AI यूजर्स में करीब 26% भारतीय हैं।

**AI अपनाने के मामले में चौथे स्थान पर पहुंचा: रिपोर्ट**

# म्यांमा में शांति और संवाद की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए भारत तैयार : मोदी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत और म्यांमा ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के साथ ही व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, क्षमता निर्माण, सुरक्षा और सीमा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। म्यांमा के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आश्वासन दिया कि म्यांमा की जमीन का इस्तेमाल भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ नहीं होने दिया जाएगा।


नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में सोमवार को हुई विस्तृत वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमा के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने पर सहमति जताई। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि म्यांमा में शांति और संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में भारत हर तरह की मदद को तैयार है।

PTI



म्यांमा के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सोमवार को मुलाकात की। कई मुद्दों पर दोनों नेताओं ने की चर्चा।

## अमरनाथ यात्रा की तैयारियां परखीं



■ **पीटीआई, जम्मू:** अगले महीने शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस साल 57 दिनों की अमरनाथ तीर्थयात्रा 3 जुलाई को दो मार्गों, अनंतनाग और गांदरबल वाले मार्ग से शुरू होगी। यह तीर्थयात्रा श्रावण मास की पूर्णिमा यानी रक्षा बंधन पर 28 अगस्त को समाप्त होगी।

**हेल्थ सर्वे** नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट में मातृत्व सेवाओं की बदली तस्वीर; अस्पतालों में प्रसव बढ़े, सामान्य डिलिवरी की जगह सर्जरी ने ली

# सिजेरियन ऑपरेशन से हो रही देश में हर चौथी डिलिवरी

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** देश में अस्पतालों में बच्चों की डिलिवरी कराने वाली महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसके साथ ही सिजेरियन डिलिवरी यानि ऑपरेशन से डिलिवरी का चलन भी तेजी से बढ़ा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के ताजा आंकड़े बताते हैं कि अब देश में हर चौथे से अधिक बच्चे का जन्म ऑपरेशन के जरिए हो रहा है। खास बात यह है कि निजी अस्पतालों में आधे से ज्यादा प्रसव सर्जरी के माध्यम से हो रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, निजी स्वास्थ्य संस्थानों में 54.1 फीसदी प्रसव सिजेरियन ऑपरेशन से हुए, जबकि इससे पहले हुए फैमिली हेल्थ सर्वे में यह आंकड़ा 47.4 फीसदी था। यानी तीन वर्षों में लगभग सात प्रतिशत अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। विशेषज्ञ लंबे समय से निजी अस्पतालों में बढ़ती सी-सेक्शन दर को लेकर चिंता जताते रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) जहां 10-15 फीसदी सी-सेक्शन दर को पर्याप्त मानता है, वहीं भारत के निजी अस्पतालों में यह दर उससे कई गुना अधिक है।

**सरकारी अस्पतालों में भी बढ़ा ऑपरेशन से प्रसव:** सिर्फ निजी अस्पताल ही नहीं, सरकारी संस्थानों में भी सी-सेक्शन डिलिवरी बढ़ी है। सरकारी अस्पतालों में 16.9 फीसदी प्रसव ऑपरेशन के जरिए हुए, जबकि पिछली रिपोर्ट में यह आंकड़ा 14.3 फीसदी था। हालांकि सरकारी अस्पतालों में यह दर निजी संस्थानों की तुलना में काफी कम है, लेकिन बढ़ोतरी का रुझान यहां भी साफ दिखाई देता है।

AI Image



### देश में सी-सेक्शन डिलिवरी 27% के पार

देश में कुल 27.2 फीसदी प्रसव सिजेरियन ऑपरेशन से हुए, जबकि 2019-21 में यह आंकड़ा 21.5 फीसदी था। इसका मतलब है कि तीन साल में सी-सेक्शन प्रसवों की हिस्सेदारी में करीब छह प्रतिशत अंकों की वृद्धि हुई है। कुछ मामलों में सिजेरियन जीवनरक्षक प्रक्रिया होती है, लेकिन लगातार बढ़ती दरें अनावश्यक चिकित्सकीय हस्तक्षेप को लेकर भी सवाल खड़े करती हैं।

### निजी संस्थानों की ओर बढ़ा रुझान

रिपोर्ट बताती है कि प्रसव के लिए लोगों का रुझान धीरे-धीरे निजी अस्पतालों की ओर बढ़ रहा है। 2023-24 में कुल प्रसवों में से 58.6 फीसदी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में हुए, जबकि पिछली रिपोर्ट में यह हिस्सा 61.9 फीसदी था। यानी सरकारी अस्पतालों की हिस्सेदारी में गिरावट आई है।

# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## ✍ Full Package : All in One Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
(★ Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
(Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

*Special Offer*

**You will Get**

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



## ✍ The Hindu, BL, IE, NIE Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
(★ Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
(Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

*Special Offer*

**You will Get**

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW